रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
# पायनियर
www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 31 जुलाई 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-339 मूल्य 3.00 ₹

# राज्य का सबसे बड़ा बजट वाला वनमण्डल प्रभारी डीएफओ के हवाले


## नई सरकार में पैर जमते ही, श्रीनिवास राव ने फिर शुरु किया प्रभारवाद का खुला खेल

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर/बलरामपुर
www.dailypioneer.com

राज्य का सबसे बड़ा बजट वाला वनमण्डल बलरामपुर प्रभारी डीएफओ के हवाले कर दिया गया है। दरअसल में इस परंपरा के जन्मदाता पूर्व वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर हैं, और परंपरा के खेवनहार उनके सबसे करीबी और विश्वस्थ अफसर वनबल प्रमुख व्ही. श्रीनिवास राव हैं। पूर्व मंत्री अकबर की कुर्सी तो जनता ने छीन ली, लेकिन उनके खेवनहार आज भी कुर्सी में विराजमान हैं, सम्भवतः इसीलिए अकबर के प्रभारवाद की परंपरा सुशासन वाली विष्णु सरकार में भी शुरु कर दी गई है। राज्य में अनुभवी आईएफएस अफसरों की कमी नहीं है, लेकिन अनुभवी अफसरों को छोटे-छोटे वनमण्डल में पदस्त कर खाना पूर्ति कर दी गई और बडे बजट वाले वनमण्डल में प्रभारवाद का खेल फिर शुरु कर दिया गया है। दरअसल में बलरामपुर वनमंडल के डीएफओ विवेकानन्द झा 1 जलुाई 2024 से 30 जून 2025 तक, यानि कि 1 साल की अवधि के लिए अवकाश पर हैं। इस स्थिति में राज्य का सबसे बडा बजट वाला वनमण्डल बलरामपुर, एसडीओ अशोक तिवारी को सौंप दिया गया है। अशोक तिवारी वर्तमान में एसडीओ है, लेकिन उन्हें प्रभारी डीएफओ बना दिया गया है। आश्चर्य की बात यह है कि इस वनमंडल में अशोक तिवारी से सीनियर एसडीओ मौजूद हैं, उसके बाद भी प्रभार अपने मनचाहे अफसर को दिया गया है। कहा तो यह भी जा रहा है कि एसडीओ अशोक तिवारी ने प्रभारी डीएफओ बनने के लिए लंबी कीमत चुकाई है, खैर सच क्या है? यह तो अशोक तिवारी और वनबल प्रमुख व्ही. श्रीनिवास राव ही जानेंगे। लेकिन इस निर्णय के बाद से आईएफएस अफसरों में जमकर नाराजगी दिखाई दे रही है। बहरहाल नई सरकार में पैर जमते ही, वनबल प्रमुख व्ही. श्रीनिवास राव ने फिर से प्रभारवाद का खुला खेल शुरु कर दिया है।

पायनियर
खास








### प्रभारवाद के कारण विभाग की जमकर हुई बदनामी

पूर्व में अकबर और श्रीनिवास राव की प्रभारवाद की यह परंपरा विभाग को कई बार कटघरे में खड़ी कर चुकी है। लेकिन नई सरकार में पैर जमते ही वनबल प्रमुख व्ही. श्रीनिवास ने फिर अपनी यह पुरानी परंपरा शुरु कर दी है। प्रभारी डीएफओ के दौरान ही मरवाही वनमण्डल का मामला विधानसभा तक पहुंच गया था, उस प्रकरण में क्या कार्रवाई हुई इससे राज्य की जनता भली-भांति अवगत है। उस दौरान विभाग में भ्रष्टाचार की खबरें चरम पर थी। प्रभारवाद की इस परंपरा के कारण वर्तमान में भी आशंकाओं से बचा नहीं जा सकता।

### अशोक तिवारी से सीनियर एसडीओ मौजूद उसके बाद जूनियर को प्रभार क्यों?

बलरामपुर वनमण्डल में अशोक तिवारी से सीनियर एसडीओ मौजूद हैं। यहां पर अशोक तिवारी के अलावा दो अन्य एसडीओ अनिल सिंह पैकरा और रविशंकरलाल श्रीवास्तव की पहले से पदस्थापना है। अनिल सिंह पैकरा अशोक तिवारी से सीनियर हैं। पैकरा 2020 बैच के अफसर हैं, जबकि अशोक तिवारी और रविशंकरलाल श्रीवास्तव 2021 बैच के अफसर है। उसके बाद भी यहां के डीएफओ का प्रभार अशोक तिवारी को सौंपा गया है। क्यों सौंपा गया है? फिलहाल इस पर कुछ कहा नहीं जा सकता।

## क्विक न्यूज

### मुर्मु राज्यपालों के सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगी



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु दो और तीन अगस्त को राज्यपालों के सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगी। मुर्मु की अध्यक्षता में होने वाला राज्यपालों का यह पहला सम्मेलन होगा। सम्मेलन में सभी राज्यों के राज्यपाल शामिल होंगे। उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री, कृषि एवं किसान कल्याण, शिक्षा, जनजातीय मामले, सूचना एवं प्रसारण, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन, और युवा मामले तथा खेल मंत्री के साथ साथ नीति आयोग के उपाध्यक्ष, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, प्रधानमंत्री कार्यालय, कैबिनेट सचिवालय, गृह मंत्रालय और विभिन्न मंत्रालयों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी भाग लेंगे।

### शाह ने केरल के मुख्यमंत्री से बात कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया



**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केरल के मुख्यमंत्री पी विजयन से बात कर वायनाड में भूस्खलन के कारण उत्पन्न स्थिति के बारे में जानकारी ली तथा केन्द्र की ओर से उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। गृह मंत्रालय ने बताया कि शाह ने विजयन के साथ टेलीफोन पर बात कर हादसे के बारे में विस्तार से जानकारी ली है। मंत्रालय ने कहा है कि शाह ने केरल के मुख्यमंत्री को संकट की इस घड़ी में केन्द्र सरकार की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

### एक हीं परिवार के तीन लोगों का शव बरामद

**बांका।** बिहार में बांका जिले के नगर थाना क्षेत्र से पुलिस ने तालाब से एक हीं परिवार के तीन लोगों का शव बरामद किया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर विपीन कुमार ने बताया कि कुशाहा गांव के समीप तालाब से एक महिला समेत तीन लोगों का शव बरामद किया गया है। मृतकों की पहचान जनकपुर गांव निवासी संजय यादव की पत्नी मीना देवी (32), पुत्र अजीत कुमार (14) एवं बिट्टू कुमार (11) के रूप में की गयी है। कुमार ने बताया कि मीना देवी का पति कोलकाता में काम करता है। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

## भूस्खलन से 84 लोगों की मौत, दो दिन का राज्यव्यापी शोक घोषित

वार्ता ‹ तिरुवनंतपुरम
www.dailypioneer.com



केरल सरकार ने विनाशकारी भूस्खलन के मद्देनजर दो दिवसीय राज्यव्यापी शोक की घोषणा की। वायनाड में दो स्थानों पर हुए भूस्खलन में मंगलवार शाम तक 84 लोगों की जान चली गई। मुख्य सचिव डॉ. वेणु वी ने एक शोक संदेश में कहा कि वायनाड जिले के चुरलमाला में प्राकृतिक आपदा के मद्देनजर राज्य सरकार ने 30 और 31 जुलाई को आधिकारिक शोक की घोषणा की है। सरकार ने जान-माल के नुकसान पर गहरा दुख व्यक्त किया है। इस विनाशकारी त्रासदी में मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जतायी गयी है। दो दिन के शोक की अवधि के दौरान राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा और सरकार द्वारा निर्धारित सार्वजनिक समारोहों को स्थगित किया गया है।

## वन रैंक वन' पेंशन भुगतान नहीं करना पड़ा भारी, केंद्र पर दो लाख का जुर्माना



**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 'वन रैंक वन' पेंशन योजना के अनुसार सेवानिवृत्त कैप्टन को पेंशन का भुगतान नहीं करने पर केंद्र सरकार की खिंचाई और उस पर दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और आर महादेवन की पीठ ने केंद्र सरकार पर दो लाख रुपये जुर्माने का निर्देश देते हुए कहा कि इस राशि को सेना के कल्याण कोष में जमा किया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने इसके साथ ही भुगतान करने के अंतिम अवसर के तौर पर 14 नवंबर तक का समय सरकार को दिया।

## प्रधानमंत्री ने मनु और सरबजोत को कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी

वार्ता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पेरिस ओलंपिक 2024 में मंगलवार को 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर भारतीय निशानेबाजों मनु भाकर और सरबजोत सिंह को बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, हमारे निशानेबाज हमें गौरवान्वित करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर मनु भाकर और सरबजोत सिंह को बधाई। दोनों ने शानदार कौशल और टीम वर्क दिखाया है। भारत अविश्वसनीय रूप से प्रसन्न है। मनु के लिए यह उनका लगातार दूसरा ओलंपिक पदक है, जो उनकी निरंतर उत्कृष्टता और समर्पण को दर्शाता है। चियर्स फॉर भारत। मोदी ने अपनी पोस्ट के साथ मनु भाकर और सरबजोत सिंह की फोटो भी साझा की।

## छत्तीसगढ़ तेजी से उभरता प्रदेश, विकास को नई ऊंचाइयां देंगे : राज्यपाल रामेन डेका

### मनोनीत राज्यपाल रामेन डेका का छत्तीसगढ़ आगमन पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया आत्मीय स्वागत



### आज दसवें राज्यपाल के रूप में लेंगे शपथ

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश के मनोनीत राज्यपाल रामेन डेका एवं उनकी धर्मपत्नी रानी डेका का कोटी के छत्तीसगढ़ आगमन पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्टेट हेंगर में आत्मीय स्वागत किया। इस मौके पर मनोनीत राज्यपाल डेका ने कहा कि छत्तीसगढ़ विकास के परिदृश्य में तेजी से उभर रहा है। यहां विकास को नये स्तरों पर पहुंचाने हम काम करेंगे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ का राज्यपाल नियुक्त करने के लिए वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को धन्यवाद व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य के बीच फैसिलिटेटर की भूमिका निभाएंगे ताकि प्रदेश का विकास तेजी से हो। उन्होंने कहा कि वे असम और छत्तीसगढ़ के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए भी काम करेंगे। डेका ने कहा कि उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदेश के विकास को लेकर है। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने भी पुष्पगुच्छ भेंटकर राज्यपाल का अभिवादन किया। साथ ही मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों ने भी मनोनीत राज्यपाल का अभिवादन किया। स्टेट हेंगर में मनोनीत राज्यपाल को गार्ड आफ आनर दिया गया।राज्यपाल का स्वागत छत्तीसगढ़ के पारंपरिक नृत्यों सुआ, कर्मा, डंडा और राउत नाचा से किया गया।

### छत्तीसगढ़ में लोगों से बहुत स्नेह मिला



छत्तीसगढ़ के लोगों का मुझे बहुत स्नेह मिला। मुझे लगता है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के क्षमतावान नेतृत्व में छत्तीसगढ़ बहुत तेजी से विकास की राह पर आगे बढ़ेगा। यहां के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बहुत सरल सहज हैं। वे आर्थिक, सामाजिक रूप से पिछड़े लोगों के साथ पूरे छत्तीसगढ़ को आगे ले जाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में मंत्रिमंडल से, बुद्धिजीवियों से और आम जनता से बहुत स्नेह मिला, मैं हमेशा छत्तीसगढ़ के अपने भाइयों-बहनों के साथ खड़ा रहूंगा। इन शब्दों के साथ ही स्टेट हैंगर में हुए विदाई समारोह में जय जगन्नाथ तथा जय जोहार का संबोधन कर निवर्तमान राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने छत्तीसगढ़ के निवासियों को भावुक विदाई दी।

### विभिन्न विकसित राज्यों की तुलना में भी छत्तीसगढ़ में सस्ती बिजली

## उच्चदाब स्टील उद्योगों को मिल रही है 713 करोड़ रूपये की बड़ी छूट

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा प्रत्येक वर्ग के विद्युत उपभोक्ताओं के लिए जो पुनरीक्षित विद्युत दरें घोषित की गई है उनमें खपत के आधार पर ऊर्जा प्रभार में की गई वृद्धि के बावजूद टैरिफ में लोड फैक्टर पर मिलने वाली छूट के द्वारा 713 करोड़ रूपये की छूट उच्चदाब स्टील उद्योगों को दी जा रही है। यह छूट अन्य किसी भी वर्ग के उपभोक्ता को नहीं मिलती है। नियामक आयोग द्वारा लोड फैक्टर पर मिलने वाली अधिकतम छूट (पॉवर फैक्टर इन्सेन्टिव) को 25 प्रतिशत से घटा कर 10 प्रतिशत किया गया है। उल्लेखनीय है कि लोड फैक्टर पर मिलने वाली छूट को अज्ञात कारणों से, आश्चर्यजनक रूप से बढ़ाया गया था। इस परिस्थिति में भी छत्तीसगढ़ में उच्चदाब स्टील उद्योगों को विकसित सामाजिक-आर्थिक भौगोलिक अधोसंरचना वाले ताप विद्युत उत्पादक अन्य राज्यों की तुलना में काफी रियायती दरों पर ही विद्युत आपूर्ति की जा रही है। नियामक आयोग ने इस छूट को 25 प्रतिशत से घटा कर 10 प्रतिशत कर दिया है जो वर्ष 2021-22 के पूर्व 8 प्रतिशत थी इस तरह वर्तमान छूट भी 2 प्रतिशत अधिक ही रखी गई है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अधिकृत सूत्रों के अनुसार, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा 01 जून 2024 को वर्ष 2024-25 के लिए विद्युत आपूर्ति की नये दरों की घोषणा की गई है। जिसमें उच्चदाब स्टील उद्योगों के प्रति यूनिट ऊर्जा प्रभार में मात्र 25 पैसे (4.10 प्रतिशत) की वृद्धि कर 1 जून 2024 से प्रति यूनिट ऊर्जा प्रभार 6.35 रूपये निर्धारित किया गया है एवं लोड फैक्टर पर मिलने वाली अधिकतम छूट को 25 प्रतिशत से घटा कर 10 प्रतिशत किया गया है, जो 4 वर्ष पूर्व अचानक, आश्चर्यजनक तथा अज्ञात कारणों से 8 प्रतिशत से बढ़ा कर 25 प्रतिशत कर दी गई थी। नियामक आयोग द्वारा छूट की दर 10 प्रतिशत करने की कार्यवाही इसलिए की गई ताकि अन्य श्रेणी के तथा सामाजिक-आर्थिक रूप से प्राथमिकता वाले विद्युत उपभोक्ताओं पर कम भार पड़े। पूर्व में वर्ष 2021-22 में टैरिफ आदेश जारी करते समय लोड फैक्टर छूट, अधिकतम 8 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत कर दिया गया था, जबकि पॉवर कंपनी द्वारा इस प्रकार का कोई भी प्रस्ताव नियामक आयोग को नहीं भेजा गया था। आयोग द्वारा विगत वर्षों की वास्तविक खपत को आधार मानते हुए, उच्चदाब स्टील उद्योगों की इस वर्ष की अनुमानित खपत 11,237 मिलियन यूनिट का आकलन किया है। इस खपत के आधार पर ऊर्जा प्रभार में की गई वृद्धि के बावजूद भी टैरिफ में लोड फैक्टर पर मिलने वाले छूट के द्वारा रू. 713 करोड़ की छूट टैरिफ के माध्यम से स्टील उद्योगों को प्राप्त हो रही है। इसके अतिरिक्त उच्चतम दाब की अवधि, जो कि प्रतिदिन पहले 6 घंटे थी, उसको भी टैरिफ में 8 घंटे कर दिया गया है, जिसमें स्टील उद्योगों को 80 प्रतिशत ही बिलिंग होगी। स्टील उद्योगो के टैरिफ का विगत वर्ष 2017-18 से तुलना करते है तो माग प्रभार में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं की गई है। ऊर्जा प्रभार के दर में भी 6 रूपये प्रति यूनिट से बढ़कर 6.35 रूपये प्रति यूनिट की गई है, जो कि मात्र 35 पैसे प्रति यूनिट (5.83 प्रतिशत) की वृद्धि विगत सात वर्षों में हुई है। उदाहरण के लिए, छत्तीसगढ़ में जब यह राशि मात्र 6.35 रूपये है तब महाराष्ट्र में 8.36 रूपये, तेलंगाना में 8.10 रूपये तथा मध्यप्रदेश में 7.15 रूपये है।



# लाड़ली बहना की हितग्राही महिलाओं को 450 रुपए में गैस सिलेंडर: सीएम यादव

पायनियर संवाददाता ➤ भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि सरकार द्वारा जनहितैषी कोई योजना बंद नहीं की जाएगी और प्रदेश की 40 लाख लाड़ली बहनों को 450 रुपए में गैस सिलेंडर देने की घोषणा पूरी होगी। डॉ यादव ने अपने बयान में कहा कि सरकार के द्वारा जनहितैषी कोई योजना बंद नहीं की जाएगी, बल्कि योजनाओं की समीक्षा करके और उसमें जनता का हित कैसे बढ़े उस दिशा में काम करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने सभी विभाग के मंत्रियों और प्रमुख सचिवों से कहा है कि सारी योजनाओं की समीक्षा करें और जनता के हित की और योजना जो चालू कर सकते है, वो प्रत्येक योजना चालू करें, ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग को मिले। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि रक्षाबंधन का पर्व आने वाला है, ऐसे में 'लाड़ली बहनें' जिनके पास उज्वला योजना का गैस कनेक्शन है, जिनकी प्रदेश में संख्या लगभग 40 लाख के आसपास है। उन सभी हितग्राही बहनों को सरकार अपने वित्तीय संसाधन से 450 रुपए में गैस सिलेंडर देने की घोषणा पूरी करेगी। इस संबंध में सब्सिडी देने की जो घोषणा पहले से की गई थी, उसे पूरी करने की दिशा में आज कैबिनेट के माध्यम से मद बनाकर उसे स्वीकृति प्रदान की है।

## 28 अगस्त को ग्वालियर में होगा रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव: यादव

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश का अगला रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव ग्वालियर में 28 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। डॉ यादव मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले मंत्रीगण को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने मंत्री, सांसद एवं विधायक सहित सभी जनप्रतिनिधियों से अपने-अपने क्षेत्र में लाड़ली बहनों के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाने का आह्वान भी किया। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में निवेश और औद्योगिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए स्थानीय परिस्थिति और आवश्यकतानुसार कार्य किया जाए। परंपरागत उद्योग, धंधे और व्यापार व्यवसाय में लगे लोगों को भी अपनी गतिविधियों के विस्तार के लिए प्रोत्साहित किया जाए। सभी जिलों में निवेश और औद्योगिक गतिविधियों को समान रूप से बढ़ाया जाए। मुख्यमंत्री ने मंत्रि-परिषद से चर्चा में कहा कि नई दिल्ली में हुई नीति आयोग की बैठक में मध्यप्रदेश का प्रस्तुतिकरण प्रभावी रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगामी 5 वर्ष में भारत को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने और वर्ष 2047 के अमृत काल के लक्ष्य पर विस्तार से चर्चा हुई।



प्रसन्नता का विषय है कि इनके लिए राज्य सरकार द्वारा निर्धारित किया गया रोड मैप, राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप है। डॉ यादव ने बताया कि सीएम कॉन्क्लेव में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जन-कल्याणकारी कार्यक्रमों के सफलतापूर्वक संचालन एवं क्रियान्वयन में प्रत्येक हितग्राही से संवाद और संपर्क स्थापित करने की बात कही है। प्रदेश में जिला, तहसील, जनपद, ग्राम पंचायत, पंचायत और ग्राम स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। नई दिल्ली की बैठक में पानी के प्रभावी उपयोग के लिए नदी ग्रिड अर्थात नदी को नदी से जोड़ने की दिशा में लगातार कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने नदी जोड़ो अभियान के लिए मध्यप्रदेश में जारी गतिविधियों की प्रशंसा की। उन्होंने नीति आयोग की बैठक में हुई चर्चा के संदर्भ में बताया कि राज्य में निवेश के लिए वातावरण बनाने के साथ ही राज्य के लिए निर्धारित लक्ष्य को जिलों में विभाजित करते हुए जिला स्तरीय विजन डॉक्यूमेंट बनाए जाएं और उनका क्रियान्वयन सुनिश्चित हो। युवाओं के कौशल उन्नयन और उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयास किए जाएं। गरीबी को शून्य रेखा में परिवर्तित करने, कृषि उत्पादकता बढ़ाने, कृषि विविधीकरण, किसानों के बाजार से संपर्क को प्रोत्साहित करने और प्राकृतिक खेती बढ़ाने पर भी नीति आयोग की बैठक में चर्चा हुई। डॉ यादव ने कहा कि मंत्री अपने विभाग में संचालित विकास और जन-कल्याण की योजनाओं तथा अन्य कार्यों, निर्धारित लक्ष्यों तथा वर्तमान स्थिति की नियमित समीक्षा करें। साथ ही कानून-व्यवस्था, सुशासन और निवेश व औद्योगिक क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों तथा आने वाले कठिनाइयों के निराकरण के उपायों के संबंध में भी स्थानीय स्तर पर समीक्षा की जाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों को विकास और जन-कल्याण की गतिविधियों का लाभ बिना किसी परेशानी के उपलब्ध कराना हमारा लक्ष्य है।

# वायनाड भूस्खलन से सबक लें, अवैध खनिज खनन को रोका जाये: पीएमके

एजेंसी ➤ चेन्नई
www.dailypioneer.com



पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) पार्टी ने मंगलवार को केरल के वायनाड जिले में दो स्थानों पर हुए भूस्खलन में जनहानि पर शोक व्यक्त किया और कहा कि तमिलनाडु सरकार को इससे सबक लेना चाहिए और राज्य के पश्चिमी हिस्सों के घाट क्षेत्र में अवैध खनिज खनन को रोकने के लिए कड़ा कदम उठाना चाहिए। पीएमके अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद डॉ. अंबुमणि रामदास ने आज यहां एक बयान में कहा कि राज्य के 1.60 लाख वर्ग किलोमीटर का पश्चिमी घाट जो तमिलनाडु से शुरू होता है और गुजरात तक फैला है, प्रकृति द्वारा हमें दिया गया एक बड़ा उपहार है। पश्चिमी घाट की सुरक्षा में विफलता के कारण वायनाड और अन्य क्षेत्रों में भूस्खलन हुआ है। डॉ. रामदास ने सरकार पर तमिलनाडु में पश्चिमी घाट क्षेत्रों को लूटने का आरोप लगाया है और कहा कि सरकार को ''अवैध खनन को रोकने के लिए कदम उठाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि वायनाड में भूस्खलन की घटना बेहद दुखद और चिंताजनक है। भूस्खलन में 60 से अधिक लोग मारे गए और मरने वालों की संख्या के बढ़ने का अनुमान है। डॉ. रामदास ने केरल और केंद्र सरकार से भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में हर संभव सहायता प्रदान करने का आग्रह करते हुए कहा कि अगर जरूरत पड़े तो केंद्र को बचाव और राहत कार्यों के लिए सेना तैनात करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र को प्रभावित क्षेत्रों में राहत, बचाव और पुनर्वास कार्यों के लिए हरसंभीव सभी तरह की सहायता प्रदान करनी चाहिए।

# आगामी धान की फसल के भंडारण के लिए गोदाम खाली किए जाएं: कौर

एजेंसी ➤ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

शिरोमणि अकाली दल की वरिष्ठ नेता और बठिंडा से सांसद हरसिमरत कौर बादल ने पंजाब में पिछले साल के चावल के भंडारण वाले गोदामों को तत्काल खाली करने की मांग की है और इसके अलावा मिलिंग पालिसी को तर्कसंगत बनाने की मांग की ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि शैलर मालिकों को नुकसान का सामना न करना पड़े। संसद में शून्यकाल के दौरान इस मुददे को उठाते हुए बठिंडा सांसद ने कहा कि 2023-24 सीजन का चावल अभी भी गोदामों में पड़ा हुआ है, क्योंकि भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) द्वारा आवश्यक रेकों की व्यवस्था करके इसे राज्य से बाहर नही भेज पाया है। उन्होने गोदामों से चावल को तत्काल स्थानांतरित करने की मांग की, ताकि आगामी दो महीनों में काटी जाने वाली धान की फसल के भंडारण के लिए जगह बनाई जा सके। बादल ने कहा कि इसके लिए आम आदमी पार्टी सरकार की दोषपूर्ण नीतियां जिम्मेदार हैं। उन्होने कहा कि धान की मिलिंग जो नवंबर में शुरू होनी थी, वह जनवरी में शुरू हो पाई, क्योंकि सरकार फोर्टिफाइड चावल कर्नेल निर्माताओं का चयन करने में नाकाम रही है। उन्होने कहा कि धान की मिलिंग की अंतिम तिथि 31 जुलाई थी, लेकिन अभी तक 15 लाख टन की डिलीवरी होनी बाकी होने के कारण उन्होने इसकी डिलीवरी की तारीख एक महीने से 31 अगस्त तक करने की अपील की है। बादल ने कहा कि धान की शुरूआती किस्मों से तैयार चावल मिलिंग किस्मों से कम है। उन्होने कहा कि शुरूआती किस्मों से औसत मिलिंग अनुपात 62 किलोग्राम प्रति क्विंटल है, जो एफसीआई द्वारा स्वीकृत 67 किलोग्राम अनुपात से बेहद कम है।

उन्होने इस अनुपात को फिर से निर्धारित करने की अपील की ताकि मिल मालिकों को नुकसान न होना सुनिश्चित किया जा सके। सांसद ने यह भी बताया कि मिलिंग दरों में भी कमी की गई है।

# बम की सूचना मिलने पर कोठी एक्सप्रेस को कासू बेगू स्टेशन पर रोका

वार्ता ➤ फिरोजपुर
www.dailypioneer.com

जम्मू से राजस्थान के जोधपुर जा रही कोठी एक्सप्रेस ट्रेन को फिरोजपुर के थाना कुलगड़ी क्षेत्र के अंतर्गत कासू बेगू स्टेशन पर उस समय रोक दिया गया जब अधिकारियों को एक फोन कॉल आया जिसमें ट्रेन में बम होने की धमकी दी गई थी। जम्मू तवी-भगत की कोठी एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 19926) में फिरोजपुर में बम की धमकी की सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल सहित सुरक्षा बलों ने तुरंत कार्रवाई की। धमकी की सूचना रेल मदद ऐप के माध्यम से दी गई, जिसके लिए पश्चिम बंगाल में पंजीकृत मोबाइल नंबर का इस्तेमाल किया गया। यह ऐप यात्रियों को शिकायत दर्ज करने और वास्तविक समय में उन शिकायतों की स्थिति को ट्रैक करने की सुविधा देता है। एहतियात के तौर पर ट्रेन को फिरोजपुर से करीब 10 किलोमीटर दूर कासू बेगू स्टेशन पर रोक दिया गया है। यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है और तलाशी अभियान जारी है। बम निरोधक दस्ते, अग्निशमन विभाग और चिकित्साकर्मी घटनास्थल पर हैं तथा सभी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक जांच कर रहे हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने कहा है कि स्थिति नियंत्रण में है तथा सभी आवश्यक उपाय किए जा रहे हैं। आरपीएफ कंट्रोल को सूचना मिली थी कि ट्रेन में बम है। इस सूचना के आधार पर ट्रेन को तत्काल प्रभाव से सुबह 07:42 बजे कासू बेगू रेलवे स्टेशन पर रोका गया। सूचना मिलने के बाद आरपीएफ, जीआरपी, सिविल पुलिस, फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस को तुरंत सूचित किया गया। मौके पर मौजूद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) सौम्या मिश्रा ने बताया कि तीन बम निरोधक दस्ते पहुंच रहे हैं। बीएसएफ व पंजाब पुलिस के डॉग स्क्वाइड टीम जांच में जुटी हुई है। यात्रियों को ट्रेन से उतारकर वहां पर उन्हें सुरक्षित स्थान पर रोक दिया गया है। उन्होने बताया कि सभी यात्रियों का सामान ट्रेन के अंदर ही है। ट्रेन में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं। उनके खान-पान की व्यवस्था की गई है। ट्रेन की पूरी चेकिंग के बाद जब सिक्योरिटी एजेंसियां क्लीन चिट देंगी, उसके बाद ही ट्रेन आगे के लिए रवाना की जाएगी। कासू बेगू रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए लंगर शुरू कर दिया गया है। दो रेल गाड़ियां डाइवर्ट की गई है जबकि दो रेलगाड़ियां का रूट कम कर दिया गया है। फिरोजपुर रेलवे स्टेशन पर हेल्प डेस्क स्थापित कर दिया गया है। हेल्प डेस्क के अधिकारियों के नाम और मोबाइल नंबर भी जारी कर दिए गए हैं ताकि कोई भी किसी भी तरह की इंक्वारी इन नंबरों पर कर सकता है। बम होने की सूचना मिलने पर रेलवे विभाग की ओर से दो ट्रेनों के रूट डायवर्ट कर दिए गए हैं। रेलवे विभाग की ओर से जारी सूचना के मुताबिक गांधीनगर कैपिटल से जम्मू जाने वाली गाड़ी संख्या नंबर 19223 को डायवर्ट किया गया। साथ ही सेवनी से फिरोजपुर कैंट को जाने वाली गाड़ी संख्या नंबर 14623 को कोटकपूरा से वाया मुक्तसर साहिब, फाजिल्का, जलालाबाद से फिरोजपुर कैंट की तरफ डायवर्ट किया गया है।

# बरेली में सिरविहीन मासूम का शव मिलने से सनसनी

**बरेली।** उत्तर प्रदेश में बरेली जिले के फरीदपुर क्षेत्र में छह साल की मासूम बच्ची का सिरविहीन शव मंगलवार को रेल पटरियों के किनारे झाड़ियों में पड़ा मिला। पितांबरपुर रेलवे स्टेशन पास झाड़ियों में बच्ची का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बच्ची का धड़ और सिर अलग था। बच्ची के शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मानुष पारीक ने कहा कि बच्ची का सात से आठ दिन पुराना शव मिला है। लग रहा है कि बच्ची की मौत ट्रेन से कटकर हुई होगी। या किसी जानवर ने मृत बच्ची का शव खींचा हो, जिससे उसकी गर्दन धड़ से अलग हुई हो।

# आम चुनाव: दिवंगत कर्मचारी के परिजनों को 15 लाख रुपए की अनुग्रह राशि सौंपी

**जालंधर।** पंजाब में जालंधर के उपायुक्त व जिला चुनाव अधिकारी डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने जूनियर असिस्टेंट सुरिंदर कुमार के परिवार को 15 लाख रुपए की अनुग्रह राशि का स्वीकृति पत्र सौंपा, जिनका 2024 के लोकसभा चुनाव में ड्यूटी के दौरान निधन हुआ था। डॉ अग्रवाल ने बताया कि अनुग्रह राशि सीधे मृतक कर्मचारी की पत्नी के बैंक खाते में ट्रांसफर कर दी गई है। उन्होने मृतक कर्मचारी के घर जाकर उनकी पत्नी रीना रानी और उनकी मां को सांत्वना दी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जिला प्रशासन सुरिंदर कुमार की सेवाओं को याद करते हुए परिवार को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उल्लेखनीय है कि लोक निर्माण विभाग (बीएंडआर) प्रांतीय डिवीजन जालंधर कैंट के कर्मचारी सुरिंदर कुमार का लोकसभा चुनाव के दौरान निधन हो गया था। जिला प्रशासन ने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार सुरिंदर कुमार के परिवार को अनुग्रह राशि प्रदान करने की प्रक्रिया तुरंत शुरू की, जिसके परिणामस्वरूप मृतक कर्मचारी के कानूनी उत्तराधिकारियों को 15 लाख रुपये की राशि मंजूर की गई।

# राजसमंद जिले में निर्माणाधीन सामुदायिक केंद्र की छत गिरने से चार श्रमिकों की मौत, नौ घायल

वार्ता ➤ जयपुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान में राजसमंद जिले के खमनोर थाना क्षेत्र के टिमेला गांव में निर्माणाधीन सामुदायिक भवन की छत गिरने पर मलबे दबने से चार श्रमिकों की मौत हो गई तथा नौ घायल हो गए। राज्य आपदा प्रतिसाद बल (एसडीआरएफ) के कमांडेंट राजेंद्र कुमार सिसोदिया ने बताया कि खमनोर थाना इलाके में चिकलवास क्षेत्र के टिमेला गांव में तीन दिन पहले ही डाली गई मेघवाल समाज के निर्माणाधीन सामुदायिक भवन की छत सोमवार रात अचानक भरभराकर गिर गई। जिसके मलबे में 13 श्रमिक दब गए। घटनास्थल पर स्थानीय प्रशासन एवं सिविल डिफेंस की टीम द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया लेकिन शीघ्र कोई सफलता नहीं पाई। सिसोदिया ने बताया कि इसके बाद एसडीआरएफ को सूचना मिलने पर एफ कंपनी जोधपुर की राजसमंद में तैनात रेस्क्यू टीम के प्रभारी हैड कांस्टेबल सुखाराम एवं 10 जवानों की टीम को आपदा राहत उपकरणों के साथ मौके पर भेजा गया और टीम देर रात करीब सवा बारह बजे घटनास्थल पर पहुंची और सबसे पहले हेल सर्च तकनीक का उपयोग करते हुए अभियान शुरु किया गया।

# एक व्यक्ति से हुई लूट की घटना में शामिल दो अपराधी गिरफ्तार

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के एकमा थाना क्षेत्र में पिछले दिनों एक व्यक्ति से हुई लूट की घटना का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने दो अपराधियों को हथियार और लूटी गई मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि आमडाढ़ी गांव के समीप स्थित रेलवे ओवर ब्रिज के ऊपर हथियार का भय दिखाकर अपराधियों ने लगभग 10 दिनों पूर्व बाइक लूट की घटना को अंजाम दिया था। जिसके बाद सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष के निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया था। जिनके द्वारा तकनीकी साक्ष्य एवं सूचना के आधार पर एकमा थाना क्षेत्र के फुचटी कला गांव निवासी गोलू तिवारी एवं सीवन जिले के महराजगंज थाना के पिपरा कला गांव निवासी अभिषेक कुमार पाण्डेय को गिरफ्तार किया गया है।सूत्रों ने बताया की गिरफ्तार अपराधी के पास से पुलिस ने एक अपाची मोटरसाईकिल, एक पिस्तौल , दो कारतूस एवं मोबाइल फोन बरामद की है।

# तमिलनाडु में भूस्खलन और दीवार ढहने से तीन की मौत, स्टालिन ने की सहायता राशि की घोषणा



**चेन्नई।** तमिलनाडु में कोयंबटूर जिले के वालपराई और पोलाची में भूस्खलन और दीवार ढहने से तीन लोगों की मौत हो गयी। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने घटना पर दुख व्यक्त किया और मृतकों के परिवारों को तीन-तीन लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, वालपराई क्षेत्र में सुबह करीब चार बजे भूस्खलन होने से घर में सो रही एक महिला - राजेश्वरी उर्फ मुथु (57) और एक किशोरी धनप्रिया (15) की मौत हो गई। दूसरी घटना में हरिहर सूदन (21) की उस समय मौत हो गई, जब एक कच्चे घर की दीवार का एक हिस्सा ढहकर उसके घर पर गिर गया। विज्ञप्ति में कहा गया है कि तड़के करीब तीन बजे जब यह हादसा हुआ, जब हरिहरसूदन अपने घर में सो रहा था। स्टालिन ने मौतों पर गहरा दुख व्यक्त किया और मृतकों के परिवारों को तीन-तीन लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी संवेदना भी व्यक्त की।

# हल्द्वानी में दुकानदारों को हटाने को लेकर हाईकोर्ट सख्त

एजेंसी ➤ नैनीताल
www.dailypioneer.com



उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने हल्द्वानी नगर निगम द्वारा मंगलपड़ाव से हटाये गये डेढ़ दर्जन दुकानदारों के मामले को गंभीरता से लेते हुए निगम से वैकल्पिक जगह मुहैया कराने को लेकर जवाब मांगा है। इस मामले में आगामी छह अगस्त को सुनवाई होगी। मुख्य न्यायाधीश ऋतु बाहरी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की युगलपीठ में पीड़ित दुकानदारों की ओर से दायर अलग अलग छह याचिकाओं पर आज सुनवाई हुई। याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि वर्ष 2022 में हल्द्वानी नगर निगम ने एक साथ कार्यवाही कर डेढ़ दर्जन दुकानदारों को बाहर कर दिया और उनकी दुकानें तोड़ दी। नगर निगम की ओर से उनका पक्ष नहीं सुना गया। मात्र तीन दिन का नोटिस देकर चौथे दिन स्वयं नगर निगम ने उनकी दुकानें तोड़ दीं जबकि पांच दुकानदारों के खिलाफ कार्यवाही नहीं की गयी। याचिकाकर्ताओं की ओर से यह भी कहा गया कि नगर निगम की ओर से ही उन्हें फूड लाइसेंस उपलब्ध कराया गया था और वह 1998 से वहां पर काबिज थे। याचिकाकर्ताओं की ओर से यह भी कहा गया कि यह स्ट्रीट वेंडर अधिनियम और उच्चतम न्यायालय के समय समय पर दिये गये आदेशों का उल्लंघन है।

अधिनियम में उल्लेख है कि वैकल्पिक जगह उपलब्ध कराये बिना हटाया जाना उपयुक्त नहीं है। नगर निगम इस मामले में कोई ठोस जवाब नहीं दे पाया। अंत में पीठ ने नगर निगम को हटाये गये दुकानदारों को वैकल्पिक जगह उपलब्ध कराने के मामले में आगामी छह अगस्त तक जवाब देने को कहा है। अदालत ने यह भी कहा कि पिकअप एंड चूज की नीति गलत है।

# शाहजहांपुर में पिता–पुत्री की गोली मार कर हत्या

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के निगोही क्षेत्र में मंगलवार को मामूली विवाद में एक व्यक्ति ने बेटे के साथ मिलकर अपने बड़े भाई और उसकी बेटी की गोली मारकर हत्या कर दी।



पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीना ने बताया कि क्षेत्र के आदर्श नगर कालोनी के रहने वाले श्रीपाल का उनके छोटे भाई सोहनलाल सरसो का तेल बेचने का काम करते है। तेल की बिक्री से जुड़े ग्राहकों को लेकर दोनों में कुछ दिन पहले विवाद हो गया था। उन्होंने बताया कि छोटा भाई सोहनलाल उर्फ गुड्डे अपने बेटे विशाल के साथ लाइसेंसी बंदूक और तमंचा लेकर पहुंचा। इसके बाद पिता पुत्र ने श्रीपाल (50) को गोली मार दी। पिता श्रीपाल को बचाने आई बेटी सरस्वती (20) की भी गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसके बाद आरोपी पिता पुत्र हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गए।

# जम्मू-कश्मीर में सीमा पार आतंकवाद जारी रहा तो भारत बर्दाश्त नहीं करेगा: फारूक

एजेंसी ➤ श्रीनगर
www.dailypioneer.com



नेशनल कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि अगर जम्मू कश्मीर में सीमा पार आतंकवाद जारी रहा तो इसे भारत बर्दाश्त नहीं करेगा। अब्दुल्ला ने संवाददाताओं से कहा, हम चाहते हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच शांति बनी रहे, लेकिन इसके बजाय ऐसा माहौल बनाया जा रहा है कि युद्ध हो जाना चाहिए जो चिंताजनक बात है। अगर स्थिति इसी तरह जारी रही तो एक समय ऐसा आयेगा जब भारत बिलकुल बर्दाश्त नहीं करेगा। देश के लोग चाहेंगे कि सरकार आतंकवाद को रोकने के लिए कदम उठाये। उन्होंने कहा इसमें कोई संदेह नहीं है कि आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए प्रशिक्षित लोगों को इस तरफ भेजा जा रहा है। ईश्वर हमें इस आतंकवाद से बचाये? हम प्रार्थना करते हैं कि ईश्वर उन्हें (पाकिस्तान को) सद्बुद्धि दे। ऐसी परिस्थितियों में स्थिति सुधरने नहीं बल्कि और खराब होने वाली है। हम चाहते हैं कि दोनों देश शांति के मार्ग पर आगे बढ़ने के बारे में बार-बार सोचें और ईश्वर जम्मू-कश्मीर में शांति की कामना करें। एक सवाल के जवाब में उन्होंनें कहा, प्रशिक्षित आतंकवादियों को इस तरफ भेजा जा रहा है और संभावना है कि वे भी कमांडो हों। जिस तरह से वे (आतंकवादी) हमले कर रहे हैं, उससे लगता है कि वे अत्यधिक प्रशिक्षित हैं। हमें बहुत बड़ा खतरा महसूस हो रहा है। राष्ट्रीय राजधानी में इंडिया समूह की ओर से आयोजित रैली के बारे में उन्होंने कहा, यह अच्छी पहल है और हमारे सदस्य आज राष्ट्रीय राजधानी में प्रदर्शनों में भी भाग ले रहे हैं। हम इस पहल में उनकी सफलता के लिए प्रार्थना करेंगे। यह कहे जाने पर कि भाजपा कश्मीर में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवार उतारने जा रही है, अब्दुल्ला ने कहा, यह अच्छी बात है।

उन्हें ऐसा करने दीजिए। यह एक स्वतंत्र देश है और हर किसी को अपना अधिकार है। उन्होंने कहा कि अगस्त में सर्वदलीय बैठक होने की संभावना है।

# सरकार वायनाड को हर जरूरी मदद मुहैया कराने को प्रतिबद्ध : नित्यानंद राय



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने संसद में कहा कि केरल के वायनाड में भूस्खलन के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं तथा केंद्र सरकार राज्य को हर जरूरी मदद मुहैया कराने को प्रतिबद्ध है। राय ने वायनाड हादसे पर पहले लोकसभा में और फिर राज्यसभा में दिए वक्तव्य में बताया कि घटनास्थल पर राहत एवं बचाव कार्य जारी है तथा 70 शवों को निकाला जा चुका है। मलबे से दो लोगों को जिंदा निकाला गया है और 250 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा गया है। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह ने केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन से फोन पर बात की है और सरकार की ओर से हर जरूरी सहायता का भरोसा दिया है। उन्होंने कहा कि भूस्खलन की दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी है। प्रधानमंत्री स्थिति पर नजर रखे हुए हैं और केंद्रीय राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन को मौके पर रवाना किया गया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के लोग राहत एवं बचाव कार्य में जुटे हुए हैं तथा सेना की दो टुकड़ियां भी पहुंच रही हैं। सेना के पुल निर्माण दल भी पहुंच रहा है। राहत और बचाव कार्य में एनडीआरफ, सेना, पुलिस और स्थानीय प्रशासन के 300 लोग लगे हुये हैं। भारतीय वायु सेना के दो हेलिकॉप्टरों को लगाया गया है, लेकिन मौसम खराब होने के कारण उतरने में दिक्कत हो रही है।

# सिखों पर टिप्पणी करने वाले पुलिस अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई हो: धामी

पायनियर संवाददाता ➤ अमृतसर
www.dailypioneer.com



शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में एक पुलिस अधिकारी द्वारा सिखों को 'आतंकवादी' कहने की घटना पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए मंगलवार को कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार को संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

एडवोकेट धामी ने कहा कि सिख सदैव सभी की भलाई की कामना करते हैं। प्राकृतिक आपदाओं के दौरान सिखों द्वारा की गई सेवाओं की पूरी दुनिया ने सराहना की है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय से भारत में अल्पसंख्यकों और खासकर सिखों पर नफरत भरे हमले किये जा रहे हैं। कुछ साम्प्रदायिक मानसिकता वाले लोग ऐसे कार्य करके सामाजिक समुदाय को ठेस भी पहुंचाते हैं, जो देशहित में नहीं होते। शिरोमणि कमेटी अध्यक्ष ने कहा कि पुलिस का काम लोगों की सुरक्षा करना है, लेकिन जब कोई पुलिस अधिकारी जानबूझकर किसी खास समुदाय के बारे में नफरत भरी टिप्पणी करता है तो यह और भी दुर्भाग्यपूर्ण है। अधिवक्ता धामी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग की कि सिख विरोधी टिप्पणी करने वाले पुलिस अधिकारी के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए। उन्होंने ऐसे लोगों को भी नियंत्रण में रहने की हिदायत दी जो देश में नफरत का माहौल पैदा कर रहे हैं।

# भाजपा मंडल किरंदुल के द्वारा बाढ़ प्रभावित परिवारों को सूखा राशन किट का वितरण किया गया

पायनियर संवाददाता ◂ किरंदुल
www.dailypioneer.com




बैलाडीला परिक्षेत्र भाजपा मंडल किरंदुल के द्वारा प्रभावित क्षेत्र में प्रभावित परिवारों को विधायक चैतराम अट्टामी द्वारा मुहैया कराया गया सूखा राशन किट का वितरण किया गया। बैलाडीला परिक्षेत्र में किरंदुल में भयंकर आपदा का नौवा दिन है। भाजपा मंडल किरंदुल के द्वारा प्रभावित क्षेत्र में प्रभावित परिवारों को विधायक चैतराम अट्टामी द्वारा मुहैया कराया गया सूखा राशन किट का वितरण किया गया। राहत सामग्री किरंदुल वार्ड क्रमांक 01, 03 एवं 04 तथा कोड़ेनार पंचायत के क्षेत्रों में वितरित किया गया। जिसमें भाजपा मंडल के सभी पदाधिकारी एवं युवा मोर्चा तथा महिलामोर्चा के सहित सभी भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। उक्त राहत सामग्री के वितरण में युवा मोर्चा का विशेष सहयोग रहा। राहत सामग्री सूखा राशन कीट वितरण में भाजपा कार्यकर्ताओं में प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य मीरा तिवारी, जिला उपाध्यक्ष राजू छालीवाल, पूर्व सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र सोनी, जिला संयोजक मनोज छालीवाल, सदस्य दीनानाथ ठाकुर, मण्डल महामंत्री संजीव दास, विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र गुप्ता, पूर्व न.पा. अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, मण्डल उपाध्यक्ष विजय सोढ़ी, रिंकू राजवंशी, अनीता नायर, पूर्व मण्डल अध्यक्ष सिंहासन गुप्ता, महिला मोर्चा अध्यक्ष शालिनी कर्मा, महामंत्री सरस्वती डेहरिया, उपाध्यक्ष गीता घोष, एवं गौरी देवनाथ उपस्थित थे। युवा मोर्चा जिसका राहत कीट वितरण में विशेष सहयोग रहा। उसमें युवा मोर्चा अध्यक्ष निमाई पाल, उपाध्यक्ष बबीता गिरी, सुनील गुप्ता, मोहित धवन, महामंत्री सुखदेव पोयाम, मणिकुट्टन नायर, मंत्री बनमाली हरिजन, शेख़ मुर्शीद, पवित्रो जाल, सदानंद साहू, विकाश स्वामी, यादाला अंकम्मा, एम. सिंधु, एवं नरेश बिस्वास उपस्थित थे।

# किरंदुल नगर में संघ के स्वयंसेवकों द्वारा सेवा कार्य



**बचेली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक स्वभावतः सेवा कार्य पहले से करते रहे हैं। संघ स्थापना के समय से ही डॉक्टर हेडगेवार के मूल सिद्धांत में सेवा के बीज हैं। जहां-जहां समाज सेवा की जरूरत है, वहां-वहां काम करना है। इसलिए जगह-जगह संघ के स्वयंसेवक अपनी-अपनी बुद्धि, शक्ति के अनुसार सेवा कार्य कर रहे हैं। और इसी का एक उदाहरण दंतेवाड़ा जिला के किरंदुल नगर में देखने को मिला, जहां लगभग 120 की संख्या में स्वयंसेवक एकत्रित होकर किरंदुल नगर में बाढ़ पीड़ितों की हृदय विदारक परिस्थितियों को ठीक करने का प्रयास स्वयंसेवकों द्वारा किया गया। राहत कार्य में सहायता के रूप में लोगों के घरों में घुसे मालवे को निकल गया और उनके घरों को व्यवस्थित करने का प्रयास किया गया।

## दिव्यांग छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन राशि प्रदान करने हेतु प्रावीण्य सूची जारी

**जगदलपुर।** समाज कल्याण विभाग के द्वारा क्षितिज-अपार संभावनाएं के अंतर्गत जिले के दिव्यांग मेधावी छात्र-छात्राओं को माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वर्ष 2023-24 के तहत सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले दिव्यांग छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन राशि प्रदान करने हेतु एकीकृत प्रावीण्य सूची प्राप्त कर तैयार किया गया है। जिसका प्रकाशन कार्यालय जिला पंचायत जिला बस्तर के सूचना पटल पर किया गया है। उक्त प्रावीण्य सूची के संबंध में किसी भी दिव्यांग छात्र-छात्राओं को दावा-आपत्ति हो तो वे 12 अगस्त 2024 को दोपहर 3 बजे तक कार्यालयीन दिवस एवं समय में कार्यालय उप संचालक, समाज कल्याण जगदलपुर जिला बस्तर में पंजीकृत डाक द्वारा अथवा स्वयं उपस्थित होकर दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

# प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 09 वीं में प्रवेश हेतु काउंसलिंग की तिथियां जारी

## 02, 05, 06 एवं 07 अगस्त को होगी काउंसिलिंग

पायनियर संवाददाता ◂ दंतेवाडा
www.dailypioneer.com

कार्यालय आदिवासी विकास विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत संचालित प्रयास विद्यालय के कक्षा 9वीं सत्र 2024-25 में प्रवेश हेतु आयोजित प्राक्कयन परीक्षा 09 जून 2024 का परीक्षा परिणाम घोषित किया जा चुका है। उक्त परीक्षा के आधार पर वर्गवार चयन सूची एवं प्रतीक्षा सूची राज्य कार्यालय द्वारा जारी की गई है। चयनित विद्यार्थियों की वर्गवार सूची विभागीय वेबसाईड पर अवलोकन किया जा सकता है। प्रतीक्षा सूची के विद्यार्थियों हेतु स्थान रिक्त होने पर पृथक से सूचना दी जायेगी। वर्गवार चयनित विद्यार्थियों हेतु काउंसिलिंग 02 से 07 अगस्त 2024 तक प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय गुढ़ियारी रायपुर में समय प्रातः 10 बजे से सायं 05 बजे तक निर्धारित है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 02 अगस्त 2024 को अनुसूचित जनजाति तथा विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह के बालकों का, तथा 05 अगस्त 2024 को इसी वर्ग की बालिकाओं का एवं 06 अगस्त 2024 को अनुसूचित जाति बालक एवं कन्या तथा अल्पसंख्यक बालक एवं कन्याओं का और 07 अगस्त 2024 को अन्य पिछड़ा वर्ग बालक एवं कन्या तथा सामान्य वर्ग-बालक एवं कन्या की काउंसलिंग प्रक्रिया होगी। काउंसिलिंग के समय अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर दस्तावेज व अभिलेख प्रस्तुत करना होगा। इनमें छत्तीसगढ़ राज्य के निवासी होने का सक्षम राजस्व अधिकारी द्वारा जारी निवास एवं स्थायी जाति प्रमाण पत्र, तथा वर्ष 2023-24 में कक्षा 8वीं उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र, यदि परिवार नक्सल हिंसा से सीधे प्रभावित है तो इस आशय से संबंधित जिले के पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी प्रमाण पत्र, प्रवेश नीति के कंडिका-2 (अ), (ब), (1, 2, 3) अनुसार विद्यालय में अध्ययनरत होने का प्रमाण पत्र, शाला स्थानांतरण प्रमाण पत्र या शाला छोड़ने का प्रमाण पत्र, विद्यार्थी की मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी चिकित्सा जांच प्रमाण पत्र, सिकलसेल जांच का प्रमाण पत्र जिसमें स्पष्ट लिखा हो कि विद्यार्थी सिकल सेल डोमिनेंट नहीं है तत्संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा।

# प्रधानमंत्री मोदी का हार्दिक उत्तर, प्रवेश कुमार जोशी के पत्र पर

पायनियर संवाददाता ◂ किरंदुल
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों के प्रति विनम्रता और समर्पण का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ के किरंदुल निवासी प्रवेश कुमार जोशी के पत्र का हार्दिक आभार और गर्मजोशी के साथ उत्तर दिया है। जो जनहित में अपने शहर और आस-पास के गाँवो की समस्या को लेकर प्रधानमंत्री के पास पत्र भेजते रहते है। जिसके फलस्वरूप आज गाँवो में विकास कार्य होते दर्शन हो रहे है। प्रवेश कुमार जोशी, जिन्होंने हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनावों में जीत पर प्रधानमंत्री को बधाई देने के लिए पत्र लिखा था, मोदी से व्यक्तिगत उत्तर पाकर अभिभूत हो गए। अपने पत्र में प्रधानमंत्री मोदी ने जोशी को उनकी हार्दिक शुभकामनाओं के लिए आभार व्यक्त किया और चुनावी जीत के महत्व को भारत के लोकतंत्र की मजबूती और सरकार के सबका साथ, सबका विकास के दृष्टिकोण में लोगों के विश्वास के रूप में उजागर किया। प्रधानमंत्री के उत्तर से बेहद प्रभावित जोशी ने मोदी को अभिनन्दन किया और आभार व्यक्त करने के लिए हार्दिक धन्यवाद दिया। जोशी ने कहा, मोदी की क्षमता और कार्यशैली अविश्वसनीय है। देश के हर कोने में रहने वाले लोगों से जुड़ने और उन्हें एक साथ जोड़ने की उनकी एक अनोखी क्षमता है। प्रधानमंत्री मोदी और प्रवेश कुमार जोशी के बीच पत्रव्यवहार प्रधानमंत्री की लोगों से जुड़ने और उनकी आवाज़ सुनने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।
यह आम नागरिकों पर उनके नेतृत्व के प्रभाव को भी उजागर करता है, जो उनके विकसित भारत के दृष्टिकोण से प्रेरित और प्रेरित महसूस करते हैं। जबकि प्रधानमंत्री मोदी एक मजबूत, अधिक समावेशी भारत के निर्माण की दिशा में काम करना जारी रखते हैं, जोशी के पत्र पर उनका जवाब देश के भविष्य को आकार देने में जनभागीदारी, लोगों की भागीदारी, की शक्ति की याद दिलाता है।

## बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष स्थापित, कन्ट्रोल रूम के दूरभाष नम्बर पर दे सकते हैं सूचना

**कोंडागांव।** छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार आगामी मानसून-2024 को देखते हुए बाढ़, अतिवृष्टि आदि प्राकृतिक आपदा से उत्पन्न जनधन की हानि से बचाव हेतु जिला कार्यालय कोंडागांव के कक्ष कमांक-38 में 1 जून 2024 से मानसून के विदा होने तक बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष में सम्पर्क हेतु दूरभाष नम्बर 07786-242768 पर बाढ़ आपदा या अतिवृष्टि की सूचना दी जा सकती है। इस जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष के लिए नोडल अधिकारी सयुंक्त कलेक्टर अजय उरांव मोबाइल नंबर 94252-42525 को नियुक्त किया गया है। वहीं नियंत्रण कक्ष का प्रभारी अधिकारी का दायित्व सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख धनीराम बाकड़े मोबाईल नम्बर 94077-72220 को सौंपा गया है।

# मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान से मलेरिया के प्रकरणों में चार वर्षों में आई 38 फीसदी कमी

पायनियर संवाददाता ◂ कोंडागांव
www.dailypioneer.com



मलेरिया मुक्त छत्तीगढ़ अभियान का जिले में सकारात्मक प्रभाव पड़ा हैं और मलेरिया प्रकरणों मं चार वर्षो में लगभग 38 फीसदी कमी आई है। इसके साथ ही मलेरिया सकारात्मक दर 2.32 प्रतिशत से घटकर 0.82 प्रतिशत हो गया है। वहीं वर्ष 2020 से वार्षिक परजीवी सूचकांक 4.36 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2023 में 2.78 प्रतिशत हो गया है। वर्तमान वर्ष 2024 में जिले का वार्षिक परजीवी सूचकांक 1.07 प्रतिशत है। घने जंगल से आच्छादित इस जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में मलेरिया के प्रकरणों के बढ़ने की संभावना रहती है। लोगों को मलेरिया से बचने एवं मलेरिया प्रकरण नियंत्रित करने के लिए कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मलेरिया रोकने के लिए सक्रियता से अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों के बसाहटों में पहुंच रही है। घने जंगलों एवं नदी-नालों को पारकर स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं मितानिन की टीम गांवो में घर-घर पहुंचकर लोगों को मलेरिया रोधी दवाइयों के साथ उपचार कर रही है। साथ ही लोगों को मलेरिया से बचाव के लिए किए जाने वाले आवश्यक उपाय के बारे में जागरूक भी किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग पूरी जिम्मेदारी और तत्परता से कार्य करते हुए मलेरिया की रोकथाम के लिए प्रयास कर रही है। मलेरिया की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए जिले के समस्त आवासीय छात्रावास, आश्रम, कीड़ा परिसर, स्कूल एवं उन ग्रामों पर जहां पर मलेरिया के अधिक प्रकरण मिले थे, समस्त जनसमुदाय का रक्त जांच कर मलेरिया से संक्रमित पाए गये मरीजों का पूर्ण उपचार किया जा रहा है। सभी विकासखण्ड को निर्देशित किया गया है कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज का मलेरिया हेतु रक्त जांच आरडी कीट के माध्यम से किया जाना है। जागरूकता के लिये ग्रामीणों को घरों के आस-पास गड्ढे में पानी जमा न होने दें, बुखार आने पर झाड़ फूंक कराने के बजाय तत्काल मितानिन या नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में पहुंच कर खून की जांच कराने की सलाह दी जा रही है। गांव के दिवारों पर मलेरिया एवं डायरिया के बचाव संबंधित नारे लिखकर जागरूकता प्रसार-प्रचार किया जा रहा है। वर्ष 2020 से जिले में मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान चलाया जा रहा है। जिससे मलेरिया के प्रकरण में कमी आई हैं। दसवें चरण में संचालित मलेरिया मुक्त अभियान के तहत अब तक जिले के 82 फीसदी लोगों की मलेरिया जांच की गई है।

## एनएमडीसी नगरपालिका द्वारा सड़को एवम घरों में जमे मलबा को करवाया जा रहा हैं साफ




**किरंदुल।** एनएमडीसी की किरंदुल पहाड़ी में स्थित 11 सी लौह अयस्क खदान का तटबंध टूटने से आई बाढ़ के कारण सैकडों घर प्रभावित हुए थे। बता दें पहाड़ी के ऊपर से पानी का सैलाब मलबा लिए हुए शहर में घुसा जिससे मुख्य सड़कों एवम प्रभावितों के घरों में मलबा जमा हुआ हैं। जिसे एनएमडीसी और नगरपालिका द्वारा साफकरवाया जा रहा हैं। मंगलवार सुबह से नगर के बंगाली कैम्प, सुभाष नगर, गाडर पुलिया, भरतपुर कैम्प, मलप्पा कैम्प के सड़को एवं घरों में जमे मलबे को जेसीबी मशीन एवम एनएमडीसी नगरपालिका के कर्मचारियों द्वारा साफ कर मलबे को हटाया जा रहा हैं। वहीं मौके पर पहुंचकर तहसीलदार जीबेश सोरी ने राहत व बचाव कार्य जायज़ा लिया।

## पानी सप्लाई हैं ठप, पाइपलाइन मरम्मत कार्य में जुटी नगरपालिका व एनएमडीसी की टीम



**किरंदुल।** किरंदुल में आई बाढ़ ने कई घरों को प्रभावित किया। वहीं सड़को घरों में मलबा गाद मिट्टी जमा हुआ हैं। जिसे एनएमडीसी और नगरपालिका द्वारा साफ करवाया जा रहा हैं। बाढ़ के दौरान नगरपालिका की पाइपलाइन भी टूट गई थीं। जिसके बाद से नगर के कुल 09 वार्डों में पानी सप्लाई ठप हैं। फिलहाल नगरपालिका द्वारा टैंकर के माध्यम से वार्डों में पानी पहुंचाया जा रहा हैं। इसके साथ ही सोमवार को पाइपलाइन को दुरुस्त करने नगरपालिका एवम एनएमडीसी के कर्मचारी जुटे रहें। नगरपालिका राजस्व अधिकारी डी एस साहू ने बताया कि पाईपलाइन मरम्मत का कार्य प्रगति पर हैं एवं शाम से वार्डों में पानी सप्लाई शुरू हो जाएगी।

## बिजली बिल में प्रति यूनिट मूल्य वृद्धि के विरोध व भाजपा द्वारा प्रस्तावित स्मार्ट मीटर का विरोध प्रदर्शन किया

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस प्रदेश प्रभारी डॉ. पलक वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के आदेशानुसार व जिला प्रभारी श्रीपाल कटारिया के निर्देशानुसार युवा कांग्रेस अध्यक्ष खोमेन्द्र उइके के नेतृत्व मे कांकेर सेन चौक बिजली ऑफिस के सामने बिजली बिल में प्रति यूनिट मूल्य वृद्धि के विरोध व भाजपा द्वारा प्रस्तावित स्मार्ट मीटर का विरोध प्रदर्शन किया गया व राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष खोमेन्द्र उइके ने कहा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा बिजली बिल घरेलू, गैर घरेलू, आद्योगिक क्षेत्रों में प्रति यूनिट के दर में मूल्य वृद्धि के विरोध मे कांकेर युवा कांग्रेस द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया।

# 15 जुलाई से 14 अगस्त तक घुमंतू बच्चों के सर्वेक्षण रेस्क्यू एवं पुनर्वास के लिए होगा विशेष अभियान

पायनियर संवाददाता ◂ दंतेवाडा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिला बाल संरक्षण समिति दंतेवाड़ा मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी दन्तेवाड़ा जयंत नाहटा तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में 15 जुलाई से 14 अगस्त तक बाल श्रमिक, अपशिष्ट संग्राहक, बाल भिक्षावृत्ति, फुटपाथ निवासी या सड़कों में नशे का सेवन कर घुमंतू बच्चों के लिए सर्वेक्षण, रेस्क्यू एवं पुनर्वास अभियान प्रारंभ होगा। इसका उद्देश्य जिले में लगातार सड़क के किनारे रहने वाले व कठिन परिस्थितियों में अपना जीवन-यापन करने वाले बच्चों का रेस्क्यू करना है। इस रेस्क्यू अभियान में तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार (नोडल), जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, श्रम विभाग एवं पुलिस विभाग के समन्वय से रेस्क्यू अभियान चलाया गया। रेस्क्यू अभियान के दौरान जिले में मंदिर परिसर, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, सब्जी बाजार एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों होटल, गैरेज इत्यादि के साथ ही ब्लॉक स्तर पर महत्वपूर्ण स्थलों का भी सर्वेक्षण किया गया। ज्ञात हो कि अभियान की समाप्ति के उपरांत भी सतत रूप से ऐसे बच्चों के चिन्हांकन एवं पुनर्वास संबंधित कार्रवाई बच्चों के सर्वोत्तम हित को ध्यान में रखते हुए की जावेगी। इस संबंध में आमजनों एवं जनप्रतिनिधियों, से अपील की गई है कि इस प्रकार के बच्चे मिलने, देखने या जानकारी होने पर कार्यालय जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग, चाइल्ड हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 1098 पर अवश्य सूचित करें।

# भारतीय शिल्प संस्थान जयपुर में अध्ययन हेतु जिले के चार विद्यार्थी चयनित

पायनियर संवाददाता ◂ कोंडागांव
www.dailypioneer.com



भारतीय शिल्प संस्थान जयपुर में अध्ययन के लिए जिले के चार विद्यार्थियों का चयन किया गया है। इनमें डोंगरीगुड़ा कड़ईचेपड़ा पारा के साहिल विश्वकर्मा, रोशन विश्वकर्मा व रांधना की लीना विष्वकर्मा का लौह शिल्प तथा दहिकोंगा के ऋषिकेश नाग का बेलमेटल हेतु चयन किया गया है। मंगलवार को चयनित विद्यार्थियों ने कलेक्टर कुणाल दुदावत से भेंट की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार भी उनके साथ मौजूद थे। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने डिजाइन के क्षेत्र में उच्च शिक्षा के लिए 4 वर्ष का डिग्री कोर्स हेतु जिले के विद्यार्थियों के चयन को जिले के लिए गर्व की बात कहते हुए चयनित विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय हैं कि, बोर्ड द्वारा संचालित योजनान्तर्गत राज्य से 5 शिल्पियों के 12वीं कक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थियों का चयन भारतीय शिल्प संस्थान जयपुर के लिए किया गया है, जिनमें कोंडागांव जिले के 4 विद्यार्थी शामिल हैं। एक राष्ट्रीय स्तर का शिल्प संस्थान है जिसमें शिल्प के क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्रदान की जाती है।

भारतीय शिल्प संस्थान जयपुर जिसके प्रवेश के लिए राज्य स्तर पर एक प्रतिस्पर्धा आयोजित की जाती है जिसमें छात्रों का लिखित एवं शिल्प से संबंधित प्रायोगिक परीक्षा लिया जाता है साक्षात्कार उपरांत मेरिट के आधार पर छात्रों का चयन किया जाता है।

# कलेक्टर ने समय-सीमा बैठक में की विकास कार्यों की समीक्षा

## आवेदनों के निराकरण ढिलाई दिखाने पर सीएसईबी के ईई को नोटिस

पायनियर संवाददाता ◂ कोंडागांव
www.dailypioneer.com



कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आयोजित समय-सीमा बैठक में जिले में संचालित विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, जनशिकायत पोर्टल, मावा कोंडानार, ग्रामीण सचिवालय तथा जनससमया निवारण शिविरों में प्राप्त आवेदनों की आवेदनवार समीक्षा की। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी द्वारा आवेदनों के निराकरण में रुचि नहीं दिखाए जाने पर विभाग के कार्यपालन अभियंता को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण हेतु भू-अर्जन के प्रकरणों में राषि का भुगतान शीघ्रता से करने के निर्देष दिए। उन्होंने इस दौरान स्वास्थ्य विभाग, आदिवासी विकास विभाग, जल जीवन मिशन सहित विभिन्न योजनाओं के तहत निर्माण कार्यों की समीक्षा की और कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देष दिए। उन्होंने बड़े डोंगर में स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण हेतु निविदा की प्रक्रिया पूर्ण करते हुए कार्यादेश जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने पूर्ण कार्यों को हस्तांरण की कार्यवाही भी शीघ्रता से सुनिष्चित करने के निर्देष दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत निर्धारित जलस्त्रोतो के निकट जल संरक्षण हेतु अधोसंरचना निर्माण के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर ने इसके साथ ही आयुष्मान कार्ड और किसान क्रेडिट कार्ड बनाने के कार्य में गति लाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने वन अधिकार पट्टों के नामांतरण, बंटवारा आदि प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूलों के माध्यम से जाति प्रमाण पत्र हेतु प्रेषित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कार्य में गति लाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने ई-श्रमिक कार्ड धारी सभी हितग्राहियों को राशन कार्ड उपलब्ध कराने हेतु हितग्राहियों की पहचान सुनिष्चित करने के निर्देष दिए। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से सभी बच्चों को गर्म भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में भी निर्देशित किया। उन्होंने इस दौरान राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की और सभी प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि आज

पायनियर संवाददाता ◂ दंतेवाडा
www.dailypioneer.com

कार्यालय कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ शासन कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर के द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा हेतु अधिसूचना जारी कर दी गई हैं। खरीफ वर्ष 2024 हेतु मुख्य फसल धान असिंचित मक्का, कोदो, कुटकी, रागी एवं उड़द को अधिसूचित किया गया हैं। खरीफवर्ष 2024 में फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 निर्धारित की गई है। ज्ञात हो कि जिला दंतेवाड़ा में गत वर्ष लगभग 9613 ऋणी, अऋणी कृषकों द्वारा लगभग 24272 हेक्टर क्षेत्र में फसल बीमा किये थे और 4642 कृषकों को बीमित राशि रू. 145268491 (शब्दों में चौदह करोड़ बावन लाख अड़सठ हजार चार सौ इक्यानवे मात्र) राशि फसल बीमा योजनान्तर्गत कृषकों को प्राप्त हुआ है। फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ वर्ष 2024-25 हेतु किसानों को फसल के प्रतिकूल मौसम, सूखा, बाढ़, जलप्लावन, कीट व्याधि, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं के होने वाले नुकसान से राहत दिलाने के लिए बीमा में शामिल किए जाने वाले किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत ऋणी एवं अऋणी जो भू-धारक व बटाईदार हो सम्मिलित हो सकते हैं, जो किसान अधिसूचित ग्राम में अधिसूचित फसल के लिए वित्तीय संस्थानों से मौसमी कृषि ऋण स्वीकृत, नवीनीकृत की गई हो. वे भी अनिवार्य रूप से सम्मिलित होंगे। इनके अलावा ऐच्छिक आधार पर अधिसूचित फसल उगाने वाले सभी गैर ऋणी किसान जो योजना में सम्मिलित होने के इच्छुक हो वे बुआई प्रमाण पत्र क्षेत्रीय पटवारी अथवा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के द्वारा व स्व. सत्यापित दस्तावेज (नवीनतम आधार कार्ड कापी, नवीनतम भूमि प्रमाण-पत्र, बैंक पास बुक के पन्ने की कापी जिस पर खाता नम्बर अंकित हो इत्यादि) प्रस्तुत कर योजना का लाभ ले सकते है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत मौसम खरीफ वर्ष 2024 तक जिले के लिए एच.डी. एफसी इंश्योरेंस कंपनी को निविदा के आधार पर चयनित किया गया है। किसानों के द्वारा प्रदाय किए जाने वाली प्रीमियम दर, खरीफ वर्ष 2024 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत कुल बीमित राशि का 2 प्रतिशत किसानों द्वारा प्रीमियम राशि धान असिंचित 840 रुपये, मक्का 800 रुपये, उड़द 440 रुपये कोदो 320 रुपये, कुटकी 340 रुपये एवं रागी 300 रुपये प्रति हेक्टर देय है। एक ही अधिसूचित क्षेत्र एवं अधिसूचित फसल के लिए अलग-अलग वित्तीय संस्थाओं से कृषि ऋण स्वीकृत होने की स्थिति में किसानों को एक ही स्थान से बीमा कराया जाना है। इसकी सूचना किसानों को संबंधित बैंक को देनी होगी। ऋणी एवं अऋणी किसानों के द्वारा समान रकबा, खसरा का दोहरा बीमा कराने की स्थिति में किसान के समस्त दस्तावेज को निरस्त करने का अधिकार बीमा कंपनी के पास होगा। अतः कृषक निर्धारित अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 के पूर्व अपने फसलों का बीमा अवश्य कराएं। किसान संबंधित समिति, संबंधित बैंक, बीमा प्रदायक कंपनी, एच.डी.एफसी इंश्योरेंस एवं लोक सेवा केन्द्र से अपने फसलों का बीमा करवा सकते है।

# दाऊ कल्याण सिंह से जुडे जमीनों के खरीदी बिक्री पर रोक, साफ्टवेयर भी होगा ब्लॉक : कलेक्टर




पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

दाऊ कल्याण सिंह वारिसाना उत्तराधिकारी नही होने पर हाईकोर्ट के फैसले मे उनके सम्पत्ति को शासन निहित किये जाने का आदेश जारी होने के बाद अब अनेक प्रकार के समीकरण व तथ्यों का खुलासा परत दर पर निकल आ रहा है।

### भू राजस्व मंडल द्वारा 2017 मे हुआ था आदेश जारी

भू राजस्व मंडल ने 2017 मे ही दाऊ कल्याण सिंह की जमीन को निसंतान होने के कारण उनके नाम पर दर्ज समस्त भूमि को राजसात कर शासकीय मद मे दर्ज करने का आदेश तहसीलदार दिया गया है जिसमे प्रतिलिपि प्रदाय का तारीख 28-11-20 दर्शाया गया है व उक्त भूमि का विधिव कब्जा तहसीलदार प्राप्त करें व राजस्व रिकार्ड मे दुरुस्ती कर 30 दिन के अंदर सम्बंधित कलेक्टर को लिखित मे सूचना कराये जाने हेतु निर्देशित किया था।

### रजिस्ट्री युक्त जमीन पर करोड़ों का बैंक लोन

गौरतलब है की दाऊ कल्याण सिंह के जमीन का रजिस्ट्रीयुक्त खरीदी बिक्री होने के आधार पर प्रमाणित कागजातों के आधार पर बैंकों से करोड़ों रुपये के लोन भी दिया गया है परंतु अब सवाल खडा यहां होता है की दाऊ कल्याण सिंह के जमीन अब हाईकोर्ट के आदेश के बाद शासन निहित होने पर अब बैंकों के समक्ष चिंता की लकीरें खींच गई है जिन्होंने उक्त जमीन के एवज मे लाखों करोड़ों का लोन पेय किये है।

### साफ्टवेयर को किया जायेगा ब्लॉक

उक्त मामले के सम्बंध मे कलेक्टर दीपक सोनी का कहना है की दाऊ कल्याण सिंह से जुडे जमीनों को लेकर खरीदी बिक्री बंद होगी तथा जमीन सम्बधी भुईया साफ्टवेयर को भी ब्लॉक किया जायेगा वही जो पूर्व मे जमीनी खरीदी बिक्री कर चुके है उस पर माननीय कोर्ट के निर्देश पर कार्य किया जायेगा

# बेटी बचाओ मंच के आयोजन में नमिता सावन क्वीन विजेता

## सीमा उप विजेता, श्रद्धा सावन श्रृंगार प्रथम तथा रश्मि द्वितीय रहे



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

बेटी बचाओ मंच विप्र नगर के महिला पदाधिकारियो ने विप्र नगर में सावन उत्सव का आयोजन किया। मुख्य अतिथि मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा थे। महिलाओं ने हरे परिधान में सावन झूला का आयोजन किया। झूला को हरी पत्तियां व बेल से सजाकर विविध करतब के साथ सावन झूला का आनंद लिया। इस दौरान सावन क्वीन तथा सावन श्रृंगार प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता मे विजयी होने के लिए प्रतियोगियों को झूला झूलने के तरीके, हरे रंग में सर्वाधिक श्रृंगार, सावन के धार्मिक महत्व पर विचार तथा सावन गीत जैसे विभिन्न चरणों से गुजरना पड़ा। सर्वाधिक नंबर के आधार पर नमिता डडसेना सावन क्वीन विजेता तथा सीमा कश्यप उपविजेता घोषित हुए। सावन श्रृंगार में श्रद्धा उपाध्याय प्रथम तथा रश्मि कश्यप द्वितीय स्थान से सम्मानित हुए। आयोजनों में लगातार सक्रियता एवं श्रेष्ठ कार्यों के लिए शशि यादव तथा रीता शर्मा को सावन की उपाधि से विभूषित किया गया। आयोजन में अच्छे प्रदर्शन के लिए कविता शर्मा, लीना सिन्हा, आरती जैन तथा भावना ग्वाल को विशेष पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। अंत में प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने प्रतियोगियों को पुरस्कार प्रदान किया।

# जन्मदिन पर नवकार महिला मंडल ने बोडरा स्कूल में बच्चों को उपहार भेंट किया





पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

नवकार महिला मंडल द्वारा जन्मदिन पर बोडरा शासकीय प्राथमिक स्कूल में 120 टाई, बेल्ट पेन कॉपी और चाकलेट वितरण किया गया। मंडल का उद्देश्य जरुरतमंदों के लिए जरूरत पूरी करना बोडरा स्कूल में बच्चों को टाई बेल्ट पेन कॉपी की आवश्यकता थी मंडल को जानकारी मिली तो मंडल के सभी सदस्य वहां जाकर उनकी जरूरत को पूरी की साथ ही सात पौधा रोपण किया गया। इस अवसर पर मंडल की संतोष मिनी, कुसुम गोलछा, कंचन चोपड़ा, सरला भूरा, इंदु, सरिता, संजु जैन, शकुन पींचा एवं स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाये उपस्थिति थे। मंडल के इस सहयोग के लिए शिक्षक शिक्षिकाये ने आभार धन्यवाद दिया और इतनी दूर सेवा दिए इस पर बहुत खुशी जाहिर की।

# विकासखंड स्तरीय शालेय शतरंज प्रतियोगिता में जुटे विद्यार्थी



पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुमगांव में विकासखण्ड स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें स्वामी आत्मानंद हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय तुमगांव, शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय भोरिंग, सेजेस पटेवा, सेजेस हिंदी, अंग्रेजी माध्यम महासमुंद, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झलप आदि विद्यालय के खिलाडी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर सेजेस तुमगांव के प्राचार्य लंकेश कुरील, व्याख्याता आई एल साहू, व्याख्याता आर आर तारक, पवन डेडसेना आदि शिक्षकोन ने खिलाड़ियों को बधाई दी। आयोजन को सफ्ल बनाने में व्यायाम शिक्षक डॉ. सुनील भोई, इंद्रानी भास्कर, राजेश्वरी ध्रुवंशी, अंजनी साहू, तृषा शर्मा, कामता साहू, डोलेश होता, कोसी एम. एम कुरवला का सहयोग रहा। सभी वर्ग के चयनित खिलाडी 1 अगस्त को पिथौरा में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में महासमुंद विकासखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। सभी चयनित छात्र-छात्राओ को विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा एवं विकासखंड खेल प्रभारी हिना ढालेन ने अग्रिम शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

# दस्तक हुई पुरस्कृत और सम्मानित



पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com

द्रोपती साहू द्वारा रचित हिन्दी काव्य संग्रह दस्तक नागपुर साहित्य अर्चन मंच द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर 28 जुलाई को पुरस्कृत और सम्मानित हुई। साहित्य अर्चन मंच ने देश के साहित्यकारों की हिंदी में 2018 से अब तक की प्रकाशित पुस्तकों की प्रविष्टियाँ मंगाई थी। 138 साहित्यिकारों की पुस्तकों में से 28 पुस्तकें पुरस्कृत और सम्मानित होने के लिए चयनित हुई, जिसमें छत्तीसगढ़ महासमुन्द की साहित्यकार द्रोपती साहू सरसिज की हिन्दी काव्य संग्रह दस्तक छटवें क्रम पर थी। साहू की इस कृति के लिए उन्हें पुरस्कार राशि, प्रतीक चिन्ह और शाँल सम्मानित किया गया। साहित्य के सभी सुधिजनों ने हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं।

# भाजपा के गरीब विरोधी नीतियों के चलते प्रदेशवासी प्रधानमंत्री आवास से वंचित : राशि

पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com



भाजपा सरकार के गरीब विरोधी नीतियों के चलते राज्य के पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नही मिल पा रहा है। केंद्रीय मंत्री का राजनीति से प्रेरित निराधार आरोप है कि पूर्व के कांग्रेस सरकार की नीतियों के चलते प्रदेश के लोगो को इस योजना का लाभ नही मिला। उक्त बातें प्रेस को जारी विज्ञप्ति में महासमुंद पालिकाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने कही। पालिकाध्यक्ष महिलांग ने कहा कि प्रदेश में भूपेश सरकार के समय केंद्र की सरकार ने राज्य के सात लाख आवासों को निरस्त किया था। निरस्त करने का मुख्य कारण राज्यांश देरी से जमा होने बताया गया जबकि राज्य ने 800 करोड़ रुपये राज्यांश के रुप मे जमा किया था व उसे केंद्र की सरकार से विभिन्न मदों से 50 हजार करोड़ रुपये लेनदारी थी। यह आवास आबंटन विभिन्न राज्यो में भी निरस्त किए गए थे। तत्कालीन भूपेश सरकार ने नए सिरे से अपने व्यव से नए सिरे से आवासों की स्वीकृति प्रदान की थी। वर्तमान भाजपा की सरकार ने अपने 7 माह के कार्यकाल में एक भी नए आवासों की स्वीकृति नही दी है। विधानसभा के प्रश्नों के जवाब में उपमुख्यमंत्री साव ने सदन को बताया है कि 6 महीनों में केंद्र ने राज्य को प्रधानमंत्री आवास के लिए कोई भी स्वीकृति प्रदान नही की है। महिलांग ने माँग की केंद्र सरकार के 18 लाख आवासों की स्वीकृति के दावों में राज्य के आवास हितग्राहियों में कितने हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास प्रदान हुआ है व उनके नाम सूची सार्वजनिक किए जाए। महिलांग ने आगे कहा कि राज्य व केंद्र की सरकार के प्रधानमंत्री आवास प्रदान करने के दावे केवल सरकारी विज्ञापनों व होर्डिंग्स तक ही सीमित है जबकि धरातल की सच्चाई इन दावों के ठीक विपरीत है। राज्य में भाजपा सरकार के गठन उपरांत प्रदेश वासियो को एक भी आवास वर्तमान तक नही मिल पाया है जबकि पूर्व की कांग्रेस की सरकार ने आवासहीनो के खातों में पहली किश्त भी डाली थी जबकि वर्तमान सरकार के सात महीनों के सत्तासीन होने के पश्चात भी 1 रुपए आवासहीनो के खाते में नही आए है।

# बाराडोली की बेटियों ने मिक्स बॉक्सिंग चैंपियनशिप में जीते मेडल



पायनियर संवाददाता < भंवरपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्यस्तरीय मिक्सबॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन लोहाना भवन फाफाडीह रायपुर में आयोजित किया गया। मिक्सबॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ जिला इकाई रायपुर द्वारा आयोजित उक्त चेम्पियनशिप में विभिन्न आयु एवं वजन समूहों में लगभग 250 महिला, पुरूष खिलाड़ियों ने अपनी खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए पदक जीतने पर सफल हुए। इस राज्यस्तरीय मिक्सबॉक्सिंग चेम्पियनशिप में मुख्य अतिथि के रूप में मास्टर सचिन सिंघोडे राष्ट्रीय महासचिव मिक्सबॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया, कार्यकारी अध्यक्ष वरुण पाण्डेय, पी राजीव चौरागड़े, के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। जिसमें जिला महासमुंद ब्लाक बसना से ग्राम पंचायत बाराडोली से डिलेश्वरी साव एवं सबेश्वरी साहु को गोल्ड मेडल, योगिता खुटे, प्रियंका साव तथा हेमा साव को सिल्वर मेडल, नंदिका साहु एवं रचना साव को ब्रांज मेडल मिला। खिलाड़ियों ने कोच हरिशंकर देवांगन के नेतृत्व में शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 पदक जीतकर जिले को गौरवान्वित किया है।

# बिजली बिल में वृद्धि एवं स्मार्ट मीटर के विरोध में युवा कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन

## बिजली बिल जलाकर किया जमकर नारेबाजी

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



जिला युवा कांग्रेस धमतरी द्वारा स्थानीय पावर हाउस के सामने बिजली बिल में बढी हुई दर और बाजपा द्वारा प्रस्तावित स्मार्ट मीटर के विरोध में जमकर प्रदर्शन किया। विष्णुदेव सरकार के खिलाफ नारे बाजी करते हुए पुराने बिजली बिल जलाए और महामहिम के नाम बिजली अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष नरेन्द्र सोनवानी ने चेतावनी देते हुए कहा कि बढे हुए बिजली दरों की कांग्रेस निरन्तर विरोध कर बढी हुई दरों को वापस लेने की मांग कर रहीं है इसी तारतम्य में विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदेश की विष्णुदेव सरकार शीघ्र ही बिजली बिल में बढी हुई दरों को वापस नहीं लेती और अगर स्मार्ट मीटर की योजना को लागू करती है तो युवा कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी जिसकी पूरी जवाबदेही छत्तीसगढ की भाजपा शासन की होगी। विरोध प्रदर्शन में मुख्यरुप से प्रदेश उपाध्यक्ष गुरमुख सिंह होरा, जिलाअध्यक्ष शरद लोहाना, विधायक ओमकार साहू, महापौर विजय देवांगन, युवा जिला अध्यक्ष नरेंद्र सोनवानी, पार्षद राजेश ठाकुर, राजेश पांडे, गुड्डा पेन्द्रिया, कमलेश सोनकर, दीपक सोनक, आवेश हाशमी पूर्व एल्डरमैन विक्रांत शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष आकाश गोलछा, महिला जिला अध्यक्ष शास्त्री, सबीना अंजुम, गणेश्वरी कामडे, युवा प्रदेश सचिव नदीम अली, तारिक रजा कादरी, कुलेश्वर देवांगन, तोमेश साहू, प्रमोद कुंजाम, अजय सिन्हा, आशुतोष खरे, चुकेश्वर प्रसाद नागेंद्र, मिथलेश साहू, अंबर चन्द्राकर, सूरज पासवान, सूरज प्रसाद, सुनील पवार, राजु देवांगन, प्रखर देवांगन, सुमित उइके एवं बडी संख्या में युवा कांग्रेसी उपस्थित थे।

# जिसके विवेक की आंखे न खुली हो उसकी आंखे बंद की बंद रहती है : विशुद्ध सागर



पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

परम पूज्य विशुद्ध सागर जी म सा ने अपने प्रवचन में फरमाया कि जिसके विवेक की आंखे न खुली हो उसकी आंखे बंद की बंद रहती है। हमने संसार में सब कुछ देखा लेकिन आज तक स्वयं को नहीं देख पाए इसलिए संसार में भटक रहे है। अगर सोने के साथ पीतल मिला कर अंगूठी बना दी जाए तो सोना अधिक होने के कारण उसे सोने की अंगूठी कहते है। लेकिन अगर उसी अंगूठी में पीतल की मात्रा अधिक हो जाए तो उसे पीतल की अंगूठी मानेंगे अर्थात उसका मूल्य कम हो जाता है। उसी प्रकार हमारी आत्मा भी है। हमने अपनी आत्मा में विषय, कषाय और कर्मो को इतना मिला दिया है जिसके कारण अपनी मूल्यवान आत्मा की वास्तविकता से हम दूर हो रहे है। ज्ञानी भगवंत कहते है जो स्वयं दोष नहीं करता उसे दूसरो का दोष नहीं दिखता। अर्थात उसमें दोष दृष्टि नहीं होती। अर्थात हमे भी स्वयं को दोष मुक्त करते हुए अपने दोषदृष्टि को दूर करना है। स्वयं के दोष हटते ही गुणों का आना प्रारंभ हो जाएगा। और साथ हो दूसरो के गुण भी दिखेंगे। द्वेष अर्थात क्रोध एक ऐसा जहर है जो हमे तब तक दुखी करता है जब तक उसका एक अंश भी हमारे अंदर हो। इसी प्रकार जिसके हृदय में द्वेष होता है उसके हृदय में प्रेम कभी नहीं आ सकता। चिंतन करना है कि मेरा दोष और द्वेष ही मेरे दुख का कारण है ।अगर हम परमात्मा से दूर है तो हो सकता है हमारा द्वेष ही इसका कारण है। हमने इस संसार में आकर सारे रिश्ते नाते प्राप्त कर लिए लेकिन विचार करना है कि क्या हम परमात्मा के परिवार का हिस्सा बन पाए।

# पीएमश्री चनाट मे शिक्षा सप्ताह का हुआ समापन



पायनियर संवाददाता < भंवरपुर
www.dailypioneer.com

पीएमश्री प्राथमिक शाला चनाट मे शासन के आदेशानुसार नई शिक्षा नीति के चार वर्ष पूर्ण होने पर शिक्षा सप्ताह का आयोजन हुआ, जिसमे प्रथम दिवस टी. एल. एम. निर्माण दिवस के रूप मे मनाया गया, जिसके उपलक्ष्य मे बच्चों को बनाना, द्वितीय दिवस पर एफएलएन गतिविधि, तृतीय दिवस योगा, विभिन्न स्थानीय खेलों का आयोजन एवं गतिविधियाँ, जिसमे अन्य बच्चों के साथ साथ दिब्यांग बच्चों को विशेष मौका दिया गया। बहुत ही उत्साह के साथ बच्चे गतिविधि कर रहे थे, चतुर्थ दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के रूप मे आयोजन हुआ, जिसमे स्थानीय लोक कलाकारों को आमंत्रित किया गया, उनके द्वारा बच्चों को पुराने धार्मिक कथा नल दमयंती की कहानी, आल्हा उदल की कहानी के साथ साथ संगीत सिखाये गये। बच्चों द्वारा डान्स प्रस्तुत किये गये।

शिक्षा सप्ताह के पंचम दिवस कौशल एवं डिजिटल पहल के रूप मे क्लास मे लगे स्मार्ट टीवी के उपयोग तथा स्थानीय बैंक, स्थानीय किराना दुकान, लोहार, सुनार के व्यवसाय आदि की जानकारी बच्चों को दिया गया। शिक्षा सप्ताह के छठवां दिन एक पेड़ मां के नाम थीम पर वृक्षारोपण किया गया, मिशन लाइफ के अंतर्गत दो सौ सीड बाल तैयार कर बच्चों की मदद कचनार के बीज डाले गए, उन्हें बच्चो को बाड़ी मे लगाने हेतु दिए गए। अंतिम अर्थात सातवां दिवस न्योता भोज के साथ समुदाय को जोड़कर कार्यक्रम का समापन हुआ।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजनों की समस्याएं

## आवेदनों का समय सीमा में निराकृत करने हेतु किया निर्देशित

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिला कार्यालय में आयोजित हुए कलेक्टर जनदर्शन में आज कलेक्टर दीपक सोनी ने आम लोगों की समस्याओं, शिकायतों को गंभीरता से सुनकर अधिकारियों को निराकरण करने हेतु निर्देशित किया। जन चौपाल में अलग-अलग समस्याओं के निराकरण हेतु कुल 28 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने प्रकरणों के अनुसार संबंधित अधिकारियों को आवेदन प्रेषित करते हुए यथाशीघ्र नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने महत्वपूर्ण प्रकरणों को समय सीमा में दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही संबंधित अधिकारी को प्रेषित किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुदिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुदीप्ती गौते, प्रशिक्षु आईएफएस अक्षय दिनकर भोसले, सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी गण उपस्थित रहे। जनदर्शन में ग्राम सूरजपुरा के ग्रामीण द्वारा रकबा नंबर 460 घास भूमि को खेल मैदान हेतु आरक्षित करने के संबध में आवेदन



प्रस्तुत किया जिस पर कलेक्टर तहसीलदार भाटापारा को निर्देशित करते हुए समय सीमा में प्रकरण को निराकरण करने कहा है। इसी तरह पंचायत संडी के ग्रामीणों द्वारा ग्राम पंचायत देवतराई से पृथक कर नवीन पंचायत गठन हेतु आवेदन किया जिस पर कलेक्टर ने उप संचालक पंचायत को निरीक्षण कर जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा गया है। इसके अलावा जनदर्शन में स्वास्थ्य उपचार, नए राशन कार्ड निर्माण, रोजगार की मांग, सड़क नाली निर्माण, अतिक्रमण हटाने, मुआवजा दिलवाने, सीमांकन कराने जैसे अन्य आवेदन प्राप्त हुए।

# नया ग्राम पंचायत बनने खपरी के ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन




पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत जरवायडीह के आश्रित ग्राम खपरी को स्वतंत्र पंचायत बनने की मांग को लेकर खपरी सिलीडीह भखारा तहसील के ग्रामीणों व्दारा बसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष आशीष रात्रे के नेतृत्व में धमतरी कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। ग्राम खपरी के कामदेव बघेल का कहना है कि हमारे ग्राम पंचायत जरवायडीह का आश्रित ग्राम खपरी है और आश्रित ग्राम होने के वजह से विकास कार्य नहीं हो पा रहा है विनोद बघेल ने बताया कि सन् 2019 से हम लोग ग्राम खपरी को स्वतंत्र पंचायत बनने की जिला कलेक्टर से कर रहे हैं लेकिन इस पर कोई ठोस पहल नहीं हो रहा है। आशीष रात्रे ने कहा कि पिछ्ले चुनाव से पहले कुरुद क्षेत्र के चार नये स्वतंत्र पंचायत बनाया गया है ग्राम खपरी से भी जनसंख्या कम होने के वजूद बनाए गए हैं प्रशासन भेद-भाव पूर्वक कार्य कर रहे हैं। तत्काल जनहित में धमतरी कलेक्टर ग्राम पंचायत जरवायडीह के आश्रित गांल खपरी को स्वतंत्र पंचायत बनायें ताकि गांव का सर्वांगीण विकास हो सके। इस बार ग्रामीण स्वतंत्र पंचायत नहीं बनने पर उग्र आन्दोलन करेंगे। ग्रामीणों में अनिल बघेल पंच, दिन कुमार बघेल, गणेश बघेल, दाऊलाल बंजारे, रमेश बघेल, खिलेन्द डिगरे, पुष्पेंद्र बघेल, दुर्गेश बंजारे, नीरज बघेल, भगत बघेल शामिल थे।

# पटरीपार में जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शिविर में महापौर ने आयुक्त के साथ सुनी वार्डवासियों की समस्याएं

■ जन समस्या निवारण शिविर में 136 आवेदनों का मौके पर हुआ त्वरित निराकरण

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com





नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत सोमवार को शहर के पटरीपार आदित्य नगर, कुशाभाऊ ठाकरे में वार्ड क्रमांक 14 से लेकर वार्ड 60 तक शिविर में सुबह से ही आम नागरिकों के पहुचने का सिलसिला शुरू हुआ और नागरिको ने शिविर के स्टॉल में पहुँच कर अपनी समस्या को दर्ज कराया।शिविर में महापौर धीरज बाकलीवाल ने उपस्थित होकर आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, सभापति राजेश यादव, संजय कोहले, दीपक साहू, पार्षद देवनारायण चन्द्राकर, अरुण सिंह, जमुना साहू, काशीराम कोसरे, अमित देवांगन, निर्मला साहू, खिलावन मटियारा, काशीराम रात्रे सहित अधिकारियो की मौजूदगी में लोगों की समस्याएं सुनी और निवारण का आश्वासन दिया।साथ ही मौके पर मौजूद निगम के अधिकारी व कर्मचारियों को समस्याओं के उचित निराकरण के लिए निर्देशित किया।शिविर में महापौर धीरज बाकलीवाल की मौजूदगी में वार्डों से पहुंचे आमजनों ने अलग-अलग समस्याओं से महापौर को अवगत कराया। जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शिविर में पीएम स्वनिधि, नल कनेक्शन, राशन कार्ड, अतिक्रमण, जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र, नाली, सड़क, भवन निर्माण आदि से संबंधित समस्याओं को लेकर आवेदक शिविर स्टाल पहुंचे। साथ ही वार्ड की अन्य समस्याओं से भी महापौर को अवगत कराया। वार्डवासियों के समस्याओं के लिए महापौर धीरज बाकलीवाल ने शिविर में मौजूद अधिकारियों को जल्द निराकरण के लिए निर्देश दिए। बता दे जनसमस्या निवारण शिविर में कुल 338 लोगों ने आवेदन प्रस्तुत किया। जिसमे 136 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। अन्य 202 आवेदनों पर प्रक्रिया के तहत कार्रवाही शुरू कर दी गई है। शिविर में सबसे ज्यादा आवेदन इसमें 107 अतिक्रमण के ऐसे शिकायत है।वार्ड 14 से वार्ड 22 तक एवं वार्ड 57 से वार्ड 60 तक के जनसमस्या निवारण शिविर में सैकड़ो लोग किसी न किसी समस्या के निराकरण के लिए पहुंचे थे। सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक चले शिविर में 3 हितग्राही खुद के लिए आवास मिलने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये. शिविर स्थल में सबसे ज्यादा भीड़ आधार अपडेट कराने वालों की थी, 29 लोगों ने आधार अपडेट कराये, 13 लोगो ने ईलाज कराने आयुष्मान कार्ड बनवाया। शिविर स्थल पर 46,986 रूपए की राजस्व वसूली भी की गई। इसके अलावा जल विभाग से संबंधित 17 आवेदन, नाली, सड़क संबंधी निर्माण के लिए और 24 लोग राशन कार्ड में नाम संशोधन कराने पहुंचे थे। साफ सफाई से संबंधित पूरा 39 आवेदनों को मौके पर ही निराकरण किया गया।शिविर में मौजूद संयुक्त कलेक्टर वीरेंद्र सिंह, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, सहायक अभियंता आर के पालिया,भवन अधिकारी गिरीश दीवान, दुर्गेश गुप्ता, जावेद अली, तहसीलदार ख्याति नेताम, शुभम गोइर व अधिकारी/ कर्मचारी मौजूद रहें।शिविर में जानकारी के मुताबिक महतारी वंदन योजनांतर्गत जिन हितग्राहियों का DBT नही हुआ है उनका डाक विभाग के सहयोग से पोस्ट ऑफिस में खाता खुलवाया गया। गर्भवती महिलाओं का गोदभराई का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे गर्भवती महिलाओं को पोषण टोकरी उपलब्ध करवाया गया जिसके माध्यम से यह बताया गया कि गर्भावस्था में बच्चे के पोषण के लिए पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थ व अतिरिक्त आहार लेने की आवश्यकता होती है। पौष्टिक आहार से बच्चे का शारीरिक व मानसिक विकास पूर्ण तरीके से होता है एवं माता स्वस्थ बच्चे को जन्म दे सकती है।

# हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर में शुद्ध पानी की मांग, पार्षद निधि से लगेगा आरओ





पायनियर संवाददाता ◄ रिसाली
www.dailypioneer.com

नेवई वार्ड 32 स्थित हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर पहुंचे मरीजों को आर. ओ. का पानी मिलेगा। नेवई स्थित जनसमस्या निवारण शिविर में नागरिकों ने शुद्ध पानी की मांग की थी। क्षेत्रीय पार्षद एवं स्वास्थ्य विभाग प्रभारी गोविन्द चतुर्वेदी ने नागरिको की इस मांग को पूरा करते हुए निर्देश दिए कि आर. ओ. पार्षद निधि से लगाया जाए। शिविर में इस मांग का निराकरण तत्काल किया गया। आयुक्त मोनिका वर्मा के मार्ग दर्शन में चल रहे जनसमस्या निवारण शिविर के दूसरे दिन लगभग 200 लोगों ने अलग-अलग मांग व शिकायत लेकर पहुंचे थे। शिविर में 186 शिकायतों में 47 का निराकरण कर शेष 139 आवेदनों को निराकरण करने संबंधित विभाग को सौंपा गया। नगर सुराज अभियान के तहत लगाए जा रहे शिविर में एमआईसी गोविन्द चतुर्वेदी, अनुप डे, चन्द्रप्रकाश सिंह निगम, पार्षद सुनंदा चंद्राकर, रमा साहू, विधि यादव, धर्मेन्द्र भगत, विधायक प्रतिनिधि के रूप में मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेण्डे, महामंत्री राजू जंघेल, अजीत चैधरी आदि उपस्थित थे।

**पार्षद के आतिथ्य में गोदभराई-** शिविर में गोदभराई व अन्न प्रसान्न का कार्यक्रम किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग रेडी टू ईट से बने पौष्टीक व्यंजन का स्टॉल भी लगाया था। शिविर में पार्षद सुनंदा चंद्राकर एवं रमा साहू ने दिव्या जोशी के बेटे अंकित जोशी का पहले खीर खिलाककर मुँह जुठाई कराया। बात में वंदना साहू पति प्रदीप की गोदभराई की।

**शिविर स्टेशन मरोदा में-**मंगलवार को जनसमस्या निवारण शिविर दुर्गा मंच मैदान स्टेशन मरोदा में लगाया जाएगा। इस शिविर में वार्ड-16 बी.आर.पी कालोनी, 17 शिव पारा, 18 एच.एस.सी.एल. कालोनी, 19 विजय चैक, 20 शंकर पारा एवं वार्ड 21 सूर्या नगर स्टेशन मरोदा के नागरिक समस्या मूलक आवेदन कर सकते है।

# नगरीय निकायों के अधिकारी कर्मचारी धरना प्रदर्शन कर सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◄ बलरामपुर
www.dailypioneer.com



नगरीय निकायों में प्रतिमाह वेतन भुगतान व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग को लेकर नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के नेतृत्व में एक दिवसीय हड़ताल पर रहे। संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी, उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी,महामंत्री अभिषेक मिश्रा के निर्देशन पर एवं बलरामपुर जिले के जिला अध्यक्ष अमित जायसवाल उपाध्यक्ष संजीव पाठक सचिव अविनाश सिंह कोसा अध्यक्ष इम्तियाज अंसारी महामंत्री सुधीर श्रीवास के नेतृत्व में समस्त नगरीय निकायों के नियमित कर्मचारियों ने जिला मुख्यालय में धरना-प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष अमित जायसवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ के सभी नगरीय निकायों में कर्मचारियों का वेतन भुगतान की समस्या का समाधान शासन स्तर से करने एवं पुराना पेंशन लागू करने को लेकर 29 जुलाई को एक दिवसीय हड़ताल पर जिले एवं राज्य के समस्त नगरीय निकाय रहे। और कलेक्ट्रेट में अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर जिला बलरामपुर को ज्ञापन सौंपा गया। व्ही संघ की ओर से कहा गया है कि प्रत्येक महीने की 1 तारीख को वेतन भुगतान की व्यवस्था शासन स्तर पर सुनिश्चित किया जाए,साथ ही अन्य विभागों की तरह नगरीय निकायों में पुरानी पेंशन योजना शीघ्र ही लागू की जाए,निकायों के उपरोक्त समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर आगामी दिनों में अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जाएगा।

ज्ञापन सौंपने के दौरान नगर पंचायत में रामानुजगंज वाड्रफनगर राजपुर एवं कुसमी के कर्मचारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

**ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार युवक-युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने**

# आरएसईटीआई द्वारा चलाया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम, 31 जुलाई से प्रशिक्षण प्रारंभ

■ प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भस्ता को बढ़ाने में मदद मिलती है

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आर.एस. ई.टी.आई) दुर्ग भारत सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। आर.एस.ई.टी.आई. का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार युवक-युवतियों को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार विकास को सुगम बनाना है। आर.एस.ई.टी.आई द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम आत्म-उत्पादकता, सरलीकरण, कौशल विकास, उद्यमिता, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं के बारे में शिक्षण प्रदान करते हैं। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भस्ता को बढ़ाने में मदद मिलती है। इस हेतु संस्थान द्वारा दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिले के ग्रामीण क्षेत्र के युवक-युवतियों हेतु जुलाई माह में निःशुल्क आवासीय (भोजन व्यवस्था के साथ) निम्न प्रशिक्षण प्रारंभ किया जाएगा। बैंक ऑफ बड़ौदा आर.एस.ई.टी.आई. दुर्ग के निदेशक से मिली जानकारी अनुसार 31 जुलाई 2024 से फोटोग्राफी एवं विडियोग्राफी (30 दिन), 05 अगस्त 2024 से सीसीटीवी कैमरा इंस्टालेशन (13 दिन), 19 अगस्त 2024 से मोबाईल रिपेयरिंग (30 दिन) प्रशिक्षण हेतु दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा के ग्रामीण क्षेत्र के 18 से 45 वर्ष के युवक-युवतियों से आवेदन आमंत्रित है।

प्रशिक्षण हेतु आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, राशन कार्ड, नरेगा जॉब कार्ड, मार्कशीट, पासपोर्ट फोटो की छायाप्रति अनिवार्य है। अधिक जानकारी हेतु फोन-0788-2961973 व ऑनलाइन लिंक ीजजचेरू्ध्धिवतउेण्हसमध्अेडलग्ज्ूइ7 उ्मूकइग 6 में अवलोकन अथवा शंकराचार्य हॉस्पिटल के पास जुनवानी भिलाई में संपर्क कर सकते है।

# विश्व ओआरएस दिवस के अवसर पर रोगों से बचने के बताये उपाय



पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिला चिकित्सालय दुर्ग के एमसीएच बिल्डिंग के शिशु रोग विभाग ओपीडी में 29 जुलाई 2024 को विश्व ओआरएस दिवस के उपलक्ष्य पर वहां उपस्थित सभी जनसमूह, नर्सिंग स्टॉफ व मितानिन के समक्ष स्वास्थ्यगत कार्यक्रम आयोजन किया गया। इसमें सभी को हाथ धोने का तरीका, ओआरएस बनाने की विधि, बरसात के मौसम में दस्त, पीलिया, डेंगू, मलेरिया आदि रोगों से बचने के उपाय बताये गये। साथ ही दस्त रोग के ईलाज में जिंक की गोली लेने के महत्व बताया गया। कार्यक्रम सिविल सर्जन डॉ. हेमंत साहू के मागदर्शन में किया गया। इस कार्यक्रम में शिशु रोग विभाग प्रमुख व शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. आर.के. मल्होत्रा व डॉ. सीमा जैन, डॉ. समीत प्रसाद, डॉ. किरण, डॉ. गरिमा, डॉ. गोवर्धन, डॉ. सुनीता व नर्सिंग स्टॉफ शामिल थे।

# नक्सली एरिया कमांडर गिरफ्तार आगजनी की घटना को दिया था अनजाम




पायनियर संवाददाता ◄ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

पुलिस ने झारखंड के नक्सली सत्यनारायण यादव उर्फ बालाजी को अरेस्ट करने में सफलता हासिल की है माओवादी बालाजी झारखंड जन मुक्ति परिषद का सदस्य भी है कुसमी से पुलिस ने इस खूंखार माओवादी को गिरफ्तार किया है माओवादी बालाजी के पास से दो नग 315 बोर की पिस्टल और चार कारतूस के अलावा कई नक्सल पर्चे, नक्सल लेटरपैड और नक्सलियों की डायरी मिली है। उक्त मामले का खुलासा करते हुए जिले के पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल ने बताया कि सत्यनारायण यादव उर्फ बालाजी कई नक्सल घटनाओं में शामिल रहा है उसने सामरी माइंस में आगजनी की घटना को अंजाम देने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने बताया कि सामरी थाना क्षेत्र में 4 एवं 13 जुलाई को टाटीझरिया माइंस में कुछ लोगों ने नक्सली पर्चे फेंके थे और आगजनी में कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया था उक्त मामले में अपराध पंजीयन किया गया था इसी कड़ी में नक्सली सत्यनारायण यादव उर्फ बालाजी को गिरफ्तार किया गया है और आरोपी के पास से दो देसी पिस्टल सहित अन्य सामग्रियां जप्त की गई है।

# खेत जाने का रास्ता हुआ बंद, अवैध कब्जा से किसान हुए परेशान, जनदर्शन में प्राप्त हुए 205 आवेदन

■ 10 वर्षीय पोते को दिव्यांग छात्रावास में प्रवेश दिलाने कलेक्टर से लगाई गुहार

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com





संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर की उपस्थिति में कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने जनदर्शन में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में आज 205 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में आवेदन लेकर पहुंचे पदुम नगर चरोदा निवासी ने अपने 10 वर्षीय पोते को दिव्यांग छात्रावास में प्रवेश दिलाने कलेक्टर से गुहार लगाते हुए कहा कि उनका पोता दिव्यांग है। बच्चे के माता-पिता रोजगार के लिए जिले से बाहर निवास करते हैं। अपनी आर्थिक स्थिति को देखते हुए बच्चे को शिक्षा प्रदान करने के लिए दिव्यांग छात्रावास दुर्ग में प्रवेश दिलाने आवेदन किया। इस पर कलेक्टर ने आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग एवं समाज कल्याण विभाग को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ग्राम कुथरेल के किसानों ने कृषि भूमि पर अवैध कब्जे को हटाकर खेत में जाने हेतु रास्ता प्रदान करने के लिए आवेदन दिया। पंडित श्यामा प्रसाद शुक्ला भाठा तालाब कुथरेल के पीछे स्थित भूमि में कृषि कार्य हेतु तालाब के मेड़ से आना-जाना किया जाता है। उक्त कृषि भूमि में जाने हेतु अन्य कोई रास्ता नहीं है। अन्य व्यक्ति द्वारा रास्ते में अवैध कब्जा कर मकान का निर्माण किया जा रहा है, जिससे आने-जाने का रास्ता बंद हो रहा है तथा खेती किसानी करने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम दुर्ग को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। वार्ड नम्बर 04 अहिवारा वार्डवासियों ने प्रतिक्षालय के पास शासकीय भूमि पर अन्य व्यक्तियों द्वारा अवैध अतिक्रमण कर उक्त जमीन पर दुकान का निर्माण किए जाने की शिकायत की। इसी प्रकार ग्राम उमरपोटी के समस्त किसानों ने भारतमाला परियोजना में निर्माण हो रहे दुर्ग-आरंग के अंतर्गत वर्तमान अधिग्रहित की जा रही कृषि भूमियों के मुआवजा का निर्धारण गाईडलाईन दर के अनुसार भूमि का मूल्यांकन कर मुआवजा राशि की मांग की। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम दुर्ग को कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# शिक्षा विभाग का संभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न





पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत दुर्ग के होटल एवलौन ईन में शिक्षा विभाग का संभाग स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन विगत 26 जुलाई 2024 को किया गया। जिसमें तंबाकू के नशे से होने वाले हानिकारक प्रभाव के बारे में एवं तंबाकू उत्पादों से होने वाले विभिन्न बीमारियों के बारे में जागरूक किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ. आर. के. खण्डेलवाल ज़िला नोडल अधिकारी, डॉ. शिल्पा जैन प्रोफेसर दंत चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर, ज़िला कार्यक्रम अधिकारी संदीप ताम्रकार एवं एन.टी.सी.पी. कार्यक्रम से काउंसलर ललित कुमार साहू व सोसल वर्कर कविता ताम्रकार के द्वारा जिला चिकत्सालय में संचालित तम्बाकू मुक्ति केन्द्र की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में दुर्ग संभाग के समस्त ज़िलों के जिला शिक्षा अधिकारी और विकासखंड अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला में डॉ. खंडेलवाल जिला नोडल अधिकारी ने बताया कि तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षा विभाग के माध्यम से सभी विद्यार्थियों को तंबाकू से होने वाली बीमारी एवं होने वाले नुकसान को बताने में महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। उन्होंने सभी शिक्षकों से निवेदन किया कि बच्चों को तंबाकू एवं अन्य नशे से दूर रखने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर संदीप ताम्रकार डीपीएम स्वास्थ्य विभाग ने शिक्षा विभाग को स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलने वाले समस्त कार्यक्रमों में अपने विद्यार्थियों को लाभान्वित करने हेतु सतत् निगरानी रखने की बात की। साथ ही चिरायु कार्यक्रम, एनीमिया मुक्त के अंतर्गत साप्ताहिक आयरन गोली खिलाने, बच्चों के आंख की जांच इत्यादि कार्यक्रम सहित 104 स्वास्थ्य विभाग के टोल फ्री नंबर में दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। उक्त कार्यक्रम में डॉ. शिल्पा जैन राष्ट्रीय मास्टर टेनर के द्वारा तंबाकू से होने वाले हानिकारक प्रभाव के बारे में जानकारी दी गई और तंबाकू की लत को कैसे छोड़े, इस पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही राज्य लीगल सलाहकार ख्याति जैन के द्वारा कोटपा अधिनियम 2003 के सभी प्रमुख धाराओं के बारे में जानकारी दी।

**संस्कार भारती दुर्ग जिला इकाई का नटराज पूजन, तथा गुरु पूर्णिमा उत्सव आयोजित**

# गुरुओं के पैर धोकर किया पूजन और लिया आशीर्वाद

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com






संस्कार भारती दुर्ग जिला इकाई का नटराज पूजन तथा गुरु पूर्णिमा उत्सव, 27 जुलाई शनिवार कृष्णा पब्लिक स्कूल नेहरू नगर भिलाई के नटराज सभागार में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि मदन मोहन त्रिपाठी, (महा प्रबंधक कृष्णा पब्लिक स्कूल समूह ), रिखी क्षत्रिय प्रांत अध्यक्ष और कीर्ति व्यास जिला अध्यक्ष ने दीप प्रज्वलन तथा नटराज एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात सामूहिक ध्येय गीत प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि तथा अध्यक्ष द्वय का परिचय दिया गया। स्वागत भाषण कीर्ति व्यास ने दिया व कार्यक्रम की भूमिका बताई। रिखी क्षत्रिय ने अपने उद्बोधन में गुरु की महत्ता बताते हुए कहा कि गुरु को गुरु दक्षिणा के रूप में शिष्य से धन वैभव नहीं चाहिए शिष्य के जीवन में गुरु का इतना महत्वपूर्ण स्थान है कि शिष्य को जीवन में किसी भी समस्या से तथा भव सागर से पार केवल गुरु ही उतार सकते हैं,गुरु शिष्य परंपरा अति आवश्यक है। मदन मोहन त्रिपाठी ने मुख्य आसंदी से श्रीराम, श्रीकृष्ण, चाणक्य, वर्तन्तु के जीवन के प्रसंगों में गुरु शिष्य के आचार ,विचार ,व्यवहार पर उदाहरण देकर, भारतीय कला व संस्कृति पर ज्ञान वर्धन किया तथा संस्कार भारती के इस उत्सव को उनकी शाला में आयोजित करने हेतु साधुवाद देते हुए कहा कि संस्कार भारती ने हमें तथा हमारे भवन को इतने सुंदर आयोजन का अवसर प्रदान किया। सारगर्भित उद्बोधन के पश्चात मदन मोहन त्रिपाठी का सम्मान स्मृति चिन्ह के रूप में,लोक वाद्य रुंझु देकर, रिखी क्षत्रिय व कीर्ति व्यास ने देकर किया गया। व्यास ने गुरु वंदना प्रस्तुत की। तत्पश्चात सभी कला गुरुओं, सतीश इंदूरकर (शास्त्रीय गायन ), मदन शर्मा (ढोलक वादक , गीतकार तथा लता मंगेशकर से छत्तीसगढ़ी गीत गवाने वाले),तबला गुरु गोवर्धन सरपे, कथक गुरु प्रकाश उमरे, रविन्द्र संगीत गुरु शिप्रा भौमिक के शिष्यों क्रमशः चैतन्य जोगलेकर (गायन) एवं अंकित जायसवाल (हारमोनियम), देवलाल साहू, पूनम सरपे (तबला), अपूर्वा एवं स्वर्णिमा (कथक) ने अपने अपने गुरुओं का पैर धोकर, पोंछकर, कुमकुम लगाकर, विधिवत पूजन किया। रिखी क्षत्रिय व कीर्ति व्यास ने सभी कला गुरुओं का पुष्प, श्रीफल, शॉल ओढ़ाकर व सम्मान पत्र देकर सम्मान किया। मुख्य अतिथि तथा सभी कला गुरुओं को एक- एक पौधा भी भेंट किया गया। तत्पश्चात शिष्यों की प्रस्तुतियों में सर्वप्रथम चैतन्य जोगलेकर ने राग जोगकौंस में छोटा ख्याल की मधुर प्रस्तुति दी। पूनम सरपे ने तबले पर रूपक ताल प्रस्तुत किया। जिसके साथ अंकित जायसवाल (खैरागढ़ ) था अंजना सरपे ने हारमोनियम पर लहरा दिया। तीसरी प्रस्तुति में अपूर्वा व स्वर्णिमा ने कथक विधा में सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। चतुर्थ प्रस्तुति में गुरु राजेश्वरी देवांगन की शिष्याओं, अनुष्का ,याशी एवं तुशिता ने भरतनाट्यम में सुंदर प्रस्तुति दी। पंचम प्रस्तुति में गीत वितान समूह के 18 सदस्यों ने गायन और वादन वृंद के साथ मिथुन दास के नेतृत्व में सुमधुर रविंद्र संगीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ . ज्योति धारकर ने किया। कार्यक्रम में संस्कार भारती इकाई से आचार्य महेशचंद्र शर्मा, कार्तिक भोंसले ,ज्योति शर्मा शशिकला नायडू,हेमंत सगदेव, लालेश्वरी साहू , पुष्पलता नेताम , ज्योति गुप्ता, राजेश्वरी देवांगन, मोनिशा मल्होत्रा, मीरा तिवारी, सत्यवती शुक्ला, वंदना मिश्रा, पल्लवी त्रिवेदी, स्वाति पेंढारकर, देवयानी व्यास, विकास पांडे, राजेश धारकर, हेमंत जगम, संजय तनखीवाले, प्रशांत क्षीरसागर,योगेश उत्खेड़े , गिरीश सिंह राजपूत, अभिमान, अमृतांश , सहित नगर के प्रतिष्ठित लोगों में शोभना व्यास, मिश्रा , पेंढारकर और भारत भूषण परगनिहा आदि उपस्थित थे। सभी ने गुरु पूजन विधि की सराहना की।

# शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में चलाए जाएंगे नशामुक्ति जन जागरूकता कार्यक्रम

■ जिले को नशामुक्त बनाने जिला प्रशासन की पहल
■ अभियान के संचालन हेतु 56 वालिंटियर नियुक्त

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा नशामुक्ति के पक्ष में सकारात्मक वातावरण विकसित करने तथा राष्ट्र को नशामुक्त बनाने के लिए नशामुक्त भारत अभियान (एनएमबीए) का संचालन जिले में किया जा रहा है। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नशामुक्त भारत अभियाान के बैनर तले युवाओं, बच्चों, शैक्षणिक संस्थानों, महिलाओं और जन समुदाय की भागीदारी के साथ मादक द्रव्यों के सेवन की रोकथाम करने, समय-समय पर मादक द्रव्यों के सेवन से संबंधित जागरूकता प्रचार-प्रसार कार्यक्रम, सेमीनार, रैलियां, नुक्कड़ नाटक, नशा बंदी प्रतियोगिताएं, सोशल मीडिया के द्वारा प्रचार अभियान, नशा बंदी शपथ आदि का संचालन किया जाना है। जिसके लिए कलेक्टर चौधरी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति भी गठित की गयी है। नशामुक्ति अभियान को अपेक्षित गति प्रदान करने हेतु सहायक कलेक्टर एम. भार्गव को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस अभियान में नशामुक्ति के क्षेत्र में कार्य किए जाने हेतु कुल 56 वालिंटियर्स को नियुक्त किया गया है। जिनमें 20 युवोदय के स्वयं सेवी, 21 एनएसएस के विद्यार्थी तथा 15 नेहरू युवा केंद्र के स्वयं सेवी शामिल है।

## संपादकीय

### दिल्ली त्रासदी छात्रों की मृत्यु

**दिल्ली की एक त्रासदी** में 'बेसमेंट' में पानी भरने के कारण तीन छात्रों की दु:खद मृत्यु हो गई। यह प्रशासनिक संवेदनहीनता और लापरवाही का एक और उदाहरण है। यह घटना त्रासद व हृदय विदारक है। कल्पना करना कठिन है कि तीन छात्रों की एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भरने से मृत्यु हो सकती है। इस हृदय विदारक घटना से एक बार फिर शहरी ढांचागत संरचना और प्रशासन में व्याप्त भयानक कमी उजागर होती है। एक बेसमेंट में पानी भरने के कारण तीन सिविल सर्विस उम्मीदवार छात्रों की जान चली गई। इस विभीषिका से बचा जा सकता था। इससे आधिकारिक लापरवाही, सुरक्षा मानकों की अनदेखी तथा बार-बार होने वाली ऐसी घटनाओं की असलियत सामने आती है। उस दुर्भाग्यपूर्ण शाम शहर में भारी बरसात हुई जिससे शहर की अनुपयुक्त जल निकासी व्यवस्था निपट नहीं पा रही थी। जिस बेसमेंट में छात्र पढ़ रहे थे, वहां तेजी से पानी भर गया। भागने के अनेक प्रयासों के बावजूद पानी के बढ़ते स्तर के कारण तीन नौजवानों को दु:खद रूप से अपनी जान गंवानी पड़ी। कामर्शियल भंडारण के लिए बने बेसमेंट को अवैध रूप से एक कोचिंग सेंटर में बदल दिया गया था। हवा निकलने का रास्ता, आपात निकास या जल-निकासी व्यवस्था के अभाव में यह बरसात के समय मौत का फंदा बन गया। यह दुर्घटना अनेक शहरवासियों के समक्ष मौजूद यथार्थ रेखांकित करती है जो अधोमानक व असुरक्षित आवासों में रहने को मजबूर हैं। इसका कारण अनपयुक्त आवास नीतियां तथा रियल इस्टेट के तेजी से बढ़ते दाम भी हैं।



यदि 'बिल्डिंग कोड' का कठोर क्रियान्वयन होता तथा समय पर जल निकासी व्यवस्था का रखरखाव होता तो इन छात्रों को मरने से बचाया जा सकता था। लेकिन इस दुर्घटना ने एक बार फिर उन अधिकारियों की लापरवाही उजागर की है जो नागरिकों की सुरक्षा और बेहतरी सुनिश्चित करने के जिम्मेदार हैं। इस क्षेत्र के निवासियों ने खराब जल निकासी और बेसमेंटों को अवैध रूप से आवासीय स्थल बनाने की बार-बार शिकायत की थी। लेकिन इन चेतावनियों के बावजूद कोई कदम नहीं उठाया गया। नगर निगम अधिकारियों की लापरवाही तथा गैर-जिम्मेदारी ने एक और त्रासदी को जन्म दे दिया। तीन छात्रों की मृत्यु के बाद यह समय बहुतों के लिए सोशल मीडिया पर घड़ियाली आंसू बहाने का है। विडंबना है कि राजनेता वर्ग का एक बड़ा हिस्सा ऐसी घटनाओं पर शोक प्रकट करने के सिवा और कुछ नहीं करता है। वास्तव में इसका कारण स्थानीय राजनेताओं, नौकरशाहों व संदिग्ध पहचान वाले बिजनेस मालिकों के बीच गठजोड़ है जिससे तेजी से पैसा कमाने के लिए मानकों की धज्जियां उड़ा दी जाती हैं। यह कोई अलग-थलग घटना नहीं है, बल्कि अतीत में भी ऐसी घटनायें होती रही हैं। यह परेशान करने वाली प्रवृत्ति है जहां प्रभावशाली लोग आमतौर से सुरक्षा मानकों की अनदेखी करते हैं। अवैध निर्माण, अनाधिकृत परिवर्तन तथा ढांचागत संरचना का खराब रखरखाव राजधानी शहर समेत अनेक शहरों में आम हो गया है। अक्सर बिल्डर और भूस्वामी नियमों की अनदेखी कर मुनाफे के लिए निवासियों की सुरक्षा से समझौता करते हैं। खतरनाक रूप से ऐसी घटनायें बार-बार होती हैं। हर बार खराब ढांचागत संरचना, लापरवाही तथा जवाबदेही की कमी जैसे समान मुद्दे उजागर होते हैं। लेकिन हर त्रासदी के बाद जनता के शोरशराबे और मीडिया में सुर्खियों के बावजूद कोई खास परिवर्तन नहीं होता है। एक रस्मी जांच होने के बाद उसकी रिपोर्ट आ जाती है और इसके बाद इसे दूसरी घटना होने तक जनता और देश की समृति से भुला दिया जाता है।

# विकास-केन्द्रित केन्द्रीय बजट

सरकार ने पिछले चार वर्ष की उपलब्धियों के आधार पर एक विकास-केन्द्रित बजट पेश किया है। इसमें नौजवानों को नौकरियां देने तथा उनके कौशल संवर्धन हेतु कई योजनाओं की घोषणा शामिल है।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



**लगातार** तीन साल से सकल घरेलू उत्पाद-जीएसटी वृद्धि 8 प्रतिशत से अधिक होने से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 23 जुलाई, 2024 को प्रस्तुत 2024-25 के केन्द्रीय बजट में इस वर्ष भी यह गति बनाए रखने की पूरी उम्मीद है। वर्तमान वित्त वर्ष में उन्होंने 1111,111 करोड़ के पूंजीगत खर्च का अनुमान लगाया है जो वित्त वर्ष 2023-24 के संशोधित अनुमान से 17 प्रतिशत अधिक है। 2019-20 के बजट में उन्होंने 2024-25 तक भारतीय अर्थव्यवस्था के 5 ट्रिलियन डालर तक पहुंचने का अनुमान लगाया था। इस लक्ष्य के अनुरूप उन्होंने अगले पांच वर्ष में ढांचागत निर्माण हेतु 100 लाख करोड़ रुपये के निवेश का अनुमान लगाया है। इसमें से 39 प्रतिशत या 39,00,000 करोड़ केन्द्र और राज्यों से आएगा तथा बाकी 22,00,000 करोड़ निजी क्षेत्र से आने की उम्मीद है। पिछले चार वर्ष में केन्द्र का पूंजीगत खर्च 2020-21 में 439,000 करोड़, 2021-22 में 554,000 करोड़, 2022-23 में 750,000 करोड़ तथा 2023-24 में 1000,964 करोड़ रुपये रहा है। कुल मिला कर यह 2700,000 करोड़ रुपये है। यदि इसमें 2024-25 के 1111,111 करोड़ को जोड़ दिया जाए तो यह 3800,000 करोड़ हो जाता है। यह लगभग केन्द्र द्वारा इच्छित योगदान के बराबर है। केन्द्र सरकार राज्यों की सहायता उनके पूंजीगत खर्च को बढ़ाने के लिए कर रही है। 2022-23 में उसने राज्यों को 50 साल के लिए 100,000 करोड़ ब्याज मुक्त कर्ज दिए थे। 2023-24 में ऐसे हस्तांतरण 130,000 करोड़ रुपये थे। वर्तमान वित्त वर्ष के लिए 150,000 करोड़ रुपये हस्तांतरण का लक्ष्य बजट में रखा गया है।

निजी क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए केन्द्र ने कार्पोरेट टैक्स घटा कर नए विनिर्माण उद्यमों के लिए 15 प्रतिशत तथा वर्तमान उद्यमों के लिए 22 प्रतिशत किया है। इस वर्ष के बजअ में विदेशी फर्मों पर भी टैक्स 40 प्रतिशत से घटा कर 35 प्रतिशत किया गया है। इसके साथ ही अनुमान लगाया गया है कि निजी उपभोग व मांग मजबूत बनी रहेगी। इसका कारण व्यक्तिगत आयकर में 17,500 रुपये की रियायत, नई आईटी व्यवस्था में टैक्स स्लैबों में परिवर्तन तथा मानक कटौती में 25,000 रुपये की बढ़ोत्तरी है। इसके साथ ही अमेरिकी अर्थव्यवस्था में उछाल के साथ निर्यात बढ़ रहे हैं। ऐसे में भारत 6.5-7 प्रतिशत वृद्धि प्राप्त कर सकता है जिसका अनुमान 2023-24 के आर्थिक सर्वेक्षण में लगाया गया है।

लेकिन एक समस्या भी है। सीतारमण ने राजकोषीय घाटे-एफडी का अनुमान जीडीपी का 4.9 प्रतिशत लगाया है जो अंतरिम बजट में घोषित 5.1 प्रतिशत के लक्ष्य से 0.2 प्रतिशत कम है। यह भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई द्वारा हस्तांतरित भारी-भरकम 210,000 करोड़ रुपये से संभव हुआ है। यह हस्तांतरण केन्द्र सरकार को वित्त वर्ष 2023-24 के कामकाज पर आधारित है जो अंतरिम बजट में निर्धारित 80,000 करोड़ रुपये से 130,000 करोड़ रुपये अधिक है। ऐसे में वर्तमान वित्त वर्ष में 4.9 प्रतिशत का लक्ष्य प्राप्त करना कठिन होगा। इसका कारण यह है कि 3840,000 करोड़ का सकल कर राजस्व-जीटीआर प्राप्त करने का लक्ष्य अति-महत्वाकांक्षी हे। बजट में पीएसयू में सरकारी शेयरों के विनिवेश से 50,000 करोड़ रुपये प्राप्त करने का लक्ष्य है, जबकि अब तक उसने इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाए हैं। इसके साथ ही साल में आगे बढ़ने के साथ बड़े खर्च भी नियंत्रण से बाहर जाने की आशंका है।

उदाहरण के लिए, 2024-25 के बजट में 'उर्वरक सब्सिडी' के लिए 164,000 करोड़ रुपये रखे गए हैं। यह इस अनुमान पर आधारित है कि उर्वरकों और उनके उत्पादन में प्रयोग होने वाले कच्चे माल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में गिरावट की प्रवृत्ति है। यह प्रवृत्ति 2023-24 से लगातार दिख रही है और वर्तमान वित्त वर्ष में भी बनी रहेगी। लेकिन वैश्विक सप्लाई में वर्तमान अनिश्चित भू-राजनीतिक स्थिति के कारण बाधा आई है जिसके बने रहने की आशंका है। इससे यह अनुमान गलत हो सकता है। इसके साथ ही वित्त मंत्री ने 2021-22 के बजट में इस वर्ष एफडी का अनुमान 4.9 प्रतिशत रखा था जिसे घटा कर 4.5 प्रतिशत किया गया है। यदि आरबीआई पहले की तरह केन्द्र को बड़ा उपहार न दे तो इसे प्राप्त करना कठिन हो सकता है। प्रेस से बातचीत करते समय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2026-27 तथा इसके आगे के राजकोषीय रोडमैप का खुलासा नहीं किया। वित्त मंत्री द्वारा पहले निर्धारित लक्ष्य अक्सर विफल हुए हैं। केन्द्र का कर्ज-जीडीपी अनुपात वर्तमान समय में 57 प्रतिशत है, जबकि एफआरबीएम संशोधन कानून, 2018 के अनुसार 2024-25 में इसकी सीमा 40 प्रतिशत रखी गई थी। इस बीच रोजगार, एमएसएमई व कृषि के सरोकारों को संबोधित करने के लिए अनेक पहलें की गई हैं। एमएसएमई के लिए नई कर्ज योजना की घोषणा की गई है ताकि बिना बंधक रखे या तीसरे पक्ष की गारंटी के मशीनरी व उपकरण खरीदने के लिए आसानी से कर्ज मिल सके। इसके साथ ही 'मुद्रा लोन' की सीमा उनके लिए बढ़ा कर 2000,000 की गई है जिन्होंने पिछला कर्ज चुका दिया हो। इसके साथ ही सिडबी की शाखायें बढ़ाई गई हैं ताकि और आर्थिक विकास के लिए कर्ज तक बहु-प्रतीक्षित पहुंच आसान हो सके। रोजगार पर पहलों को इम्प्लाईज़ प्राविडेंट फंड आर्गेनाइजेशन-ईपीएफओ से जोड़ा गया है। इसमें पहली योजना के अंतर्गत 15,000 रुपये प्रति माह वेतन वाले कर्मचारियों को एक महीने का योगदान पहली नौकरी की स्थिति में दिया जाएगा। इसका भुगतान तीन किश्तों में किया जाएगा और यह औपचारिक क्षेत्र में 100,000 प्रति माह तक वेतन पाने वाले युवाओं पर लागू होगा। दूसरी योजना का उद्देश्य विनिर्माण क्षेत्र में 'अतिरिक्त' रोजगार सृजन करना है और इसे भी पहली बार नौकरी मिलने वाले कर्मचारियों से जोड़ा गया है। इसमें कर्मचारियों और सेवायोजकों को ईपीएफओ की ओर से नौकरी के पहले चार साल तक इंसेंटिव दिया जाएगा।

उम्मीद है कि इन योजनाओं से 240 लाख नौजवानों को लाभ होगा। तीसरी योजना का उद्देश्य सेवायोजकों को सहायता देना है। यह सभी क्षेत्रों में 100,000 प्रति माह तक वेतन प्राप्त करने वाले कर्मचारियों के लिए अतिरिक्त रोजगार सृजन पर लागू होगी। अतिरिक्त कर्मचारियों को नौकरी देने पर सरकार सेवायोजकों को पत्येक अतिरिक्त कर्मचारी पर ईपीएफओ योगदान की स्थिति में दो साल तक 3000 रुपये मासिक की प्रतिपूर्ति करेगी। उम्मीद है कि इस योजना से लगभग 50 लाख युवाओं को लाभ होगा। युवाओं को खासकर विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार योग्य बनाने के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नई केन्द्र-प्रायोजित योजना की घोषणा की है जो राज्यों और उद्योगों के सहयोग से नौजवानों को नए कौशल प्रदान करने में सहायता करेगी। इस योजना के अंतर्गत अगले पांच साल में 2000,000 नोजवानों का कौशल संवर्धन किया जाएगा। केन्द्र सरकार ने बजट में घोषणा की है कि 'हब एंड स्पोक' व्यवस्था के अंतर्गत एक हजार औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों-आईटीआई का उच्चीकरण किया जाएगा। इसके लिए पाठ्यक्रम का निर्धारण उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप किया जाएगा। कृषि व्यवस्था में सुधार तथा किसानों की आय बढ़ाने के लिए अगले दो साल में 10 मिलियन किसानों को 'प्राकृतिक खेती' के दायरे में लाने का लक्ष्य है। इसके साथ ही अगले 100 दिनों में 32 क्षेत्रों और बागवानी फसलों की जलवायु-प्रतिरोधी 109 नई बीज किस्में जारी करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा पांच राज्यों में जन-समर्थ आधारित किसान क्रेडिट कार्ड झींगा पालन व निर्यात हेतु दिए जाएंगे, राष्ट्रीय सहकारिता नीति की घोषणा होगी तथा अगले तीन साल में 60 मिलियन किसानों के लिए डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर-डीपीआई का सृजन होगा। किसानों के लिए बड़े पैमाने पर प्रमुख उपभोग केन्द्रों के निकट बड़े 'वेजीटेबल क्लस्टर' बनाए जांएगे, एफपीओ को प्रोत्साहित किया जाएगा, सब्जी सप्लाई श्रृंखला में सहकारिताओं व स्टार्टअप को बढ़ावा दिया जाएगा तथा दालों व तिलहनों का उत्पादन मिशन लागू किया जाएगा। इन सभी योजनाओं का सटीक जमीनी क्रियान्वयन महत्वपूर्ण होगा।

# व्यक्तिगत मुक्ति का मार्ग

"दृढ़ इच्छाशक्ति वाले व्यक्ति के लिए कुछ भी असंभव नहीं है। इसलिए आइए यह संकल्प लें कि हम खुद को सही मायने में मुक्त करेंगे।"


**ब्रह्मकुमार निकुंज**
(लेखक आध्यात्मिक उपदेशक हैं)



**हम वही हैं** जो हम बार-बार करते हैं, अरस्तू ने कहा... अगर हम आदत के शब्दकोश अर्थ पर नज़र डालें, तो यह कहता है कुछ ऐसा जो आप अक्सर और नियमित रूप से करते हैं, कभी-कभी बिना यह जाने कि आप ऐसा कर रहे हैं। इसे सरल शब्दों में परिभाषित करने के लिए, आदतों को अनैच्छिक क्रियाएँ कहा जा सकता है। वे एक तरह के स्वचालित व्यवहार हैं, क्योंकि कोई व्यक्ति उन्हें बहुत सोच-समझकर नहीं करता है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि इस दुनिया में लगभग हर किसी को कोई न कोई बुरी आदत होती है। क्या हम सभी को नहीं होती? जैसे, बहुत से लोगों को धूम्रपान की बुरी आदत होती है। लेकिन, अगर आप उन्हें बताते हैं कि यह एक बुरी आदत है, तो उनमें से कुछ थोड़ा सा दर्शनशास्त्र लेकर आएंगे और कुछ इसे चिकित्सा राय के साथ भी समर्थन देने की कोशिश करेंगे।

वे कहेंगे, धूम्रपान बहुत उत्साहवर्धक है। यह मेरे मस्तिष्क के लिए अच्छा है क्योंकि यह मुझे एकाग्रता प्रदान करता है। दूसरे कहेंगे, धूम्रपान करने से मेरी आंतें साफ रहती हैं। फिर भी कुछ लोग स्वीकार करेंगे कि यह एक बुरी आदत है जिसे छोड़ना उनके लिए मुश्किल है। अधिकांश लोगों को यह एहसास ही नहीं होता कि यह एक बुरी आदत है जो उनके शारीरिक तंत्र और वातावरण को प्रदूषित करती है और कैंसर जैसी बीमारियों का कारण बनती है। इसी तरह, कुछ लोगों को बहुत ज़्यादा बोलने की आदत होती है। वे दो मिनट भी चुप नहीं रह पाते। इन लोगों को यह एहसास ही नहीं होता कि बेकार की बातों में बहुत सारी साँसें और ऊर्जा बरबाद होती है।

इसे मौन ध्यान में खर्च किया जा सकता है। लेकिन समस्या यह है कि आज जो बोलता है और बोलता है उसे होशियार, चतुर और बुद्धिमान व्यक्ति माना जाता है और जो कम बोलता है उसे सामान्य ज्ञान की कमी या बातचीत की कला में कमी वाला माना जाता है! बुरी आदतों के ऐसे कई उदाहरण हैं, लेकिन, इन उदाहरणों से हमें यह समझने की ज़रूरत है कि, ज़्यादातर मामलों में, लोगों को यह एहसास ही नहीं होता कि यह एक बुरी या हानिकारक आदत है और जहाँ इस सच्चाई का एहसास होता है, वहाँ इसकी गिरफ़्त से मुक्त होने की तीव्र इच्छा नहीं होती और इसीलिए कुछ लोग दार्शनिक रूप से कहते हैं; मेरी यह आदत तभी मरेगी जब मैं मर जाऊँगा।



तो अपनी बुरी आदतों से छुटकारा पाने का उपाय क्या है? क्या यह व्यावहारिक रूप से संभव है? हाँ! थोड़े प्रयास और ध्यान से यह संभव है। शुरुआत करने के लिए बहुत उत्साह की आवश्यकता होती है जो बुरी आदतों को छोड़ने के लिए बहुत आवश्यक है। अंग्रेजी में एक प्रसिद्ध कहावत है- अच्छी शुरुआत आधी सफलता होती हैं। इसलिए, जब आपको एहसास हो जाए कि जिस आदत को छोड़ने का आपने फैसला किया है, वह वास्तव में बुरी है, तो आपको इस बुराई के खिलाफ़ बहादुरी और जोश से लड़ना चाहिए। शुरू से ही अपनी सारी छिपी हुई शक्तियों को न केवल इसकी जड़ और शाखा को काटने के लिए बल्कि इसके बीज को नष्ट करने के लिए भी बुलाएँ, क्योंकि अगर बीज बच गया, तो पेड़ के फिर से उगने की संभावना है। जब किसी घर में आग लगती है, तो घर के लोग कितनी तत्परता और ऊर्जा से प्रतिक्रिया करते हैं? उस समय, वे पूरी तरह से एकाग्र होते हैं और आग को बुझाने के लिए सभी साधनों का उपयोग करते हैं।

अपने संकल्प को तुरंत अमल में लाएँ। दूसरा, अपने मन से असंभव, कठिन, मैं नहीं कर सकता आदि शब्दों को निकाल दें। ये एक कमज़ोर या डरपोक व्यक्ति के भाव हैं। खुद को खुश रखें। इस सच्चाई को समझें कि बुरी आदत आपकी अपनी रचना है, आपने इसे जन्म दिया है और इसे विकसित करने के लिए पोषित किया है और अब आपको कमज़ोर इच्छाशक्ति के साथ यह नहीं कहना चाहिए कि इसे नियंत्रित करना मुश्किल है। हमेशा याद रखें! आदतें आपकी मूल प्रकृति नहीं हैं; वे आपकी दूसरी प्रकृति हैं। आपने उन्हें अर्जित किया है और आप कहते हैं कि आप उन्हें छोड़ नहीं सकते? आप उनके स्वामी हैं और आप स्वयं को उनका दास मानते हैं? विश्वास, यह सही कहा गया है, पहाड़ों को हिला सकता है और यह आपकी आदत केवल एक राई है। इसलिए, उठो और प्रयास का धनुष उठाओ और इस शैतान को - अपनी बुरी आदत को - मारने के लिए ईश्वर का एक साधन बनो, क्योंकि, ईश्वर आपके साथ हैं क्योंकि वे हमेशा अच्छे लोगों के पक्ष में होते हैं। लेकिन, याद रखें! बुराई को खत्म करने की केवल इच्छा या चाहत ही पर्याप्त नहीं है। आपके पास एक निश्चित लक्ष्य और उद्देश्य के अलावा शुद्ध और दृढ़ इच्छाशक्ति होनी चाहिए। इच्छा या चाहत मन की झील में एक छोटी, अस्थायी लहर है लेकिन इच्छाशक्ति वह शक्ति है जो इच्छा को पूरा करने के लिए क्रियान्वित करती है। दृढ़ इच्छाशक्ति वाले व्यक्ति के लिए कुछ भी असंभव नहीं है। इसलिए आइए यह संकल्प लें कि हम खुद को सही मायने में मुक्त करेंगे।

## आप की बात

### मनु को बधाई

**मनु भाकर** ने निशानेबाजी में ओलंपिक का कांस्य पदक जीतकर भारत के लिए पदक बटोरने की शुरुआत कर दी है। उनको बहुत-बहुत मुबारकवाद। इस बार देश को 7 से अधिक ओलंपिक पदक मिलने की आशा है। पहला पदक देशवासियों के लिए उत्साह और उमंग बढ़ाने वाला है। गत कुछ वर्षों से देश का युवा वर्ग इस विश्व की सबसे कठिन प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जागृत हुआ है। इसमें सरकार द्वारा दी गई सुविधाओं और कारपोरेट जगत के भरपूर सहयोग के साथ ही इस बार भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने भी ओलंपिक के लिए करोड़ों रुपए की राशि दी है। इसके चलते खिलाड़ियों को प्रशिक्षण लेने और पौष्टिक आहार तथा उपयुक्त उपकरणों आदि की पूरी सुविधाएं बहुत सहयोगी सिद्ध हो रही है। उद्योग जगत को क्रिकेटरों की तरह आकर्षक आफर अन्य खिलाड़ियों व खासकर ओलिंपिक खिलाड़ियों को भी देने चाहिए। प्रशंसनीय रूप से प्रधानमंत्री मोदी ने मनु भाकर से बात कर न केवल उनका, बल्कि पूरी ओलंपिक टीम का उत्साह बढ़ाया। उम्मीद करनी चाहिए कि सरकार तथा भारतीय उद्योग जगत भारत को 2036 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार करेंगे तथा खेल सुविधाओं का व्यापक विस्तार इस उद्देश्य से किया जाएगा।

-**सुभाष बुडावन वाला**, रतलाम

### बरसात के जोखिम

**दिल्ली** के राजेंद्र नगर क्षेत्र में एक कोचिंग के बेसमेंट में पानी भरने से 3 छात्रों की डूबने से मौत हो गई तथा छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में कोयला खदान में निरीक्षण करने गए दो अधिकारी अचानक खदान में पानी भर जाने से डूबे। इनमें से एक को बचा लिया गया किन्तु दूसरे की तलाश जारी है। वर्षा के सुहाने मौसम का आनंद लेने पर्यटक अपने क्षेत्रों में स्थित पर्यटन स्थलों पर काफी मात्रा में जाते हैं। लेकिन उन्हें ध्यान रखना चाहिए कि जोखिम भरी जगहों पर जाने की गलती न करें। मनोरंजन स्थलों पर स्थित झरनों, नदियों व बांधों में अचानक पानी का सैलाब आ सकता है। अपने शहरों में भी सड़कों पर पैदल या वाहनों से चलते समय लोगों को सावधानी बरतनी चाहिए। नागरिकों को जोखिम से बचने के प्रयासों के साथ ही स्थानीय प्रशासन को अपनी जिम्मेदारी और जवाबदेही पूरी तरह निभानी चाहिए। दिल्ली में उदीयमान छात्रों की दु:खद मृत्यु के पीछे बिल्डरों, कोचिंग संचालकों तथा प्रशासन के साथ ही नगर निगम और अग्निशमन विभाग के लोगों की जिम्मेदारी है जो नोटिस देने के बाद यह चिंता नहीं करते हैं कि उनका क्रियान्वयन हुआ या नहीं। बरसात से निपटने की तैयारियों की घोषणायें अक्सर गलत साबित होती हैं।

- **शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### पश्चिम बंगाल में तुष्टीकरण

**कांग्रेस** द्वारा चलाई तुष्टिकरण नीतियों के गर्भ से पाकिस्तान का जन्म हुआ था, लेकिन विडंबना है कि इससे कोई सबक नहीं सीखा गया। आज पश्चिम बंगाल में मुस्लिम तुष्टीकरण अपनी चरम सीमा पर पहुंच रहा है। ममता बनर्जी सत्ता के मोह में यही खेल खेल रही हैं। मुस्लिम वोटबैंक के लिए समस्त सेक्युलर लॉबी में जो होड़ लगी है, उसमें ममता सबसे आगे है। हाल में ममता ने अनधिकार चेष्टा दिखाते हुए बांग्लादेशियों के लिए बंगाल के दरवाजे खोलने की घोषणा की थी। भारत के विदेश मंत्रालय के साथ ही बांग्लादेश सरकार ने इसके लिए ममता बनर्जी की आलोचना की। कहा जाता है कि बांग्लादेश से आने वाले घुसपैठियों व रोहिंग्याओं के चलते बंगाल के तीन मुर्शिदाबाद, मालदा और उत्तरी दिनाजपुर में मुस्लिम आबादी 50 प्रतिशत से अधिक हो गई है। अमेरिकी पत्रकार सुश्री जेनेट लेवी ने अपनी पुस्तक-मुस्लिम टेकओवर आफ वेस्ट बंगाल में लिखा है कि बंगाल में जनसंख्या असंतुलन के कारण भारत एक और विभाजन की ओर बढ़ रहा है। यह स्थिति प्रत्येक देशभक्त को डराने वाली है। ऐसे में राजनेताओं व सामाजिक संगठनों को पश्चिम बंगाल की जनता में व्यापक जागरूकता अभियान चलाने पर विचार करना चाहिए।

- **नरेंद्र टोंक**, मेरठ

### भारतीय वेशभूषा

**बेंगलुरू** में हाल ही में जब एक मॉल में व्यक्ति को धोती पहनने पर प्रवेश करने से रोका गया तब सरकार ने दंडस्वरूप शॉपिंग मॉल को सात दिन के लिए बंद करवा दिया। धोती पहनने वाले व्यक्ति के मानवाधिकार का हनन करने वाले शॉपिंग मॉल का मुद्दा कर्नाटक विधानसभा के अध्यक्ष ने भी उठाया जिस पर सरकार ने कठोर कार्रवाई की। यह भारतीय वेशभूषा को सम्मान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अंग्रेजों को देश से गए 75 साल से अधिक हो गए, लेकिन देश में अब भी ऐसे क्लब मिल जांएगे जो भारतीय वेशभूषा पहने लोगों को आने की अनुमति नहीं देते हैं। इसके पीछे अनेक प्रकार के बहाने बनाए जाते हैं, पर स्वतंत्र भारत में इनका कोई स्थान नहीं होना चाहिए। वैसे जन-जीवन में भी पश्चिमी परिधानों के बजाय विभिन्न प्रदेशों की भारतीय वेशभूषा को लोकप्रिय बनाने के प्रयास अभियान की तरह चलाए जाने चाहिए। इस दिशा में स्थापित फैशन डिजाइनरों के साथ फैशन डिजाइनिंग में अपनी प्रतिभा निखारने का प्रयास करने वाले युवाओं और युवतियों की महत्वपूर्ण भूमिका होनी चाहिए।

- **गोपाल सोनी**, मनावर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# जर्जर स्कूल भवन और छत से टपकते बारिश के पानी के बीच भविष्य गढ़ रहे स्कूली बच्चे

## स्कूल का संचालन बंद करने कमकापार के ग्रामीणों ने जनदर्शन में सौंपा आवेदन,ग्राम बी/मटिया और धौराभाठा के ग्रामीणों ने भी जर्जर स्कूल भवन के मरम्मत की मांग की






पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

जिले में आधे अधूरे शिक्षा व्यवस्था के बीच स्कूलों का संचालन किया जा रहा है। जिन स्कूलों का जीर्णोद्धार या निर्माण कार्य बीते वर्ष पूरा हो जाना था, उन स्कूलों का कार्य आज तक पूर्ण नहीं हो पाया है। जिसके चलते आज भी स्कूली बच्चे जर्जर भवन, छत से टपकता बारिश का पानी एवं अव्यवस्थाओं के बीच शिक्षा ग्रहण करने मजबूर हैं। आलम यह है कि ग्रामीण ही नहीं बल्कि अब बच्चों कर पालकगण भी शिक्षा विभाग एवं कलेक्टर जनदर्शन पहुंच स्तिथि और अव्यवस्थाओं को सुधारने की मांग कर रहे हैं। मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनदर्शन में आधा दर्जन से आवेदन स्कूल मरम्मत, जर्जर स्कूल, अधूरे पड़े स्कूल के निर्माण कार्य संबंधी आए। जिले के डौंडीलोहारा ब्लाक के वनांचल ग्रामीण क्षेत्र की स्कूलों की हालत बेहद जर्जर हो चुकी है। टपकते छतों के नीचे बैठकर छात्र पढ़ने पर मजबूर हो रहे हैं। ऐसा ही मामला ग्राम कमकापार का सामने आया है। जहां हायर सेकेंडरी स्कूल भवन में पानी टपक रहा है, छत का प्लास्टर इतना कमजोर हो चुका है कि कभी भी बच्चों के सर पर गिरकर कोई बड़ी घटना घट सकती है। जहां ग्रामीणों ने स्कूल के छत को प्लास्टिक के तिरपाल से ढक दिया है। वही ग्रामीण अब जब तक बरसात है तब तक स्कूल को बंद करने की मांग कर रहे है ताकि स्कूल में कोई बड़ी घटना मत घटे। जिसके लिए ग्रामीणों ने जिला पंचायत सीईओ को आवेदन भी दिया है।

### बच्चे कभी भी हो सकते है दुघर्टना के शिकार

ग्रामीण मोहन सिंह सिंन्हा, महेंद्र कुमार देशमुख, धनीराम भुआर्य, वासुदेव सलामें, धर्मेंद्र कुमार, विकास साहू ने बताया कि पिछले 22 सालों से ग्राम कमकापार में हायर सेकेंडरी स्कूल संचालित है। इस स्कूल में 4 कमरे है। जिसमे 9वी से 12वी तक कि पढ़ाई की जाती है। जो पूरी तरह जर्जर हो चुका है। बरसात में छतों से पानी टपकता है, तो कई जगहों से प्लास्टर गिर रहा है। पानी टपकने के कारण स्कूल का बिजली भी बन्द कर दिया गया है। ताकि बरसात के समय करंट जैसी कोई दुर्घटना न हो सके। ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल के नए भवन और तत्काल में छत के मरम्मत के लिए कई बार आवेदन दे दिया गया है। मगर अब तक इस मामले में सरकार गंभीर नजर नही आई। ग्रामीणों ने पूरे स्कूल के छत को अब प्लास्टिक के तिरपाल से ढक दिया है, ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल आने वाले बच्चे कभी भी बड़ी घटना का शिकार हो सकते है। ऐसे में शासन अगर इसे ठीक नही करा सकती तो स्कूल को ही बन्द कर दे।

### टेंडर प्रक्रिया रुकी : सरपंच

ग्राम कमकापार के सरपंच रवि लाल टांडिया ने बताया कि स्कूल के चारो कमरे में पानी भरा हुआ है, छत से नीचे पानी टपक रहा है। दीवाल में भी सीपेज है। जिसकी वजह से बिजली के तारो में करंट आने की सम्भावना है, जिसकी वजह से बिजली सप्लाई को ही बंद कर दिया गया है। पिछले 10 वर्षो ने नवीन स्कूल भवन के लिए लगे हुए है। एक करोड़ 21 लाख की टेंडर प्रक्रिया रुकी हुई हैं। पिछली सरकार में नवीन स्कूल निर्माण की घोषणा हुई थी। कोई दुर्घटना न घटे इसकी वजह से हम चाहते है कि कुछ दिनों के लिए स्कूल बंद कर दिया जाए। अगर इस स्तिथि में बच्चे स्कूल पढ़ते है और अगर कोई भविष्य में कोई नही घटना घटित हुई तो इसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

### 36 स्कूल निर्माण कार्य अपूर्ण

आरईएस विभाग के ईई आरके खोब्रागड़े ने बताया कि उनके विभाग अंतर्गत पूर्व की जतन योजना के तहत करीबन 36 स्कूलो का निर्माण कार्य अधूरा है। जिसे 2 वर्ष बीत जाने के बाद आज तलक पूर्ण नही हो पाया हैं। इसमें नया प्रयोगशाला निर्माण भी है। ईई ने बताया कि बाहर के किसी ठेकेदार को कार्य दिया गया था, वह आधे में स्कूल निर्माण को छोड़ दिया।

**केस- 01-** बालोद ब्लॉक अंतर्गत ग्राम घुमका के आश्रित गांव धौराभाठा स्तिथ प्राथमिक शाला का भवन पुराना होने के कारण दो वर्ष पूर्व डिस्मेंटल किया गया था। जिसके स्थान पर नया भवन हेतु कई बार ग्राम में सभा में प्रस्ताव पारित किया जा चुका है एवं बीईओ को भी आवेदन दिया गया है। पर अभी तक इस शाला भवन के निर्माण में किसी भी अधिकारी का ध्यान केंद्रित नहीं हो रहा है। शाला विकास समिति के अध्यक्ष पन्नमेश्वर राणा ने बताया कि महत्वपुर्ण परेशानी यह हैं कि वर्तमान में एक ही कमरा में कक्षा 2 वीं से 5 वीं तक शिक्षण कार्य संचालित हो रही है, जिसमें प्रायमरी के 56 और मिडिल के 50 बच्चे पढ़ाई कर रहे है। जिससे शिक्षको को पढ़ाने में कठिनाई होती है।

**केस- 02-** ग्राम मटिया/बी में भी जर्जर प्रायमरी स्कूल और मिडिल स्कूल की मरम्मत और नया भवन देने की मांग पालकगणों में की हैं। साथ ही किचनशेड कि छत मरम्मत और अधुरी बाउंड्रीवाल को भी पूर्ण करने आवेदन जनदर्शन में सौपा हैं। शाला समिति अध्यक्ष और पालकगणों ने आवेदन सौप अवगत कराते हुए बताया कि प्राथमिक व मिडिल स्कूल का किचन शेड जर्जर हो गया है। छत से पानी टपकता है, जिसकी वजह से मध्यान भोजन बनाने वाले रसोईयों को परेशानी होती हैं। वही स्कूलो में शिक्षकों की भी कमी है। जिसकी वजह से बच्चों बैठाकर पढ़ाना मुश्किल हो रहा हैं।

# शासन की आत्मसमर्पित नीति से प्रभावित होकर 2 इनामी नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण



पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

जिला कबीरधाम में पुलिस महानिरीक्षक राजनंदगांव रेंज दीपक कुमार झा, पुलिस अधीक्षक कबीरधाम डॉ अभिषेक पल्लव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह बघेल के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान तथा छ.ग. शासन की ''पुनर्वास नीति'' के तहत जिला पुलिस बल के द्वारा भटके हुए माओवादियों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए लगातार संपर्क एवं संवाद कर शासन की नक्सल पुनर्वास नीति का व्यापक प्रचार-प्रसार गॉव-गॉव तक किया जा रहा है, साथ ही नक्सल गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए नक्सल गस्त सर्चिंग में वृद्वि हुई है जिसके परिणाम स्वरूप यह बदलाव माओवादी कैडर में दिखाई दे रहा है। नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर नक्सलवाद की ओर भटके युवा अब समाज के मुख्यधारा में जुड़ने का संकल्प करके नक्सल संगठन में सक्रिय दो मओवादिओं ने पुलिस अधीक्षक कबीरधाम डॉ अभिषेक पल्लव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह बघेल, उप पुलिस अधीक्षक नक्सल आप्स संजय ध्रुव, कृष्ण कुमार चंद्राकर, सतीश धुर्वे की उपस्थिति में आत्मसमर्पण किया। उक्त माओवादियों को आत्मसमर्पण कराने में जिला कबीरधाम के ष्ठस्क्क शाखा में कार्यरत प्र.आर. घनाराम सिन्हा, प्र.आर. अभिजीत सिंह, आर कृपाराम, नव आर राजूलाल यादव, डीएसएफआरक्षक तथा गो.सै. तीजू एवं दिवाकर तथा अन्य कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा। आत्मसमर्पित दोनों माओवादियों को शासन की पुनर्वास नीति के तहत् तत्काल 25,000-25,000 रूपये की सहायता राशि प्रदान की गयी द्य इसके साथ छत्तीसगढ़ शासन की पुनर्वास नीति के तहत प्रावधानित अन्य समस्त सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी।

# जन सुविधाओं का विस्तार एवं क्षेत्र का विकास हमारी प्राथमिकता है : भावना बोहरा

## विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को पूरा करने भाजपा सरकार प्रतिबद्ध, अनुपूरक बजट में पंडरिया को मिली करोड़ों के विकास कार्य की सौगात

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने अनुपूरक बजट में विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए अपना विजन रखा वहीं प्रदेश के लगभग सभी विधानसभा में विकास कार्यों को गति देने के लिए राशि का आवंटन किया है। पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि डबल इंजन की भाजपा सरकार के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का विकास भी दुगुनी गति से हो रहा है। कांग्रेस के शासनकाल में 5 वर्षों तक प्रदेश में विकास की गति पूर्ण रूप से थम गई थी, केवल भ्रष्टाचार और घोटाले हो रहे थे, लेकिन अब प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद से विकास और सुशासन स्थापित हुआ है। प्रदेश का हर व्यक्ति एवं वर्ग विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहा है। भावना बोहरा ने बताया कि अनुपूरक बजट में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी द्वारा पंडरिया विधानसभा को विकास की सौगात देने के लिए उनका आभार



व्यक्त करती हूँ। अधोसंरचना, मनरेगा श्रमिकों, आंगनबाड़ी निर्माण और सड़कों के विस्तार हुए पंडरिया विधानसभा को करोड़ों को सौगात मिली है। बजट में पंडरिया विधानसभा में 40 नए आंगनबाड़ी के निर्माण हेतु 4 करोड़ 67 लाख 60 हजार रूपए की स्वीकृति दी गई है। वहीं मनरेगा अंतर्गत श्रमिकों के हित को देखते हुए जनपद पंचायत पंडरिया में 6 करोड़ 93 लाख, जनपद पंचायत कवर्धा में 88 लाख 21 हजार, जनपद पंचायत लोहारा में 87 लाख 45 हजार के कुल 8 करोड़ 68 लाख 73 हजार के विभिन्न कार्यों की स्वीकृति भी प्रदान की गई हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के विस्तार हेतु मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना के तहत पंडरिया विधानसभा में अंतर्गत 129.37 लाख की लागत से नयापारा ठाठापुर (रामपुर) से मोहभट्ठा तक 1 कि.मी. 123.26 लाख की लागत से मोहभट्ठा से भीखमपुर तक 0.85 कि.मी., ग्राम रगरा से गौरमाटी तक 2.40 कि.मी. सड़क हेतु 265.91 लाख रुपए, 1028.61 लाख की लागत से ग्राम पिपरटोला से छिंदीडीह 4.10 कि.मी. तथा ग्राम करपीकला के बाजार चौक से ग्राम पंचायत अमलडीहा तक 3.20 कि.मी. सड़क निर्माण कार्य के लिए 336.19 लाख रुपए की स्वीकृत दी गई है।

### विधायक निधि एवं अन्य मद से स्वीकृत विकास कार्य

विधायक भावना बोहरा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु विधायक निधि से पंडरिया विधानसभा हेतु सीसी रोड निर्माण, सामुदायिक भवन, सांस्कृतिक मंच, नाली निर्माण, आदिवासी समुदायिक भवन, मुक्तिधाम निर्माण, प्रतीक्षालय, स्कूल परिसर में बाउंड्रीवाल निर्माण जैसे विभिन्न विकास कार्यों हेतु 2 करोड़ 41 लाख रुपए से अधिक की अनुदान राशि को स्वीकृति मिली है। कृषि मंडी बोर्ड द्वारा भी पंडरिया विधानसभा के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में जनता की सुविधा व सुगम आवागमन हेतु 55 से अधिक सीसी रोड निर्माण कार्य हेतु लगभग 6 करोड़ 12 हजार रुपए से अधिक की अनुदान राशि को स्वीकृति मिली है। कृषि एवं कृषक कल्याण के उद्देश्य से पंडरिया विधानसभा अंतर्गत गन्ने की खेती करने वाले किसानों को भी बड़ी सौगात बजट में मिली है। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्क र कारखाना के 11,892 शेयरधारी किसानों को नियमानुसार 50 किलो शक्क र प्रदान करने हेतु मंडी बोर्ड निधि से 33 लाख 62 हजार 457 रुपए के अनुदान को दी स्वीकृति दी गई है। इसके साथ ही भोरमदेव सहकारी शक्क र कारखाना कवर्धा हेतु स्वीकृत 66 लाख 37 हजार 543 रुपये के अनुदान राशि से पंडरिया विधानसभा के उन सभी शेयरधारी किसान को भी इसका लाभ मिलेगा। भावना बोहरा ने कहा कि इन सभी विकास व निर्माण कार्यों से पंडरिया विधानसभा की जनता को लाभ मिलेगा। विकास का संकल्प और जनहित के लक्ष्य के साथ प्रगति पथ पर प्रशस्त पंडरिया विधानसभा में सड़कों के निर्माण कार्य जन आकांक्षाओं को पूरा कर रहें हैं। मनरेगा के तहत कार्य करने वाले श्रमिकों को रोजगार देने की सराहनीय पहल हो रही है, आंगनबाड़ी के निर्माण से शिशु और माता पोषण एवं स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़ के उद्देश को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं प्रदेश की भाजपा सरकार प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे का संकल्प लेकर आज प्रदेश समृद्धि की राह पर अग्रसर है। अधोसंरचना का विकास हो या प्रदेश में महिलाओं, युवाओं, गरीब, किसान हर वर्ग के लिए योजनाओं के माध्यम से उनका लाभ पहुँचाने के लिए अनवरत प्रयास किये जा रहें हैं। जनहित की योजनाओं से जनता के जीवन को सुगम व सुरक्षित बनाने के साथ ही उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के सार्थक प्रयास छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा किये जा रहें हैं।

# प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा जिले में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बच्चों को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित करने हेतु प्रतिवर्ष भारत सरकार महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष उक्त आयोजन में आवेदन 31 अगस्त 2024 तक केवल ऑनलाईन माध्यम से लिये जायेगें। जिले से उक्त संबंध में आवेदन ऑनलाईन भरा जाना है। भारत सरकार का महिला एवं बाल विकास मंत्रालय असाधारण क्षमताओं वाले बच्चों को उचित मान्यता देने के लिए हर साल प्रतिष्ठित प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (पीएमआरबीपी) आयोजित करता है जिन्होनें बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, एंव संस्कृति और नवाचार जो राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता के पात्र है। यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष जनवरी में आयोजित होने वाले एक विशेष समारोह में राष्ट्रपति द्वारा नई दिल्ली में दिये जाते है। पुरस्कार में एक पदक, प्रमाणपत्र और प्रशस्ति पत्र दिया जाता है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए आवेदन प्राप्त करने का पोर्टल को लाइव कर दिया गया है। कोई भी बच्चा जिसकी आयु 5 वर्ष से अधिक और 18 वर्ष (संबंधित वर्ष की 31 जुलाई को) से अधिक नहीं है, जो भारतीय नागरिक है और भारत में रहता है पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकता है। पीएमआरबीपी के लिए आवेदन केवल इस उदेश्य के लिए डिजाइन किए गए ऑनलाईन पोर्टल https://awards.gov.in पर प्राप्त किए जाएगे।

# अपहृत नाबालिक बालिका को पाण्डातराई पुलिस ने दलदल-सिवनी मोवा रायपुर से सकुशल बरामद कर परिजनों से मिलाया, आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



प्रार्थी पूरन लाल साहू ने 12.03.2024 को थाना उपस्थित आकर अपनी नाबालिक लडकी की गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। मामला अपहृता नाबालिक बालिका से संबंधित होने से प्रकरण गंभीर किस्म का होने से पुलिस अधीक्षक जिला-कबीरधाम डॉं. अभिषेक पल्लव के द्वारा अपहृता की हर संभव पतातलाश करने निर्देश देने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार एवं पुष्पेन्द्र बघेल के दिशा निर्देश एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी संजय तिवारी बोडला से मार्ग दर्शन प्राप्त कर थाना प्रभारी निरीक्षक जन्मेजय पाण्डेय थाना प्रभारी पाण्डातराई के द्वारा टीम गठित कर सउनि रघुवंश पाटिल के नेतृत्व में आरक्षक-शिवाकांत शर्मा महिला आरक्षक सुलोचनी साहू को रायपुर रवाना किया गया था जो टीम के द्वारा थाना पाण्डातराई के अपराध क्रमांक- 67/2024 धारा-363 भा.द.वि. की अपहृता नाबालिक बालिका को सकुशल बरामद किया गया। बरामद पश्चात उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया। पूछताछ में अपहृता के द्वारा बताई गई की ग्राम आमापारा पिपरिया थाना पिपरिया जिला कबीरधाम निवासी अभिषेक चौहान ने इसे शादी का प्रलोभन देकर बहलाफुसलाकर भगाकर रायपुर ले गया था जहां शिव मंदिर में मांग में सिंदुर भरकर शादी कर पत्नि के रूप में अपने साथ रखना बताई। पीडिता का मेडिकल परीक्षण कराया गया। प्रकरण में पीडिता के कथन के आधार पर धारा-366, 376(2)(ठ) भा.द.वि. 6 पास्को एक्ट जोडी गई। प्रकरण के आरोपी अभिषेक चौहान पिता मन्नू चौहान उम्र 19 साल निवासी आमापारा पिपरिया थाना पिपरिया जिला कबीरधाम को आज दिनांक 30.07.2024 को विधिवत गिरफ्तार कर ज्यू.रिमाण्ड में पेश किया गया जेल वारंट बनने पर जेल दाखिल किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक-जन्मेजय पाण्डेय, सहायक उप निरीक्षक- रघुवंश पाटिल, सायबर सेल में पदस्थ सहा उप निरी. चंद्रकांत तिवारी, आरक्षक शिवाकांत शर्मा, महिला आरक्षक-सुलोचनी साहू का विशेष योगदान रहा है।

# राशन दुकान में हो रही धांधली की शिकायत पर जांच हेतु पहुंचे अधिकारी

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



राशन दुकान में हो रही धांधली की शिकायत पर जांच करने के लिए खाद्य अधिकारी वार्ड 6 में पहुंचे और वार्डवासियों का बयान दर्ज किया गया । बता दें कि पायनियर समाचार पत्र में इस संबंध में 30 जुलाई को विस्तार से समाचार प्रकाशित किया गया था जिसका असर हुआ यह जानकारी पार्षद नीतुकोठारी ने दिया है जानकारी के अनुसार मंगलवार को दोपहर करीब दो बजे खाघ विभाग के अधिकारी धर्मवीर सिंह सहित तीन लोगों वार्ड नंबर 6 पहुंचे और वार्डवासियों से शिकायत के संबंध में बयान दर्ज किया गया बता दें कि बेमेतरा वार्ड क्रमांक 6 मोहभट्ठा के वार्ड वासियों सहित भाजपा मंडल उपाध्यक्ष शिव साहू,पार्षद नीतू कोठारी,छाया पार्षद लक्ष्मण यादव ने अपर कलेक्टर डॉ अनिल बाजपेयी कों शिकायत किया था कि मोहभट्ठा में स्थित शासकीय उचित मूल्य राशन दुकान का संचालक के द्वारा मनमानी तरीके से राशन वितरण किया जाता, समय पर दुकान नही खोली जाती है एवं हितग्राहियों से अभद्रता पूर्ण व्यवहार किया जाता है, एवं संचालन कार्य हेतु सेल्समेन नही रखा गया है। राशन लेने वाले हितग्राहियों को चॉवल के कट्टा को पलटने एवं तौल कांटा तक लाने को कहा जाता है। प्रायः देखा गया है कि संचालिका एवं उनके पति के द्वारा मनमानी करते हुए एक माह के अंदर कई बार ई-रिक्शा मे 6-8 कट्टा चॉवल लोड कर बेमेतरा के तरफले-जाते देखा गया है। साथ ही रसुखदारों के पास चॉवल को बेच दिया जाता है। ई-रिक्शा मे लोड होते हुए एवं बेमेतरा के दुकान मे खाली करते हुए विडियो फोटो होने की बात कही गई थी आगे बताया गया था कि माह अप्रैल एवं मई के राशन कई हितग्राहियो को नही दिया गया है। राशन मांगने पर संचालक द्वारा आबंटन नही है, बोलकर हितग्राहियों को राशन से वचिंत कर खाली हाथ वापस लौटा दिया जाता है। संचालक द्वारा सूचना बोर्ड मे दुकान खोलने एवं बंद करने की निर्धारित समय की जानकारी नही लिखा गया है और न ही बताया जाता है। कभी रात 7 से 8:00 बजे खोलते है तो कभी 1 से 2 बजे दोपहर खोला जाता है। हितग्राहियों को दुकान खुलने की निर्धारित समय की जानकारी नही होने के कारण राशन लेने हेतु काफी परेशानी होती है। हमे अपने रोजी-मजदूरी को छोड़कर राशन दुकान का बार-बार चक्कर काटने के बाद भी राशन से वंचिंत होना पड़ता है।

# बढ़ते बिजली दर को लेकर यूथ कांग्रेसियो ने बिल को जलाकर किया जमकर प्रर्दशन



पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

भारतीय राष्ट्रीय युवा कांग्रेस व छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस अध्यक्ष के आव्हान पर जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत बोकडे एवं दल्लीराजहरा युवा कांग्रेस अध्यक्ष परितोष हंसपाल के नेतृत्व में दल्लीराजहरा नगर में बिजली ऑफिस (चिखलकसा के सामने) महंगी बिजली, दोगुने बिल और स्मार्ट मीटर के विरोध में 'बिजली बिल जलाव' आंदोलन किया गया। इस दौरान यूथ कांग्रेसियो ने बढ़ते बिजली बिल पर जमकर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। जिसमे उपस्थित समस्त कांग्रेसजनों ने लगातार बिजली बिल में बढ़ोतरी के खिलाफबिजली के बिल को जला कर विरोध प्रकट करते हुए शासन प्रशासन से बढ़ी हुई बिजली बिल कम करने और कटौती बन्द करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पालिका दल्लीराजहरा के अध्यक्ष शिबू नायर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक बाम्बेश्वर, मंडल अध्यक्ष विवेक मसीह एवं संतोष पांडेय, जिला सयुंक्त महासचिव विजय जोगदंड, झुग्गी झोपड़ी अध्यक्ष प्रदीप बबलू, अल्पसंख्यक शहर अध्यक्ष रूबी एंथोनी, किसान मोर्चा अध्यक्ष नोमेश रामटेके, एनएसयूआई अध्यक्ष आकाश सिंह, घनाराम दाऊ, लोकेश सिन्हा, कमल सेन, निहाल, सिद्धार्थ, सुधीर, खूबचंद, कमलजीत, इरफान ईशु, शिवम, टीकम व बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर बिजली के बिल को जला कर विरोध प्रकट किया।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

## जनदर्शन में विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित 47 आवेदन प्राप्त हुए

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रणबीर शर्मा की उपस्थिति मे समय सीमा की बैठक के बाद कलेक्टरेट के दृष्टि सभा कक्ष मे जनदर्शन आयोजित की गई। जिसमे जिले के अलग-अलग क्षेत्र के लोग अपनी-अपनी मांग, समस्याएं एवं शिकायतें लेकर आये। इस दौरान जनदर्शन मे आने वाले सभी लोगों की समस्याओं का निराकरण भी किया गया। जन चौपाल में कलेक्टर ने लोगों की समस्याओं को गौर से सुना और संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर और समक्ष बुलाकर संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कुछ आवेदन मौके पर ही निराकरण किए गए। जनदर्शन में विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित 47 आवेदन प्राप्त हुए। तात्कालिक महत्व की समस्याओं का जहां त्वरित निराकरण किया। वहीं गंभीर और जांच के आवेदनों को टीएल पंजी पर दर्ज करके, इनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अफसरों को दी। इस दौरान जनदर्शन में दूरदराज के गांवों से अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पहुंचे लोगों में से तहसील नवागढ़ के ग्राम अंधियारखोर निवासी इंद्राणी साहू ने घर को कब्जा करने और मार पीट के संबंध में आवेदन दिया। साजा तहसील के ग्राम सहसपुर भाठापारा वासी के समस्त ग्रामवासी ने बारिश के पानी निकासी समस्या निराकरण के संबंध में आवेदन दिया। दाढ़ी तहसील के ग्राम मारतरा निवासी प्यारी बाई ने खसरा का सीमांकन करने के संबंध में आवेदन दिया। बेमेतरा तहसील के ग्राम नवागांव (खुड़मुडी) के निवासी ठाकुर मल्लाह ने घर के दरवाजे से कब्जा हटाने के संबंध में आवेदन दिया। तहसील थानखम्हरिया के ग्राम कुर्रा के निवासी करीन खान ने मकान पर लगे स्टे को हटवान के संबंध में आवेदन दिया। तहसील बेमेतरा के ग्राम छीतापार निवासी दुजे कुमार निर्मलकर ने कच्चा मकान में बारिश का पानी भरने पर आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने के संबंध में आवेदन दिया गया। इसके अलावा आम नागरिकों ने निराश्रित पेंशन दिलाने, बैटरी चलित ट्रायसायकल हेतु, प्रधानमंत्री आवास दिलाने, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा को हटाये जाने, आम रास्ता खुलवाने, वृद्धापेंशन हेतु, दिव्यांगता पेंशन दिलाये जाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए है।

# कक्षा 10वीं की गणित की पूरक सह अवसर परीक्षा संपन्न

**बेमेतरा।** छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल परीक्षा 2024 में 29 जुलाई 2024 को विषय गणित की पूरक सह अवसर परीक्षा जिले के कुल 8 केन्द्रों में परीक्षा आयोजित हुई। कक्षा 10वी में कुल दर्ज 2528 में 2405 प्रविष्ट एवं 123 अनुपस्थित रहें। जिला प्रशासन बेमेतरा द्वारा गठित निरीक्षण दल द्वारा परीक्षा केन्द्रों का सघन निरीक्षण किया गया। श्री नरेन्द्र वर्मा डीएमसी द्वारा परीक्षा केन्द्र बालक बेमेतरा, सेजेस हिन्दी माध्यम बेमेतरा का निरीक्षण किया गया है। केन्द्राध्यक्षों से प्राप्त जानकारी के अनुसार नकल प्रकरण निरंक है, परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से सुव्यवस्थित रूप से संचालित हो रही है।

# सरपंच को बर्खास्त एवं सचिव पर दण्डात्मक कार्यवाही के साथ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग

पायनियर संवाददाता ◄ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत हरदी के ग्राम वासियों ने अपने ग्राम पंचायत हरदी के सरपंच एवं सचिव को हटाने के लिए जिला दण्डाधिकारी से बर्खास्त करने की मांग किया है उन दोनों की शिकायत छत्तीसगढ़ के राजधानी के उच्च अधिकारियों से लेकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जैजैपुर तक किया गया । जिसमें सरपंच एवं सचिव ने भारी मात्रा में भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया उनकी जांच भी जनपद पंचायत जैजैपुर तक किया है। जिसमें सरपंच सुशीला बाई बन्जारे एवं सचिव प्रेमलाल नारंगे के खिलाफ दंडात्मक एव धारा 40 के तहत सरपन्च के खिलाफ कार्यवाही करते हुए उन्हें बर्खास्त करने की मांग ग्राम हरदी वासियों ने किया। इस पर कलेक्टर अपना क्या संज्ञान लेते हैं यह तो आने वाला समय ही बता पाएगा। ग्राम पंचायत हरदी के पंचायत सचिव के खिलाफ कायवाही और सरपंच को तत्काल पद से हटाने की शिकायत ग्राम हरदी के मुकेश कुमार बंजारे तथा ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ग्राम पंचायत हरदी जनपद पंचायत जैजैपुर के




वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2023 -24 तक के 15 वे वित्त की जी. पी. डी. पी. के कार्य एवम राशि (46 लाख 42 हजार रूपये) की आहरण की जांच कर पंचायत सचिव प्रेमलाल नारंगे के विरुद्ध दंडनात्मक कार्यवाही करने के संबंध में शिकायत किया गया था उक्त शिकायत के संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जैजैपुर के द्वारा जांच टीम गठित किया गया था जिसमे जांचकर्ता के जांच प्रतिवेदन के अनुसार ग्राम हरदी में विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिए किसी एक ही एजेंसी को भुगतान किया गया है:-1) कांता प्रसाद साहू को कुल राशि 6,67,000 रूपये (छः लाख सड़सठ हजार रूपये)2) रोहित कुमार बंजारे को कुल राशि 7,41,627 रूपये (सात लाख इकतालीस हजार छः सौ सत्ताईस रूपये)3) राजेश बोलवेल को कुल राशि 3,64,000 (तीन लाख चौसठ हजार रुपए)

उपरोक्तानुसार विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिए तीनों एजेंसी को कुल राशि 17,22,627 रुपए ( सत्रह लाख बाईस हजार छः सौ सत्ताईस रूपये) की राशि का भुगतान किया गया है । इनका बिल व्हाउचर, बिना जी. एस. टी. एवम टिन नम्बर का है । इस प्रकार सरपंच एवम सचिव का उक्त कृत्य आर्थिक अनियमितता की श्रेणी में आता है इस प्रकार शिकायत कर्ता और ग्रामीणों ने कलेक्टर को निवेदन करते हुए कुल 17 लाख 22 हजार 6 सौ 22 रूपये की वसूली करने तथा इस प्रकार शासकीय पैसे को भ्रष्टाचार करने के संबंध में ज्ञापन सौपा।छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियम की धारा 40 के तहत सरपंच पर कार्यवाही सचिव को तत्काल पद से हटाने एवम भारतीय न्याय संहिता के अन्तर्गत शासकीय पैसे को भ्रष्टाचार करने के संबंध में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने की मांग कलेक्टर सक्ति से की है तथा आवश्यक कार्यवाही हेतु इसकी प्रतिलिपी ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय रायपुर, एवम अवर सचिव मुख्यमंत्री सचिवालय मंत्रालय रायपुर तथा पंचायत संचालनालय विकास विभाग नवा रायपुर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सक्ति, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जांजगीर चांपा कै साथ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जैजैपुर को किया है।

# धोखाधड़ी के अपराध में युवक गिरफ्तार

## जूटमिल पुलिस ने आरोपी को धोखाधड़ी के अपराध में भेजा जेल

- आरोपी किराए में लिए कैमरे को अपना बताकर खुद दुगने दाम पर दिया करता था किराए पर, आरोपी से 04 नग डीएसएलआर कैमरे जप्त

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

थाना जूटमिल में कैदीमुडा वार्ड क्रमांक 30 में रहने वाले हरि गोस्वामी (उम्र 35 वर्ष) द्वारा शिवम चौहान निवासी रेलवे बंगलापारा के विरुद्ध धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराया गया। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि उसकी घर पर फोटो स्टूडियो है, उसके जान परिचित अशोक चौहान के माध्यम से शिवम चैहान उर्फ पिंटू से जान परिचय हुआ था। शिवम चौहान द्वारा छत्तीसगढ़ी



वीडियो एल्बम रील्स बनाने की बात कह कर इससे डीएसएल कैमरा किराए पर ले जाता था। हरि गोस्वामी ने बताया कि 26 जून को शिवम चौहान एक कैमरा 1000 प्रतिदिन के हिसाब से किराए में लेकर गया था। उसके बाद और कैमरे की आवश्यकता बताने पर हरि गोस्वामी अपने परिचित के फोटोग्राफर से 02 नग कमरे की व्यवस्था कर 1000 प्रतिदिन के हिसाब से किराए पर दिया था । हरि गोस्वामी को कैमरे की आवश्यकता पड़ने पर शिवम चैहान से कैमरे वापस करने बोला तो शिवम काल कहकर टालमटोल किया। इसी बीच हरि गोस्वामी को जानकारी मिली कि शिवम चैहान एक और फोटोग्राफर से 400 प्रतिदिन के हिसाब से कैमरा किराया पर लिया है जिसे उसने पुसौर में कंप्यूटर दुकानवाले को 1400 प्रतिदिन के हिसाब से किराए में दे रखा है। जालसाज शिवम चैहान से कैमरा मांगने पर कैमरा वापस नहीं किया। तब हरिगोस्वामी द्वारा थाना जूटमिल में धोखाधड़ी के संबंध में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया।

## कोचिंग संस्थानों में सुरक्षा मानकों की होगी जांच, एसडीएम की अध्यक्षता में समिति गठित

**बिलासपुर।** कलेक्टर अवनीश शरण ने जिला मुख्यालय बिलासपुर में संचालित कोचिंग संस्थानों की जांच के लिए एक समिति का गठन किया है। एसडीएम बिलासपुर की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय समिति संस्थानों की जांच कर 10 दिवस में रिपोर्ट कलेक्टर को सौंपेगी। समिति में एसडीएम के अलावा सदस्य के रूप में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर, अपर आयुक्त नगर पालिक निगम, जिला सेनानी नगर सेना एवं अपर संचालक उच्च शिक्षा विभाग बिलासपुर शामिल होंगे। संस्थानों की जांच हेतु पांच बिन्दु भी तय किये गये हैं। इनमें सुरक्षा मानकों के अनुपालन की स्थिति, भवन अनुज्ञा का अनुपालन, फायर एक्जिट की व्यवस्था, कोचिंग संस्थानों में प्रवेश एवं निकास द्वार की पर्याप्त व्यवस्था एवं आकस्मिक स्थिति से निपटने की व्यवस्था शामिल है।

# 1 तारीख को वेतन व ओल्ड पेंशन योजना लागू करने हड़ताल मांग पूरी नहीं, कर्मचारी संघ ने दी चेतावनी

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

नगरीय निकायों में प्रतिमाह वेतन व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग को लेकर नवयुक्त अधिकारीध्कर्मचारी कल्याण संघ के नेतृत्व में अधिकारी कर्मचारी एक दिवसीय हड़ताल पर हैं। संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोने, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी एवं रायगढ़ जिला अध्यक्ष अरूण राठौर तथा जिला महामंत्री संदीप पटेल के नेतृत्व में आज समस्त नगरीय निकाय के नियमित कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। संघ के जिला अध्यक्ष अरूण राठौर का कहना है कि निकायों में वेतन समस्या का समाधान शासन स्तर से करने एवं पुराना पेंशन लागू करने को लेकर आज 29 जुलाई को एक दिवसीय हड़ताल



पर रहे और कलेक्टोरेट में अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर जिला रायगढ़ को ज्ञापन सौंपा गया। संघ की ओर से कहा गया है कि प्रत्येक महीने की 1 तारीख को वेतन भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित की जावे। साथ ही अन्य विभागों की तरह नगरीय निकायों में पुरानी पेंशन योजना शीघ्र लागू की जाए। निकायों के उपरोक्त समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर आगामी दिनों में अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जावेगा। कलेक्टोरेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपने के दौरान नगर पालिका खरसिया, नगर पंचायत किरोड़ीमलनगर, लैलूंगा, धर्मजयगढ़ और घरघोड़ा के कर्मचारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# पुलिस ने प्रतिबंधित नशीली दवाएं बेच रहे युवक को पकड़ा, 560 नग प्रतिबंधित टैबलेट जप्त, एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई

## नशे के विरुद्ध कार्रवाई में घरघोड़ा पुलिस को मिली सफलता

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर नशे के विरुद्ध जिले में अभियान स्तर पर कार्यवाही जारी है। शनिवार 27 जुलाई को रायगढ़ शहर में नाबालिकों को सुलेशन (पंचर बनाने में काम आने वाला पदार्थ) बेचने वाले पर पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्रवाई किया गया। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायगढ़-ग्रामीण राम गोपाल करियारे के मार्गदर्शन पर घरघोड़ा पुलिस द्वारा क्षेत्र में नशे के कारोबार से जुड़े व्यक्तियों पर निगाह रखी जा रही है कि दोपहर थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक अमित तिवारी को मुखबिर से सूचना मिली



कि ब्लॉक कॉलोनी घरघोड़ा में रहने वाला ललित कनौजिया बायपास रोड ढोरम के पास अवैध रूप से प्रतिबंधित नशीली कैप्सूल रखकर बिक्री करने ग्राहक तलाश कर रहा है। सूचना पर तत्काल एसडीओपी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी को अवगत कराकर उनके मार्गदर्शन पर घरघोड़ा पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही के लिए रवाना हुई। पुलिस ने मुखबीर के बताए स्थान पर घेराबंदी कर आरोपी ललित कनौजिया पिता रामचंद्र कनौजिया उम्र 33 साल वार्ड क्रमांक 2 ब्लॉक कॉलोनी घरघोड़ा के कब्जे से थैली में रखा 70 स्ट्रीप, प्रत्येक में 08-08 नग कुल 560 नग प्रतिबंधित कीमती 5,656 की जप्ती की गई है। आरोपी के कृत्य पर थाना घरघोड़ा में धारा 21 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही में सहायक उपनिरीक्षक राजेश मिश्रा, प्रधान आरक्षक पारसमणी बेहरा, आरक्षक राजेश कुमार और दिलीप कुमार साहू, की अहम भूमिका रही है। आगे भी जिले में नशे के विरूद्ध अभियान स्तर पर कार्रवाई जारी रहेगी।

# कलेक्टर ने सिम्स अस्पताल का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com




कलेक्टर अवनीश शरण ने सिम्स अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यो का बारीकी से अवलोकन किया। मरीजों से मुलाकात कर अस्पताल में मिल रहे इलाज एवं खानपान का हाल जाना। अस्पताल अधीक्षक डॉ. एसके नायक सहित निर्माण एजेन्सियों के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान नव निर्मित एपिडेमिक वार्ड का अवलोकन किया। मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया आदि के गंभीर मरीजों के उपचार के लिए यह नया वार्ड विकसित किया गया है। फिलहाल 10 बेड इसमें हैं। उन्होंने लिफ्ट स्थापना के लिए जरूरी सिविल वर्क को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि दो और लिफ्ट जल्द से जल्द शुरू किया जा सके। विभिन्न वार्डों में 11 और टॉयलट बनाने के निर्देश भी पीडब्ल्यूडी को दिए। उन्होंने परिसर में एक जगह जल जमाव को देखने हुए ड्रेनेज को सुधारने के निर्देश दिए। शिवरीनारायण से इलाज के लिए आयी मरीज से चर्चा कर अस्पताल की व्यवस्था की जानकारी ली। कलेक्टर ने पंजीयन कक्ष के उपर निर्मित कमरों का उपयोग भी चिकित्सा कार्यों के लिए शुरू करने के निर्देश दिए ताकि भीड़ थोड़ी व्यवस्थित हो सके। उन्होंने आग से बचाव के लिए फिट किये जा रहे फायर फाइटिंग सिस्टम कार्य का भी अवलोकन किया और एक महीने के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। ट्रायज रूम का अवलोकन कर मरीजों से चर्चा कर जानकारी ली। उन्होंने एक्सरे एवं सोनोग्राफी कक्ष का भी जायजा लिया।

# एसडीएम एवं तहसील कार्यालयों का होगा सघन निरीक्षण

## दो अपर कलेक्टरों को जांच करने की जिम्मेदारी सौंपी

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर अवनीश शरण ने जिले की सभी एसडीएम, तहसील एवं उप तहसील कार्यालयों का निरीक्षण करने के लिए अतिरिक्त कलेक्टर आरए कुरूवंशी एवं शिवकुमार बनर्जी को आदेशित किया है। दोनों वरिष्ठ अधिकारी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एक महीने में निरीक्षण कर कलेक्टर को प्रतिवेदन सौंपेंगे। निरीक्षण के लिए तिथि एवं बिन्दु भी निर्धारित किये गये हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार अतिरिक्त कलेक्टर आरए कुरूवंशी 6 अगस्त को एसडीएम एवं तहसील कार्यालय बिलासपुर का निरीक्षण करेंगे। इसी प्रकार 14 अगस्त को तहसील कार्यालय बेलतरा एवं रतनपुर, 20 अगस्त को एसडीएम कार्यालय बिल्हा एवं तहसील कार्यालय बिल्हा एवं बोदरी, 23 अगस्त को एसडीएम एवं तहसील कार्यालय कोटा तथा 28 अगस्त को तहसील कार्यालय बेलगहना का निरीक्षण करेंगे। अपर कलेक्टर शिवकुमार बनर्जी 8 अगस्त को एसडीएम एवं तहसील कार्यालय तखतपुर, 13 अगस्त को तहसील कार्यालय सकरी एवं उप तहसील गनियारी, 16 अगस्त को एसडीएम एवं तहसील कार्यालय मस्तुरी, 22 अगस्त को तहसील कार्यालय सीपत एवं 29 अगस्त को तहसील कार्यालय पचपेड़ी का निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण के लिए निर्धारित बिन्दुओं में कोर्ट वार दर्ज, निराकृत एवं लंबित मामलों की स्थिति, न्यायालय वार पंजियों का संधारण, अर्थदण्ड वसूली की स्थिति, कर्मचारियों की पदस्थापना की स्थिति, कानूनगो, नायब नाजिर एवं वासिल बाकी नवीस द्वारा संधारित पंजियों की स्थिति, भवन एवं बैठक व्यवस्था की स्थिति, आमजन एवं पक्षकारों के लिए बैठक व्यवस्था की स्थिति, प्रकरणों के ऑनलाईन पंजीकरण की स्थिति, सेवा पुस्तिका अपडेट, निर्वाचन एवं जनगणना संबंधी कार्यों की स्थिति, नक्शा, खसरा एवं बी वन अपडेशन की स्थिति, लंबित न्यायालयीन मामलों, आयोगों एवं टीएल पत्रों की स्थिति सहित अन्य विषयों पर निरीक्षण करके रिपोर्ट सौंपेंगे।

# चक्रधरनगर पुलिस ने छात्र, छात्राओं को किया साइबर क्राइम के प्रति जागरूक

- लोइंग हायर सेकेंडरी स्कूल में टीआई चक्रधरनगर ने छात्रों को बताए बालकों के अधिकार दिए साइबर फ्रॉड की जानकारी

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर आज चक्रधरनगर पुलिस द्वारा ग्राम लोइंग के हायर सेकेंडरी स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर द्वारा छात्र-छात्राओं को नवीन कानून के संबंध में संक्षिप्त रूप से जानकारी देकर कानून में बालकों के अधिकारों के बारे में बताया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि वर्तमान समय में साइबर ठग आए दिन नए-नए तरीकों से लोगों को ठगा जा रहा है। इसे रोकने के लिए जागरूक होने की जरूरत है जिसमें छात्र-छात्राओं




की भूमिका भी अहम है। छात्र-छात्राएं स्वयं जागरूक रहकर अपने परिजन , परिचितों को फ्रॉड के प्रति जागरूक करें। उन्होंने फेसबुक, इंस्टाग्राम, वाट्सएप इत्यादि इंटरनेट मीडिया साइट्स पर सावधानी बरतने अकाउंट में प्राइवेसी ऑन रखने की जानकारी दी तथा अनजान व्यक्ति से दोस्ती, फर्जी काल, अनजान वाट्सएप वीडियो काल, आनलाइन लोन देने वाले एप, इंटरनेट मीडिया पर रुपयों की मांग करने वालों से सर्तक रखना बताये। थाना प्रभारी द्वारा छात्राओं को छेड़खानी जैसे घटनाओं को बिना दबाए पुलिस से मदद लेने कहा गया और पुलिस की मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर डायल 112, थाना प्रभारी चक्रधरनगर के मोबाइल नंबर 9479193210 की जानकारी दिए। थाना प्रभारी द्वारा छात्रों को नशे के दुष्परिणाम बताकर नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया और शिक्षा के प्रति प्रेरित किये। कार्यक्रम में थाना चक्रधरनगर के सहायक उप निरीक्षक नंदकिशोर सारथी तथा छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# लापता महिला और उसके दो बच्चों को पुलिस ने गुजरात के जामनगर से किया दस्तयाब

## कोतरारोड़ पुलिस ने गुम बच्चों को उसके पिता से मिलाया

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

थाना कोतरारोड़ क्षेत्र अंतर्गत रहने वाली महिला 14 जून घरेलू बातों पर नाराज होकर अपने दो छोटे-बच्चों के साथ कहीं चली गई थी। महिला के पति द्वारा अपने स्तर पर खोजबिन करने के बाद महिला और बच्चों के नही मिलने पर 15 जून को थाना कोतरारोड़ में गुम इंसान रिपोर्ट दर्ज कराया गया। महिला का पति बच्चों को लेकर काफी परेशान था, गुम इंसान जांच दौरान उसने अपन बयान में बताया कि 13 जून को उसकी पत्नी के साथ घरेलू बातों को लेकर मामूली बहस हुआ था। दूसरे दिन सुबह पत्नी दोनों बच्चों को लेकर कहीं चली गई। महिला के पति ने बताया कि वह अपने सभी रिस्तेदारों के पास पत्नी व बच्चों को पता किया, कहीं नहीं पता चला रहा है। कोतरारोड़ पुलिस द्वारा सभी थानों को गुम इंसान की सूचना देकर



व्हाटसअप ग्रुप में बच्चों को फोटो शेयर कर पतासाजी किया जा रहा था कि कुछ दिनों पहले गुम महिला द्वारा उसके रिस्तेदार से संपर्क किया गया जिसकी जानकारी महिला के पति द्वारा थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी को दी गई। थाना प्रभारी द्वारा सायबर सेल से महिला के संपर्क में आये व्यक्ति का डिटेल निकाला गया जिससे महिला के जामनगर, गुजरात में होने की जानकारी मिली। थाना प्रभारी निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी द्वारा पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल से अनुमति प्राप्त कर तत्काल गुम महिला और बालकों की पतासाजी के लिए पुलिस टीम गुजरात रवाना किया गया, जहां कोतरारोड़ पुलिस द्वारा जामनगर, गुजरात क्षेत्र में गुम महिला और दोनों बच्चों को खोज निकाली।


## छत्तीसगढ़ शासन वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग
## नारायणपुर वनमण्डल के काष्ठागार के नीलाम का संक्षिप्त विवरण

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता हैं कि, नारायणपुर वनमण्डल के अंतर्गत नारायणपुर काष्ठागार में संग्रहित पुराना ईमारती काष्ठ एवं पूर्व में अविक्रित निरस्त काष्ठ का घोष विक्रय द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि, घोष विक्रय में भाग लेवें। घोष विक्रय की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संबंधित वनमण्डल से प्राप्त की जा सकती हैं।

नीलाम दिनांक, स्थान एवं समय - 06.08.2024 को कोण्डागांव काष्ठागार में दक्षिण वनमण्डल कोण्डागांव काष्ठागार के नीलामी के पश्चात

| प्रजाति | पुराना वनापेज (काष्ठ) | | | |
|---|---|---|---|---|
| | ईमारती काष्ठ | | बल्ली | डेंगरी |
| | नग | (घ.मी.) | (नग में) | (नग में) |
| साल | 8655 | 979.319 | 512 | 273 |
| बीजा | 132 | 13.502 | 6 | 43 |
| साजा | 78 | 4.387 | 52 | 70 |
| सागौन | 176 | 16.323 | 1 | 70 |
| धावड़ा | 87 | 7.521 | 89 | 30 |
| हल्दू | 13 | 2.109 | - | - |
| तिन्सा | 7 | 0.376 | 1 | - |
| जामुन | 11 | 1.676 | - | - |
| अन्य | 1193 | 89.545 | 50 | 3 |
| योग :- | 10352 | 1114.758 | 711 | 489 |

| प्रजाति | पूर्व में अविक्रित निरस्त काष्ठ | | | |
|---|---|---|---|---|
| | ईमारती काष्ठ | | बल्ली | डेंगरी |
| | नग | (घ.मी.) | नग | (घ.मी.) |
| साल | 2551 | 338.24 | - | - |
| सागौन | 28 | 7.733 | - | - |
| धावड़ा | 35 | 4.301 | - | - |
| अन्य | 221 | 19.698 | 11 | - |
| योग | 2835 | 369.972 | 11 | 0 |

**दूरभाष क्रमांक- नारायणपुर वनमण्डल, नारायणपुर (07781-252228)**

01. प्रत्येक क्रेता को नीलाम में बोली लगाने के पूर्व प्रत्येक लॉट के संबंध में जिस सीमा तक वह बोली लगाना चाहता है, उसके 10 प्रतिशत के बराबर राशि या 1000/- रूपये इसमे जो अधिक हो जमा करना अनिवार्य हैं।
02. क्रेता द्वारा नीलाम में बोली लगाने के पूर्व वर्ष 2022 का पंजीयन प्रमाण पत्र, GST प्रमाण पत्र एवं आयकर पेन कार्ड की छायाप्रति ई.एम.डी. कक्ष में जमा करना अनिवार्य हैं।
03. विनिर्माता/उपभोक्ता/व्यापारी लायसेंस, GST कर एवं आयकर पेन नंबर की छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने पर ही वर्कआर्डर जारी किया जावेगा।
04. नीलाम में क्रय किये गये लॉटों का विक्रय मूल्य सहित विवरण ई.एम.डी. जमा पर्ची के पीछे अनिवार्य रूप से दर्ज करना होगा।
05. GST की राशि का भुगतान पृथक से नारायणपुर वनमण्डल नारायणपुर के नाम से बैंक ड्राफ्ट जो नारायणपुर में देय हो, तैयार कर प्रस्तुत करना होगा।

**वनमण्डलाधिकारी,**
**नारायणपुर वनमण्डल, नारायणपुर**

G-242501460/5


## धरमजयगढ़ वन मंडल में विचरण कर रहे 113 हाथी

# हाथियों के चिंघाड़ से गूंजने लगा गांव

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल के अलग-अलग रेंज में ही इन दिनों सौ से अधिक हाथियों का दल विचरण कर रहा है। जहां हाथियों के द्वारा रोजाना क्षेत्र में ग्रामीण किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। हाथियों की बढ़ती हुई संख्या क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल देखा जा रहा है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जिले के रायगढ़ एवं धरमजयगढ़ दोनों वन मंडलों में इन दिनों हाथियों के उत्पात की खबर आये दिन निकलकर सामने आ रही है। बीते सप्ताह भर से अधिक समय तक रायगढ़ वन मंडल में एक दंतैल हाथी के द्वारा गांव-गांव घूमकर एक दर्जन के करीब ग्रामीणों के घरों को तोड़ने के अलावा फसलों को नुकसान पहुंचाये जाने की खबरें आमने आ चुकी है। तो वहीं अब



धरमजयगढ़ वन मंडल में भी हाथियों ने उत्पात मचाना शुरू कर दिया है। इन दिनों धरमजयगढ़ वन मंडल में ही 113 हाथी अलग-अलग दलों में विचरण कर रहे हैं। जो रोजाना ग्रामीण किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। जिससे हाथी प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों में दहशत का माहौल निर्मित हो गया है। हाथियों के इस दल में सबसे अधिक लैलूंगा रेंज के मुकडेगा बीट में 22 हाथी, लैलूंगा के ही कहरचुयां बीट में 21 हाथी, छाल रेंज रेंज के गलीमार बीट में 16 हाथी, धरमजयगढ़ ओंगना बीट में 13 हाथी, छाल के औरानारा बीट में 12 हाथी, छाल रेंज के बेहरामार बीट में 8 हाथी के अलावा अलग-अलग रेंज में हाथी विचरण कर रहे हैं। धरमजयगढ़ वन मंडल के जंगलों में विचरण कर रहे हाथियों में नर हाथियों की संख्या 28, मादा हाथी 54 के अलावा 31 हाथी के बच्चे शामिल है।

**एक ही रात में 18 जगह किया नुकसान-** धरमजयगढ़ वन मंडल में हाथियों की बढ़ी हुई संख्या के चलते क्षेत्र में रोजाना हाथियों के द्वारा उत्पात की घटनाएं भी लगातार बढ़ते जा रही है। खबरदूत डॉट काम को मिली जानकारी के मुताबिकबीती रात हाथियों के दल ने जहां लैलूंगा रेंज मुकडेगा बीट के अंतर्गत आने वाले ढोर्रोबीजा, लोहडापानी में 07 किसानों की धान की फसल को नुकसान पहुंचाया है, साथ ही ओंगना बीट में 05 किसानों की धान की फसल, बायसी बीट में 02 किसानों की धान की फसल, छाल के औरानारा, सिंघीझाप में 03 किसानों के अमरूद एवं केलो पेड़ को नुकसान के अलावा ओंगना में एक किसान के कटपेड पेड़ को हाथियों ने नुकसान पहुंचाया है।

**सोसायटी में भी राशन लेने पहुंचा हाथी-** वन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक छाल परिसर के बोकरामुड़ा गांव में बीती रात एक मादा हाथी जंगल से निकलकर गांव पहुंचते हुए सरकारी राशन दुकान के हाता दीवाल को तोड़कर सोसायटी में रखे चावल को खाते हुए खिड़की को क्षतिग्रस्त करते हुए नुकसान पहुंचाया गया है।

**वन विभाग अलर्ट मोड में-** धरमजयगढ़ वन मंडल में हाथियों की संख्या सौ से अधिक होनें के बाद वन विभाग के अधिकारी भी अलर्ट मोड में आ गए हैं। विभाग के द्वारा हाथी प्रभावित क्षेत्रों में हाथी ट्रैकिंग दल एवं हाथी मित्र दल के द्वारा गांव-गांव पहुंचकर मुनादी कराई जा रही है तथा हाथियों से सावधानी बरतने प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसके साथ ही ड्रोन कैमरे के जरिये हाथियों के मूवमेंट पर नजर रखी जा रही है।

**जंगल नही जाने की दी जा रही समझाईश-** वन विभाग के अधिकारियों के अलावा हाथी मित्र दल के सदस्यों के द्वारा हाथी प्रभावित गांवों में पहुंचकर गांव के ग्रामीणों को मशरूम पुटु संग्रहण करने के अलावा किसी भी कार्य के सिलसिले में जंगल जाने पर जान का खतरा होनें की रोजाना समझाईश दी जा रही है। ताकि क्षेत्र में हाथी के हमले से जनहानि की घटना घटित न हो। साथ ही साथ गांव में हाथी आने के बाद तत्काल इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को देने की बात कही जा रही है।

# फेडरेशन के आह्वान पर घोषित अगस्त क्रांति आंदोलन का प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघर्ष करेगा पूर्ण समर्थन : कमल वर्मा

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ ने छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के बैनर तले झन कर इनकार, हमर सुनव सरकार आंदोलन का पूर्ण समर्थन करने का निर्णय लिया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल वर्मा एवं प्रवक्ता बालमुकुंद तंबोली ने विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि 6 अगस्त 2024 को इंद्रावती भवन (संचालनालय) से महानदी भवन (मंत्रालय) तक दोपहर 2 बजे से आयोजित मशाल रैली में संचालनालय में पदस्थ सभी राजपत्रित अधिकारी शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष कमल वर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा शासकीय अधिकारियों के मौलिक अधिकार महंगाई भत्ते से वंचित रखने के कारण अधिकारियों को आर्थिक रूप से काफी क्षति हो रही है। प्रदेश के विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए समस्त अधिकारीगण दिन-रात परिश्रम करते है लेकिन सरकार द्वारा उन्हें केंद्र सरकार के समान डीए प्रदान नही किए जाने से अधिकारीगण हतोत्साहित हो रहे है। शासन के इस उपेक्षापूर्ण रवैए से राजपत्रित अधिकारियों में काफी नाराजगी है। उन्होंने कहा कि शासकीय अधिकारियों और




कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए ज्ञापन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने की कई बार कोशिश की गई है, लेकिन 6 महीने गुजर जाने के बाद भी सरकार की तरफ से अधिकारियों और कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए अभी तक कोई पहल नहीं की गई है, ऐसे में अब सिवाय आंदोलन के कर्मचारी संगठनों के पास कोई अन्य रास्ता नहीं बचता है। अतः प्रदेश के समस्त राजपत्रित अधिकारी फेडरेशन के चार स्तरीय आंदोलन का समर्थन करेंगे। छत्तीसगढ़ राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रवक्ता बालमुकुंद तंबोली ने बताया कि प्रथम चरण में 6 अगस्त को इंद्रावती भवन से महानदी भवन तक मशाल रैली प्रदर्शन, द्वितीय चरण में 20 से 30 अगस्त तक सांसदों एवं विधायकों को ज्ञापन, तृतीय चरण में 11 सितंबर को जिला/ ब्लॉक/ तहसीलों में मशाल रैली का आयोजन एवं चौथे चरण में 27 सितंबर को सामूहिक अवकाश लेकर जिलों में धरना-प्रदर्शन का आयोजन होगा। राजपत्रित अधिकारी संघ फेडरेशन के इस चरणबद्ध आंदोलन का पूर्णतः समर्थन करते हुए आंदोलन को सफल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। उन्होंने आगे बताया कि भाजपा घोषणा पत्र के अनुसार प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र के समान 1 जनवरी 2024 से महंगाई भत्ता में 4% वृद्धि के साथ 50% डी ए स्वीकृत करने, प्रदेश के कर्मचारियों को जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्तों के एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ खाते में जमा किये जाने, भाजपा घोषणा पत्र के अनुसार प्रदेश के शासकीय सेवकों को चार स्तरीय समयमान वेतनमान दिये जाने, केन्द्र के समान गृह भाड़ा भत्ता, भाजपा घोषणा पत्र अनुसार मध्यप्रदेश सरकार की भांति प्रदेश के शासकीय सेवकों को अर्जित अवकाश नगदीकरण 240 दिन के स्थान पर 300 दिन देने का मुद्दा शासकीय अधिकारियों व कर्मचारियों की मांगों में प्रमुखता से शामिल है।

## योगेश तिवारी ने सिक्किम के नव नियुक्त राज्यपाल को दी बधाई



पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने नई दिल्ली में सिक्किम के नवनियुक्त राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर से उनके निवास पर मुलाकात की। इस अवसर पर योगेश तिवारी ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव जीत के शिल्पी माथुर को राज्यपाल पद पर नियुक्ति की बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने नवनियुक्त राज्यपाल ओम माथुर को शुभकामनाएं देते हुए कहा सिक्किम विकास के नए आयाम स्थापित करेगा।योगेश तिवारी ने कहा उनके अनुभव और कुशल मार्गदर्शन का लाभ सिक्किम को मिलेगा।


## सीईओ जिला पंचायत ने की विडियो कांन्फ्रेंस के माध्यम से निर्माण कार्यों की समीक्षा

पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com



जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोमा श्रीवास्तव ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (ग्रामीण), मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत जनपद पंचायत के स्वीकृत कार्य एवं 15वें वित्त आयोग अंतर्गत त्रिस्तरीय पंचायतों को प्राप्त राशि के व्यय की विडियो कांन्फ्रेंस के माध्यम से समीक्षा की गई। इस समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से जनपद पंचायत धमतरी, कुरूद, मगरलोड, नगरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक के स्वीकृत कार्य जैसे-सी.सी. रोड निर्माण, सामुदायिक भवन, मिनी स्टेडियम निर्माण कार्य, रंगमंच निर्माण कार्य, एकीकृत सुविधा केन्द्र निर्माण, चौक निर्माण के भौतिक रूप से पूर्ण कार्यों को माह अगस्त तक पूर्ण कराते हुए यू.सी., सी.सी. जिला कार्यालय को प्रेषित करने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत ने दिये।

## झारखंड सरकार के पारसनाथ पर्वत पर किए गए कदमों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका की सुनवाई





पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

न्यायमूर्ति सी.टी. रविकुमार की अध्यक्षता में एक डिवीजन बेंच पारसनाथ पर्वत की पवित्रता को बनाए रखने के लिए 31 जुलाई को याचिका पर सुनवाई करेगी। यह पर्वत झारखंड के गिरिडीह जिले में स्थित है, जो जैन समुदाय के लिए सबसे पूजनीय तीर्थस्थल है। सिविल अपील संख्या 5596-5600/2009 में दाखिल की गई। संख्या 156891/2024, दर्शनाबेन नयनभाई शाह द्वारा दायर की गई है, जो इस पवित्र स्थल को अपवित्र करने वाली गतिविधियों को तत्काल रोकने के लिए कोर्ट के आदेशों की मांग करती है। पारसनाथ पर्वत, जिसे शिखरजी के नाम से भी जाना जाता है, जैन धर्म के अनुयायियों के लिए सबसे पवित्र और पूजनीय स्थल माना जाता है, क्योंकि 24 में से 20 तीर्थंकरों और अनेक जैन साधुओं ने यहाँ निर्वाण प्राप्त किया है। सदियों से, केवल जैन समुदाय ही नहीं बल्कि विभिन्न न्यायिक और प्रशासनिक शक्तियों द्वारा भी इस पर्वत को उसकी धार्मिक महत्वता के लिए मान्यता मिली है। जैसे अयोध्या हिंदुओं के लिए, बोधगया बौद्धों के लिए, स्वर्ण मंदिर सिखों के लिए, मक्का मुसलमानों के लिए और वेटिकन कैथोलिकों के लिए पवित्र है, वैसे ही यह पर्वत जैनों के लिए पवित्र है। इस याचिका में, दर्शनाबेन शाह, जैन समुदाय के एक निष्ठावान सदस्य, हाल ही में झारखंड राज्य द्वारा की गई कई गतिविधियों को उजागर करती हैं, जो पर्वत की पवित्रता को खतरे में डालती हैं। याचिका में निम्नलिखित मुद्दों को प्रस्तुत किया गया है। पर्यटन विकास- झारखंड राज्य सरकार द्वारा प्रोत्साहित करने से बढ़ी हुई पर्यटकों की आवन-जावन के कारण पर्वत पर नए साल की पिकनिक और खाने-पीने की गतिविधियों को बढ़ावा मिला है, जिसे जैनों द्वारा अपवित्र माना जाता है। झारखंड राज्य ने राज्य में 5 प्रमुख स्थानों पर पर्यटन विकास के लिए 2000 करोड़ रुपये का अनुमान लगाया है, जिनमें से एक यह शिखरजी पर्वत है। इको-टूरिज्म भी झारखंड सरकार की योजनाओं का हिस्सा है। रोपवे निर्माण- जैन परंपरागत रूप से नंगे पांव तीर्थयात्रा को श्रद्धा का चिन्ह मानते हैं, इसलिए पर्वत पर रोपवे बनाने के प्रस्ताव का जैन समुदाय द्वारा जोरदार विरोध किया गया है। पहले की रोपवे योजनाओं को ऐसे ही विरोध के कारण स्थगित कर दिया गया था।

## निर्माणाधीन आवासों को शीघ्र पूर्ण करने हेतु सितम्बर 2024 तक समय-सीमा

### संचालक, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के निर्देशानुसार जारी

पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत ग्रामीण निवासरत बेघर एवं गरीब परिवारों को सर्व सुविधायुक्त पक्के आवास से लाभान्वित किया जाना निर्धारित है इस हेतु वर्ष 2016-17 से 2022-23 तक स्वीकृत अपूर्ण / निर्माणाधीन आवासों को शीघ्र पूर्ण करने हेतु सितम्बर 2024 तक समय-सीमा निर्धारित किया गयी है। जिले में 15.07.24 की स्थिति में 3146 आवास अपूर्ण / निर्माणाधीन है बताया जा रहा है। संचालक, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के द्वारा पत्र के माध्यम से प्राप्त निर्देशानुसार ऐसे आवास जिन्हे पूर्ण नही किया जा सकता है, उसका नियमानुसार परीक्षण कर चिन्हांकित किया जाना निर्धारित किया गया है। अतः ऐसे आवास जिन्हे पूर्ण नही किया सकता, ऐसे आवासों का जनपद स्तर पर दल गठित कर नियमानुसार परीक्षण कराया जावेंगा, परीक्षण सावधानीपूर्वक किया जाना है, जिसमें किसी प्रकार की त्रुटियां न हो। परीक्षण उपरांत दिये गये प्रपत्र में जानकारी 23.07.2024 तक इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया गया। उक्त परिपत्र जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी बलौदाबाजार भाटापारा के द्वारा समस्त जनपद पंचायत को प्रेषित किया गया है।

## डॉ. अंकुर सिंघल ने रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल, छत्तीसगढ़ में जटिल जोड़ की यह टक्सप्लास्टी सफलतापूर्वक की

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



मध्य भारत में पहली बार प्रसिद्ध सर्जन डॉ. अंकुर सिंघल ने की जटिल टक्सप्लास्टी सर्जरीः पार्शियल नी रिप्लेसमेंट के मरीजों के लिए क्रांतिकारी उपचार डॉ. अंकुर सिंघल ने रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल, छत्तीसगढ़ में जटिल जोड़ की यह टक्सप्लास्टी सफलतापूर्वक की। जो मरीज टक्सप्लास्टी करवाते हैं, वे संतुष्टि की रिपोर्ट करते हैं, क्योकी यह दर्द कम करने और चलने-फिरने की क्षमता बढ़ाने में मदद करता है। टक्सप्लास्टी के बाद उन्हे कम समस्याएं होती हैं, वे जल्दी ठीक हो जाते हैं और जल्द ही सक्रिय जीवनशैली में लौट सकते हैं। चाहे वह हाइकिंग हो, डांसिंग हो या बस दैनिक सैर का आनंद लेना हो। रायपुर (छत्तीसगढ़) के रामकृष्ण केयर अस्पताल के प्रसिद्ध सिनीयर जोइन्ट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. अंकुर सिंघल ने छत्तीसगढ़ में पहली बार टक्सप्लास्टी प्रक्रिया की। यह मरीजों के जोड़ की कार्य क्षमता में सुधार और दर्द से राहत देकर एक नई चिकित्सा उम्मीद की है। 50 वर्षीय एक महिला मरीज इस प्रक्रिया से सफलतापूर्वक गुजरी। डॉ. सिंघल के अनुसार पारंपरिक नी रिप्लेसमेंट तकनीकों की तुलना में टक्सप्लास्टी ज्यादा फायदेमंद है। उन्होंने कहा, टक्सप्लास्टी घुटने के जोड़ के सभी चार स्नायुबंधन को सलामत रखके प्राकृतिक लचीलेपन और गति देता है। प्रक्रिया में केवल क्षतिग्रस्त हिस्से को विशेष रूप से बनाए गए इम्प्लांट से बदलते हैं, जिससे घुटने की मूल संरचना बनी रहती है।

## भारत के सात तटवर्ती राज्यों में 34,000 से अधिक लोगों को सशक्त बनाने वाली 'मैजिकल मैंग्रोव मुहिम'

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप का संगठन गोदरेज एंड बॉयस एयरोस्पेस और कंज्यूमर डयूरेबल्स से लेकर एनर्जी एवं स्थायी निर्माण समाधानों के उपभोक्ता और औद्योगिक कारोबार में शामिल है। संगठन ने मैंग्रोव ईकोसिस्टम के संरक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया के साथ मिलकर अपने मैजिकल मैंग्रोव मुहिम के पांचवें फेज की घोषणा की है। 2020 में शुरू की गई इस पहल में 190 वालंटियर ने भाग लिया है और इसने 460 से अधिक वेबिनार, ऑन-ग्राउंड पहल और सोशल मीडिया मुहिमों के जरिये 7 राज्यों में 34,630 लोगों को सशक्त बनाया है। यह पहल पर्यावरण की सुरक्षा एवं बॉयोडाइवर्सिटी संरक्षण के प्रति गोदरेज एंड बॉयस की कटिबद्धता को दिखाती है। संगठन 30 से अधिक वर्षों से मुंबई में विक्रोली और ठाणे क्रीक तटरेखा के आसपास स्थित सैकड़ों एकड़ मैंग्रोव का संरक्षण कर रहा है। मैजिकल मैंग्रोव मुहिम ने मैंग्रोव ईकोसिस्टम के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। शैक्षिक वर्कशॉप, इंटरैक्टिव क्विज़ और नेचर ट्रेल्स की एक सीरीज के जरिये इस पहल ने स्थानीय लोगों को इसमें जोड़ा है और तटीय संरक्षण और बॉयोडाइवर्सिटी सपोर्ट में मैंग्रोव की भूमिका के बारे में जानकारी देकर उनका ज्ञानवर्धन किया है। भविष्य के लिए, पार्टनरशिप का लक्ष्य सतत् शैक्षिक संपर्क एवं संरक्षण पहलों के माध्यम से वित्त वर्ष 25 तक कुल 51,000 लोगों को सशक्त बनाना है।

## नगरीय निकायों में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन




पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

राज्य शासन के निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्रों में निवास करने वाले आम नागरिकों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु जिले के नगरीय निकायों में जन समस्या निवारण शिविर के आयोजन का क्रम निरंतर जारी है। नगरीय निकायों में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में बड़ी संख्या में नगरीय क्षेत्र के लोगों ने शिविर में उपस्थित होकर अपने मांगों एवं समस्याओं के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। इस दौरान मौके पर उपस्थित नगर पंचायत अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित अन्य जन प्रतिनिधियों के अलावा अधिकारी कर्मचारियों ने शिविर में प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु समुचित कार्रवाई सुनिश्चित की। इस दौरान संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा अनेक आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। नगर पालिका दल्लीराजहरा के वार्ड क्रमांक 03, 04 एवं 05 के लिए वार्ड क्रमांक 03 पुराना स्टेट बैंक के पी जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत लोक निर्माण विभाग के कुल 08, राजस्व विभाग के 21, पेंशन विभाग, स्वच्छता विभाग, स्थापना विभाग आदि से संबंधित कुल 39 आवेदन प्राप्त हुए। इसी तरह नगर पंचायत डौण्डी के वार्ड क्रमांक 01, 02 एवं 03 हेतु वार्ड 05 सांस्कृतिक भवन में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में कुल 41 आवेदन प्राप्त हुए थे। इसी तरह नगर पंचायत गुण्डरदेही आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में कुल 55 आवेदन प्राप्त हुए। इसके अलावा नगर पंचायत अर्जुंदा में भी जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

## हिंदुस्तान जिंक ने एशिया का पहला लो कार्बन 'ग्रीन' जिंक इकोजेन किया लॉन्च

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com




देश की सबसे बड़ी और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने अपना लो कार्बन ग्रीन जिंक ब्रांड इकोजेन लॉन्च किया। एसएंडपी ग्लोबल सीएसए के अनुसार विश्व की सबसे सस्टेनेबल धातु और खनन कंपनी के रूप में मान्यता प्राप्त यह कंपनी एशिया की पहली जिंक उत्पादक है जिसने दुनिया भर में अपने ग्राहकों के लिए अपनी तरह का पहला लो कार्बन ग्रीन जिंक ऑफर किया है। इकोजेन को एक प्रसिद्ध वैश्विक स्थिरता परामर्श फर्म द्वारा जीवन चक्र मूल्यांकन, एलसीए के माध्यम से लो-कार्बन जिंक के रूप में प्रमाणित किया गया है और इसका कार्बन फुटप्रिंट प्रति टन उत्पादित जिंक पर एक टन से भी कम कार्बन समतुल्य है, जो वैश्विक औसत से 75 प्रतिशत कम है। जिंक का प्राथमिक अनुप्रयोग स्टील को जंग से बचाने के लिए गैल्वनाइजेशन के लिए है स्टील, इंफ्रास्ट्रक्चर, ऑटोमोटिव और सनराइज सेक्टर जैसे अक्षय ऊर्जा, इलेक्ट्रॉनिक्स, हाई-टेक विनिर्माण, ऊर्जा भंडारण, रक्षा और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी जैसे क्षेत्रों में इसकी भूमिका महत्वपूर्ण है। इकोजेन हिंदुस्तान जिंक की अपने परिचालन को डीकार्बोनाइज करने के साथ-साथ अपने ग्राहकों को एक बेजोड़ प्रतिस्पर्धात्मक लाभ प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है,

## नागरिकों की समस्याएं जानने वार्डो में पहुंचे सीएमओ साहू सहित पालिका अमला

पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com





जन समस्या निवारण पखवाड़ा में शिविर के दूसरे दिन स्थानीय नागरिक समस्याएं यथा नल कनेक्शन,राशन कार्ड, राष्ट्रीय परिवार सहायता, वृद्धावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जन्म -मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनुज्ञप्तिया,अनापत्ति प्रमाण पत्र,नामांतरण, स्व रोजगार के प्रकरण तथा नल लीकेज, नलों में पानी का ना आना नालियों/ गलियों की सफाई, सार्वजनिक नलों के प्लेटफार्म में पानी बहना, कचरे की सफाई व परिवहन टूटी-फूटी नालियों की मरम्मत, सड़कों के गड्ढे पटना, स्ट्रीट लाइट के मरकरी/ बल्ब / ट्यूब का बंद रहना मूलभूत वास्तविक समस्याओं से रूबरू होने तथा निराकरण करने के लिए वार्ड क्रमांक 3, 4, 5 के लिए 29 जुलाई शिविर वार्ड क्रमांक 3 पुराना स्टेट बैंक के पीछे मंच शिविर स्थल पर नोडल अधिकारी राम गोपाल चंद्राकर, लोक निर्माण प्रभारी ऐलन चंद्राकर , समाज कल्याण एवं पेंशन विभाग प्रभारी घनश्याम शर्मा, लेखा प्रभारी राजेंद्र साहू,राजस्व प्रभारी बुद्धिमान सिंह, स्वच्छता पर्यवेक्षक सतीश चंद्राकर,स्थापना प्रभारी मनोज साहू, परियोजना प्रभारी इंद्र यादव, स्वच्छ भारत मिशन एवं आवास विभाग के सूरज तांडी के साथ पूरा पालिका अमला एवं छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल के उप अभियंता सुनील ठाकुर, इंद्र कुमार मेश्राम, स्वास्थ्य विभाग से रेखु साहू पहुंचे। जन समस्या निवारण शिविर में 29 मांग, 10 शिकायत इस प्रकार कुल 39 आवेदन प्राप्त हुए,जिनमें से 10 आवेदनों का मौके पर निराकरण किया गया। जन समस्या निवारण शिविर में संयुक्त संचालक लोकेश्वर साहू नगरीय प्रशासन विभाग संभागीय कार्यालय दुर्ग, मुख्य नगर पालिका अधिकारी आर के साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष संतोष देवांगन, खाद्य निरीक्षक कल्याणी मरकाम वार्ड क्रमांक 4 की पार्षद प्रमिला पारकर एवं वार्ड वासी उपस्थित रहे ।

## स्टेट कुराश चैंपियनशिप में दुर्ग जिले के खिलाड़ियों का दबदबा




पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ स्टेट कुराश चैंपियनशिप सब जूनियर, जूनियर, सिनियर बालक बालिका, पुरुष एवम महिला का आयोजन बलौदा बाजार भाटापारा जिला कुराश संघ के स्व.डॉ जे. के. आडिल की स्मृति 28.7.24 को आयोजित किया गया, चैंपियनशिप में प्रदेश भर से 130 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिसमे बलोदाबाजार भाटापारा बेमेतरा, दुर्ग, राजनांदगांव, रायपुर, बिलासपुर के खिलाड़ियों ने भाग लिया, समापन एवम पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ भाजपा उपाधक्ष शिवरतन शर्मा, अतिथि डॉ विकास आडिल, अतिथि रविंद्र जैन, छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन के अध्यक्ष बैजनाथ गुप्ता, जिला कुराश संघ अमरजीत सिंह सलूजा, जिला कुराश संघ वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश भानुशाली, जिला कुराश संघ कोषाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण सोनी, छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश सचिव आदित्य सिंह, सचिव रायपुर जिला कुराश संघ सचिव आशीष यादव ने पदक विजेता खिलाड़ियों को स्वर्ण, कांस्य एवं रजत पदक पुरस्कृत एवं प्रशिक्षकों को टी शर्ट प्रदान कर सम्मानित किया, चैंपियनशिप में दुर्ग जिले के खिलाड़ियों ने सर्वाधिक पदक जीतते हुए ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया वही बलौदाबाजार भाटापारा जिले की कुराश टीम रनरअप चैंपियन का खिताब अपने नाम किया, उक्त जानकारी छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन सचिव आदित्य सिंह ने दी।

## रामलला दर्शनार्थियों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत भाटापारा प्रांगण में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्य चंद्र प्रकाश साहू ने एक विशेष कार्यक्रम में भाग लिया, जिसमें उन्होंने राम लला के दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी यात्रियों को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया और उनके सफल एवं सुरक्षित यात्रा की कामना की। यह कार्यक्रम राम लला दर्शन योजना के तहत आयोजित किया गया था, जिसमें छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं को अयोध्या में स्थित राम जन्मभूमि मंदिर के दर्शन के लिए भेजा गया। इस तरह के आयोजन न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देते हैं, बल्कि लोगों के धार्मिक आस्था को भी प्रोत्साहित करते हैं। चंद्र प्रकाश साहू ने राम लला के दर्शन के लिए आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों से ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया कि वे राम लला दर्शन योजना का अधिक से अधिक उपयोग करें और इस अवसर का लाभ उठाकर अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर के दर्शन करें। उन्होंने कहा कि यह योजना राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही एक महत्वपूर्ण पहल है, जो श्रद्धालुओं को धार्मिक स्थलों के प्रति उनकी आस्था को मजबूत करने का अवसर प्रदान करती है। साथ ही, उन्होंने योजना के बारे में जानकारी साझा करने और अधिक लोगों को इसका लाभ दिलाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर ग्राम करही बाजार, मोपका, बोरसी, देवरी के साथ ही साथ अनेक ग्रामों के श्रद्धालुओं ने राम लला दर्शन योजना के तहत अयोध्या जाकर दर्शन लाभ प्राप्त करने के लिए छत्तीसगढ़ शासन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह योजना उनके जैसे श्रद्धालुओं के लिए एक अनमोल अवसर है, जिससे वे भगवान राम के पवित्र स्थल के दर्शन कर सकेंगे। श्रद्धालुओं ने सरकार की इस पहल की सराहना की, जिसने उन्हें इस यात्रा के माध्यम से धार्मिक और आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त करने का मौका दिया। यह योजना न केवल लोगों की धार्मिक आस्था को बल देती है, बल्कि उन्हें धार्मिक स्थलों से जोड़ने का कार्य भी करती है। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी तिवारी, पंचायत इंस्पेक्टर वर्मा, कारारोपण अधिकारी शर्मा एवं पंचायत सचिव गण उपस्थित रहें।

## पेरिस ओलम्पिक में कांस्य पदक मिलने के उपलक्ष्य में स्पेशल कैन्सलेशन कैचेट का अनावरण

रायपुर। पेरिस ओलम्पिक में महिला वर्ग के 10 मीटर एयर पिस्ट में भारत को कांस्य पदक मिलने के उपलक्ष्य में भारतीय डाक विभाग, छत्तीसगढ़ डाक परिमंडल द्वारा विशेष कैन्सलेशन कैचेट का विमान किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ डाक परिमंडल के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल विनीत माथुर, निदेशक डाक सेवाएं दिनेश कुमार मिस्त्री, छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय स्तर शूटिंग खिलाड़ी एवं कोच मोहम्मद अली चिश्ती, शक्ति चंद्रा, मोहम्मद शरफराज के साथ ही साथ सीनियर फिलेटलिस्ट भी उपस्थित थे।

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गिरौद**
**जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छत्तीसगढ़)**

**// ईश्तहार //**

आनलाईन रा.प्र.क्र./.............
अ-2 वर्ष..........दिनांकः 29/07/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कांति गुप्ता बेवा सुनील कुमार गुप्ता जाति बनिया साकिन ग्राम घटमडवा तहसील टुण्डरा कास्तकार ग्राम घटमडवा, पटवारी हल्का क्रमांक 03, राजस्व निरीक्षक मण्डल गिधौरी, तहसील टुण्डरा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा अपने भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम घटमडवा स्थित जिसका भूमि खसरा नम्बर 12 रकबा 0.101 हेक्ट. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु भूमि परिवर्तन कराने बाबत् आवेदन पत्र पेश किया है जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 16/08/2024 को सुनवाई नियत है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था को किसी भी प्रकार से कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत पेशी तिथि तक अपना दावा आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर सहित जारी किया गया है।

मुहर
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**गिरौद**

# दुकानदार ने रस्सी से स्टेट हाइवे बंद किया, इसमें उलझकर गिरे बाइक सवार की मौके पर मौत



01 – बालोद की ओर से आ रहा बाइक सवार सड़क पर बंधी रस्सी देख नहीं सका। 02 – रस्सी से उलझने के बाद वह पीछे की ओर गिरा। 03 – रस्सी से उलझने पर युवक का हेलमेट अलग जा गिरा। 04 – बाइक सवार सड़क पर गिरने के बाद अचेत हो गया। उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

- मोहारा बाईपास तिराहे के पास मंगलवार की सुबह हुआ हादसा
- ड्यूटी जा रहा युवक हादसे का शिकार हुआ, मृतक देवरी थाना क्षेत्र का

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

नंदई चौक से मोहारा के बीच दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की जान चली गई। हादसे की वजह स्टेट हाइवे पर मौजूद दुकान संचालक की घोर लापरवाही है। दुकानदार ने ही सड़क पर रस्सी बांध कर मार्ग अवरुद्ध कर रखा था। बाइक चालक इसमें ही फंसकर नीचे गिरा और उसकी मौत हो गई। स्टेट हाइवे को गैर जिम्मेदाराना तरीके से ब्लॉक करने, व्यवसायिक उपयोग हेतु सड़क का अवैध इस्तेमाल और दूसरे के जीवन को खतरे में डालने जैसे गंभीर आरोपों के बीच पुलिस इस मामले में श्रीराम टाईल्स के संचालक को आरोपी बनाए जाने में हीलहवाला कर रही है। वे इसे जांच का विषय बता रहे हैं। दरअसल, नंदई चौक से मोहारा के बीच बाइपास तिराहे से पहले मौजूद श्रीराम टाईल्स के संचालक ने बालोद से राजनांदगांव आने वाली सड़क पर रस्सी बांधकर बंद कर रखा था। यहां कोई संकेतक था न ही कोई व्यक्ति मौजूद था। इस बीच ही युवक बाइक से राजनांदगांव की ओर आते हुए इस रस्सी में उलझ गया और नीचे गिर पड़ा। वह गाड़ी से पीछे की ओर गिरा तो उसका हेलमेट भी अलग होकर गिर गया। चालक के सिर पर गंभीर चोट आई और वह दोबारा नहीं उठा। उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना मंगलवार सुबह 10:20 बजे की है। इस हादसे का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है जिसमें पूरा हादसा रिकॉर्ड हुआ है। हादसे का शिकार हुआ युवक कैलाश साहू (38) बालोद जिले के थाना देवरी के गांव सुरसुली का रहने वाला है। वह रोजाना की तरह गंज चौक स्थित चंद्रा इलेक्ट्रॉनिक्स में अपनी ड्यूटी के लिए आ रहा था। इसी दौरान बाईपास तिराहे के बिलकुल बाद हादसे का शिकार हो गया। दोपहर तक शव का पीएम करवाकर उसे परिजनों को सौंपे जाने की कार्रवाई चलती रही।

### मौत का जिम्मेदार दुकान संचालक

इस पूरे मामले में श्रीराम टाईल्स के संचालक की बड़ी लापरवाही सामने आई है। बताया जा रहा है कि, सुबह श्रीराम टाईल्स में एक ट्रक माल अनलोड करने आई थी जिसका चक्का कीचड़ में फंस गया था। ट्रक ट्रांसफॉर्मर के करीब था जिससे लोगों को दूर रखने के लिए रस्सी बांधे जाने की जानकारी दी जा रही है। हालांकि सीसीटीवी फुटेज में स्पष्ट है कि, जब हादसा हुआ तब वहां कोई ट्रक नहीं खड़ा था लेकिन रस्सी बंधी हुई थी। सड़क को ब्लॉक किए जाने को लेकर कोई संकेतक इस्तेमाल नहीं किया गया था। हादसे के बाद ऐन-केन संचालक दुकान बंद कर यहां से चले गए।

### ट्रैफिक अमला मुस्तैद होता तो हादसा न होता

रसूखदार व्यवसायियों को शहर में मनमाने तरीके से सड़क का दुरूपयोग करने दिया जा रहा है। मंगलवार को सड़क दुर्घटना का एक बड़ा कारण ट्रैफिक अमले की लापरवाही भी है। नंदई चौक से मोहारा के बीच ट्रेफिक पुलिस लगातार मौजूद रहती है लेकिन उनके द्वारा इस तरह रस्सी बांधकर सड़क बंद करने वाले व्यापारियों पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती। वे इसे देखकर भी आगे निकल जाते हैं। मंगलवार को भी उन्होंने यही किया। अगर, ट्रैफिक पुलिस उन्हें रोक देती तो ये हादसा न होता।

### घटना के वक्त ट्रक मौजूद नहीं था लेकिन रस्सी बंधी थी

युवक की मौत की वजह बनने वाले दुकान संचालक पर अपराध दर्ज करने से पुलिस भी पीछे हट रही है। बसंतपुर थाना प्रभारी सत्यनारायण देवांगन इसे जांच का विषय बता रहे हैं। वे कहते हैं, अभी ये स्पष्ट नहीं है कि रस्सी किसने बांधी थी। इसकी जांच के बाद ही संचालक पर मामला दर्ज किया जा सकता है। जबकि सीसीटीवी फुटेज में साफ है कि जब हादसा हुआ वहां कोई ट्रक नहीं मौजूद था। यही नहीं यह भी स्पष्ट है कि संचालक के कहने पर ही इस तरह सड़क अवरुद्ध की गई। बावजूद इसके इस प्रकरण में दुकान संचालक को बचाने की कोशिश की जा रही है।

## नाबालिग ने कैंची से गोदकर की युवक की हत्या बहन से कथित प्रेम-प्रसंग के चलते की वारदात

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

डोंगरगढ़ के भगत सिंह वार्ड में सोमवार देर रात नाबालिग ने मोहारा निवासी एक युवक की हत्या कर दी। उसने कैंची से गोदकर इस वारदात को अंजाम दिया। हत्या के पीछे मृतक का आरोपी की बहन से कथित प्रेम-प्रसंग एक वजह के रूप में सामने आया है। पुलिस ने आरोपी नाबालिग को हिरासत में लिया है। डोंगरगढ़ के रहने वाले एक नाबालिग ने मोहारा गांव के राजू निषाद की बीती रात को हत्या कर दी। सूत्रों का



कहना है कि मृतक राजू निषाद (23)का आरोपी नाबालिग की बहन से प्रेम-प्रसंग था। इस बात की रंजिश रखते हुए आरोपी ने बीती रात को कैंची से राजू निषाद की हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि मृतक और आरोपी नाबालिग ने अपने एक साथी के साथ शराब पी, इसके बाद घटना को अंजाम दिया। आरोपी नाबालिग पहले भी आर्म्स एक्ट के तहत पुलिस हिरासत में रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## टेड़ेसरा में सबस्टेशन शुरु, 10 ग्रामों के 5990 उपभोक्ताओं को मिलेगा फायदा

**राजनांदगांव/टेड़ेसरा।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा राजनांदगांव ग्राम टेड़ेसरा में मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के अन्तर्गत 2 करोड़ 58 लाख रू0 की लागत से नवनिर्मित 33/11 के0व्ही0 उपकेन्द्र को ऊर्जीकृत किया गया। इस उपकेन्द्र में स्थापित 3.15 एमव्हीए के पॉवर ट्रांसफार्मर से निकलने वाले 11 केव्ही के तीनों फीडरों यथा देवादा, मगरलोटा एवं सांकरा के माध्यम से 10 ग्रामों के 5990 कृषक एवं ग्रामीण उपभोक्ताओं को निर्बाध व गुणावत्तापूर्ण विद्युत की सुविधा सुनिश्चित हो जायेगी। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी राजनांदगांव संभाग के कार्यपालन अभियंता आलोक दुबे ने बताया कि मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के तहत नवनिर्मित इस उपकेन्द्र में 3.15 एमव्ही0ए0 का नया पॉवर ट्रांसफार्मर, 3.5 कि0मी0 33 के0व्ही0 एवं 10.2 कि0मी0 11 केव्ही की नई लाइन सृजित की गई है।

## अज्ञात वाहन ने 6 मवेशियों को रौंदा

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



नेशनल हाइवे पर 6 गौवंश को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। सभी मवेशियों की मौत हो गई। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से निकाय क्षेत्र में सड़क से मवेशियों को हटाए जाने का काम जारी है। इस बीच पेंड्री में मेडिकल कॉलेज मोड़ के पास हुए इस हादसे ने व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प आज

**राजनांदगांव।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में 31 जुलाई 2024 को सुबह 10.30 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। उप संचालक रोजगार एसव्ही राजोरिया ने बताया कि प्लेसमेंट कैम्प में सेफइंटेलीजेंट सिक्यूरिटी सर्विसेस भिलाई जिला दुर्ग द्वारा सिक्यूरिटी गार्ड एवं सिक्यूरिटी सुपरवाईजर पद पर केवल पुरूष अभ्यर्थियों की भर्ती की जाएगी। इसके लिए आयु सीमा 20 वर्ष से 45 वर्ष एवं शैक्षणिक योग्यता पांचवी से ग्रेजुएट चाही गई है। प्लेसमेंट कैम्प में शामिल होने के लिए इच्छुक एवं पात्र आवेदक निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर अपने सभी शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साईज फोटो, रोजगार पंजीयन कार्ड के साथ उपस्थित हो सकते हैं।

## नाले पर कब्जे के खिलाफ पार्षद गुप्ता करेंगे आमरण अनशन

### इंदिरा नगर नाला चौड़ीकरण और अतिक्रमण हटाने की मांग पर अड़े

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



इंदिरा नगर वार्ड के पार्षद राजेश गुप्ता उर्फ चंपू अपने वार्ड के नाला निर्माण के अधूरा होने, चौड़ीकरण और नाला में किए गए अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर बुधवार से आमरण-अनशन करेंगे। पार्षद गुप्ता ने आरोप लगाया है कि जिला प्रशासन और निगम को उक्त मांगों पर उचित कार्रवाई करने के लिए एक सप्ताह का वक्त दिया था। सप्ताहभर गुजरने के बावजूद ज्ञापन पर विचार नहीं किया गया। जिसके चलते कल 31 जुलाई से उन्होंने आमरण-अनशन करने का ऐलान किया है।मंगलवार को प्रेसवार्ता में गुप्ता ने बताया कि वार्ड नं. 41 स्थित इंदिरा नगर के पीछे बने आधा-अधूरा नाला व नाले के ऊपर तथा आसपास अवैध अतिक्रमण हटाने को लेकर जिला प्रशासन को सप्ताहभर का समय दिया गया था और कार्रवाई नहीं होने की दिशा में अनशन शुरू करने की सूचना दी गई थी। सप्ताहभर गुजर जाने के बाद भी जिला व नगर निगम प्रशासन द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि मजबूरन जनहित में जब तक उक्त मांगे पूरी नहीं हो जाती है, तब तक वह कल 31 जुलाई से नगर निगम के प्रवेश द्वार के बाजू में धरना प्रदर्शन करेंगे।

गुप्ता ने बताया कि धरना प्रदर्शन को लेकर एसडीएम से अनुमति की मांग की गई है। पार्षद गुप्ता ने कहा कि इंदिरा नगर स्थित नाले में लगभग आधा शहर का गंदा पानी तथा बारिश का पानी इंदिरा नगर स्थित नाले से पीछे से बहता हुआ जाता है। उन्होंने कहा कि 2007 में उक्त कच्चे नाले की चौड़ाई 30 से 35 फीट एवं गहराई 8 से 10 फीट होने से गंदा पानी एवं बरसात का पानी आसानी से निकल जाता था। 30 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले इस नाले की चौड़ीकरण के लिए 01 मार्च 2018 जारी किया गया था। जिसमें ठेकेदार द्वारा महज 2 माह कार्य करने के पश्चात कुछ राशि भुगतान लेकर कार्य बंद कर दिया गया। ठेकेदार द्वारा कार्य बंद करने के बाद बालोद मार्ग के पास रहने वाले आशीष पटेल, शांतिलाल जैन एवं सूर्यकांत चितलांग्या द्वारा नाले पर अतिक्रमण कर नाले की चौड़ाई 5 फीट कर दिया गया। जिसके कारण नाले का जल निकासी की चौड़ाई कम हो गया। जिससे क्षेत्र में पानी भर जाता है।

पार्षद गुप्ता ने आगे बताया कि 30 करोड़ की लागत से होने वाले चौड़ीकरण को लेकर आयुक्त को कई लिखित व मौखिक रूप से संज्ञान लाया गया है। इसके बाद भी अफसरों की नींद नहीं खुली और इंदिरा नगर के लोगों को आज पर्यन्त बरसात में एक पानी के टापू में जलमग्न व जलभराव की स्थिति से दो-चार होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आश्चर्य रूप से 5 मई 2018 तक ठेकेदार को 93 लाख 78 हजार 400 रुपए का भुगतान कर दिया गया। जबकि आज दिनांक तक नाला चौड़ीकरण अधूरा रह गया। वहीं नाला चौड़ीकरण कार्य अवधि 2019 कार्यादेश में स्पष्ट रूप से अंकित है।

## डायवर्ट रुट पर खड़ी हुई ट्रक, चंद्रपुर की ओर जाने वाले वाहन पूरा दिन फंसे रहे

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला अंतर्गत प्रशासन को एक बार फिर अंतरराज्यीय आवागमन तथा लोकल आवाजाही के लिए डायवर्ट रूट निर्धारित करना पड़ा है। मानपुर-मदनवाड़ा मुख्य मार्ग में 30 जुलाई की सुबह से लेकर शाम तक जाम लगा रहा। दरअसल मानपुर से माल्हर गांव के मध्य एक भारी ट्रक बिगड़ कर बीच सड़क खड़ी हो गई।

जिसके चलते इस मार्ग पर अंतरराज्यीय समेत लोकल आवाजाही घंटों जाम लगने के चलते बाधित रहा। जाम में रायपुर व राजनांदगांव से महाराष्ट्र के चंद्रपुर तक चलने वाली यात्री बसें घंटो फंसी रही। यही नहीं महाराष्ट्र व आंध्रप्रदेश, तेलंगाना के लिए निकले अन्य वाहनों के साथ साथ कई राहगीर घंटों फंसे रहे। वहीं बस यात्री तथा राहगीर बीच जंगल जाम में फंसने से भूख व अन्य कारणों से परेशान होते रहे। गौरतलब है कि बीते 20 जुलाई को छत्तीसगढ़ को मानपुर के रास्ते महाराष्ट्र को जोड़ने वाले नेशनल हाइवे 930 में विभिन्न स्थानों पर निर्माणाधीन पुल के किनारे डायवर्सन सड़क के बह जाने के चलते करीब डेढ़ हफ्ते से नेशनल हाइवे में आवागमन बंद है। ऐसे में महाराष्ट्र, बस्तर समेत मोहला मानपुर जिले के विभिन्न इलाकों से आवागमन बहाल रखने के लिए सीतागाँव से मानपुर मुख्यालय के मध्य मदनवाड़ा मार्ग को डायवर्ट रूट निर्धारित किया है। उक्त मदनवाड़ा मार्ग में ही बीच सड़क ट्रक बिगड़ जाने से जाम की स्थिति बनी। सुबह करीब 9 बजे से ट्रक बिगड़ने के बाद से लगा जाम उक्त ट्रक को सुधार कर सड़क से हटाए जाने के बाद बमुश्किल शाम करीब बजे खुल सका। कई वाहन इस बीच जाम में फंसे रहे। वहीं बाइक सवार, छोटे वाहन व स्कूली बच्चों समेत कई राहगीर फंसे हुए वाहनों के किनारे से खतरा मोल लेकर अपने वाहन पार कराने को मजबूर रहे।

### विपक्ष , सत्ता पक्ष व प्रशासन आखिर किसके सामने हैं नतमस्तक

10 दिन हो गए नेशनल हाईवे में आवागमन बंद है। जिस मार्ग को डायवर्ट करके आवागमन कराया जा रहा है उसे मार्ग में भी आवागमन को लेकर भारी परेशानियों है। नेशनल हाईवे निर्माण एजेंसी इंजीनियर की लापरवाही ने हाईवे में बंदी के हालात ला दिए हैं। जिम्मेदारों पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई ना इस दिशा में सत्ता पक्ष गंभीर है ना विपक्ष को कोई सरोकार है। प्रशासन भी कार्रवाई को लेकर कुछ नहीं कर रहा है। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है की सत्ता पक्ष विपक्ष और प्रशासन आखिर किसके आगे नतमस्तक है।

## नई शिक्षा नीति के 4 वर्ष पूर्ण होने पर शिक्षा सप्ताह ब्लॉक के शालाओं में 7 दिनों तक विभिन्न आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



प्रदेशभर में नवीन शिक्षा नीति से रूबरू करवाने हेतु शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर संजय अग्रवाल, डीईओ अभय जायसवाल, डीएमसी सतीश व्यौहारे, ऐपीसी रफीक अंसारी, झाड़े, मरकाम, बीईओ आरएल पात्रे, एबीईओ जंयत साहू, सुरश्मि ठाकुर, क्षितिज सोरी तथा बीआरसी के मार्गदर्शन में ब्लॉक स्तर पर कोर टीम गठित कर प्रत्येक शालाओं में शिक्षा सप्ताह दिवस मनाया गया। ब्लॉक में शिक्षा सप्ताह के प्रत्येक दिवस की मॉनिटरिंग हेतु ब्लॉक में कोर टीम गठित की गई थी। टीम में जयंत साहू, नोडल अधिकारी, राहुल जैन, कोनिका सोनी, देवेंद्र साहू, डामन साहू, वीरेंद्र रंगारी, टीआर साहू, शत्रुघ्न तिवारी, नोहर दास साहू के द्वारा ग्रुप के माध्यम से प्रत्येक शालाओं का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारियां दी गई। सात दिनों तक हुए विभिन्न आयोजन के पहले दिन प्रत्येक शालाओं में शिक्षण सामग्रियों का मेला लगाया गया। टीएलएम प्रदर्शनी व खेल खेल में किस प्रकार खेल सामग्रियों के द्वारा शिक्षा दी जाती है। इस संबंध में बच्चों व ग्राम के अन्य नागरिकों को शालाओं में आमंत्रित कर विभिन्न गतिविधियां कराई गई। इसी प्रकार द्वितीय दिवस शाला में खेल सामग्रियों का प्रदर्शन, स्मार्ट माता का स्वागत व घर पर रहकर बच्चों को शिक्षा की विधि बताई गई। तृतीय दिवस भूले बिसरे खेल गतिविधियों का आयोजन प्रत्येक शाला में किया गया। गांव के बुजुर्गों सम्मान करते हुए भूल चुके खेलो की पुनरावृत्ति की गई। चौथे दिन भव्य सांस्कृतिक आयोजन किए गए। जिसमे बच्चों ने अपनी शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

वहीं पांचवें दिवस के कार्यक्रम में बच्चों को डिजिटल जानकारी देकर टेक्नोलॉजी से जोड़ने का प्रयास किया गया। डिजिटल होकर समय के साथ आगे बढ़ाने की सीख बच्चों व समुदाय को प्रदान की गई। छठवें दिवस शाला व गांव में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में ग्रामवासियों सहित शाला प्रबंधन समिति, पालक समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों के द्वारा पौधे रोपे गए। सप्तम दिवस उल्लास कार्यक्रम के अंतर्गत बुजुर्गों को स्कूल में आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। वहीं शिक्षा से जोड़ने तथा उल्लास कार्यक्रम की शपथ लेने प्रेरित किया गया। शालाओं में न्योता भोज कराकर कार्यक्रम सम्पन्न किया गया।

### भारत माला प्रोजेक्ट से प्रभावित देवादा, टेड़ेसरा के किसानों के साथ एसडीएम से मिले

## हताश किसानों को मुआवजा नहीं मिला, कृषि करने देने की मांग

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



राजनांदगांव विस के ग्राम देवादा और टेड़ेसरा के दर्जनों किसानों को सात वर्ष बाद भी भूमि अधिग्रहण का मुआवजा नहीं मिल सका। पीड़ित किसानों ने इस संबंध में कांग्रेस नेता जितेंद्र उदय मुदलियार से मिलकर अपनी समस्याएं बताई। किसानों ने बताय कि वे वर्ष 2018 से वे किसानी नहीं कर पा रहे हैं और न ही उन्हें भारत माला प्रोजेक्ट के तहत भूमि अधिग्रहण का मुआवजा दिया जा रहा है। इस मामले को लेकर जितेंद्र मुदलियार किसानों के साथ एसडीएम से मिलने पहुंचे और किसानों की बात रखी। कांग्रेस नेता जितेंद्र मुदलियार ने बताया कि भारत माला प्रोजेक्ट के तहत वर्ष 2018 से रायपुर -विशाखापटनम एक्सप्रेस वे का निर्माण प्रस्तावित है। इस हेतु राजनांदगांव विस के ग्राम देवादा के करीब 38 और ग्राम टेड़ेसरा के 7 किसानों की जमीन अधिग्रहित की गई है। उन्होंन कहा कि, किसानों के लिए बड़ी परेशानी ये है कि आज तक उन्हें मुआवजा नहीं मिल सका है और न ही वे उक्त जमीन पर खेती ही कर पा रहे हैं। सात वर्षों से उन्हें बड़ा नुकसान हो रहा है। मुदलियार ने एसडीएम अतुल विश्वकर्मा से किसानों के साथ मुलाकात की। उन्होंने किसानों की समस्या सामने रखी। एसडीएम ने इस दौरान चर्चा में जानकारी दी कि इनमें से 13 किसानों का मुआवजा प्रकरण तकरीबन पूरा हो चुका है और जल्द ही उन्हें मुआवजे की राशि मिल जाएगी। उन्होंने मुदलियार के साथ आए किसानों को लेकर आश्वस्त किया कि शेष प्रकरणों का भी जल्द ही निपटारा होगा और उन्हें अधिग्रहण की रकम मिल जाएगी। इस दौरान मुदलियार ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों से भी फोन पर बात की। उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए अधिकारियों से कहा कि, सात वर्षों का लंबा समय गुजर चुका है। मुआवजा प्रकरणों के अधर में होने से किसानों को बड़ा नुकसान झेलना पड़ा है। उन्हें खेती करने भी नहीं दिया जा रहा है। जल्द से जल्द या तो किसानों को अधिग्रहण की राशि दी जाए या फिर कांग्रेस इस मामले में क्षेत्र के प्रभावित किसान परिवारों के साथ अपने हक के लिए सड़क की लड़ाई लड़ेगी। मुदलियार ने अधिकारियों से कहा कि मुआवजा न दिए जा पाने की सूरत में किसानों को कृषि कार्य करने दिया जाएगा। इस दौरान कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता रुपेश दुबे, जनपद उपाध्यक्ष रोहित चंद्राकर, प्रदेश महामंत्री युवा कांग्रेस चेतन भानुशाली, हेमशंकर साहू, सहित किसान अवध सिन्हा, सुरेश चतुर्वेदी, भुवन ठाकुर, बैसाखू देवांगन, महेश सिन्हा, धनेश, श्यामलाल देवांगन, संतोष देवांगन, हेमलाल मंडावी, परशु देशमुख, दिलीप सिन्हा, रामानन्द, अयोध्या सिन्हा सहित अन्य प्रभावित ग्रामीण मौजूद थे।

## जनपद अध्यक्ष द्वारा मिनी आँगनबाड़ी का लोकार्पण



**डोंगरगांव नगर।** जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत माथलडबरी के आश्रित ग्राम रेंगाकठेरा में मिनी आंगनबाड़ी का लोकार्पण जनपद पंचायत आध्यक्ष टिकेश साहू के द्वारा किया गया। इस मौके पर ग्राम पंचायत के सरपंच मयंक यदु, उपसरपंच विवेकानंद यदु सहित गाँव के अन्य गणमान्यजन सम्मिलित हुए। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के पंचगण प्रेमकुमार सिन्हा, रामचंद ठाकुर, हुलेश्वरी साहू, संतोषी नेताम, संतोषी राणा, आशा चतुर्वेदी एवं सुमित्रा के अलावा ग्राम के गणमान्य मलखन नायक, तिलक नायक, रामरतन यदु, गंगाराम, रूपा पिस्दा सहित ग्रामीणजन बड़ी तादाद में उपस्थित थे।

# सीएम के विधानसभा क्षेत्र तपकरा में 7 दिन से पटवारी गायब

# उपतहसील कार्यालय 1 साल से बंद, 20 किमी हुआ लंबा सफर

## 25 गांव के ग्रामीण आय, जाति, निवास, बंटन, सीमांकन जैसे कार्य के लिए परेशान





पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कुनकुरी विधानसभा जहां से जीतकर प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय विधायक बनें और मुख्यमंत्री बनाए गए। उन्हीं के विधानसभा क्षेत्र तपकरा में तबादला के बाद पुराने पटवारी रिलीव हो गए और नए वाले ने चार्ज ही नहीं लिया, जिससे की 7 दिनों से पटवारी की अनुपस्थिति की वजह से ग्रामीण परेशान हैं। आय, जाति, निवास, बंटन, सीमांकन जैसे जरूरी कार्य पटवारी के द्वारा किये जाते है ऐसे मे पटवारी के ना होने से जरूरी कार्य कराने के लिए लोगो को भटकना पड़ रहा है। तपकरा के पटवारी का 23 जुलाई को अन्य जगह स्थानांतरण कर दिया गया मगर दूसरे पटवारी आज एक सप्ताह उपरांत तक पदस्थ नही किया गया ऐसी स्थिति मे ग्रामीण अपने जरूरी कार्य कराने के लिए तपकरा पटवारी कार्यालय का रोज चक्कर लगा कर निराश होकर घर लौट रहे हैं।

आदेश रिसिव हो गया है शाम तक नियुक्ति हो जायेगा, पटवारी केवल तपकरा देखेंगे। संसाधन एव स्टाफ की कमी होने के कारण उपतहसील कोर्ट संचालन मे दिक्कत आ रही है।

**-प्रदीप राठिया, एसडीएम फरसाबहार**

### पच्चीस गांव के किसान प्रभावित

तपकरा उपतहसील मे ताला लटने से केरसई, सिंगिबहार, सुईजोर, लठबोरा, उपरकछार, साजबहार जबला, जमुना, घुमरा, सुड्रू, जामबहार जैसे करीब बीस पच्चीस गांव के किसान, ग्रामीणो को 20 किलोमिटर अतिरिक्त सफर कर फरसाबहार तहसील मे जा कर अपने राजस्व संबंधी कार्यों का संपादन कराना पड़ रहा है।

### तपकरा पटवारी को चार जगह का पदभार

तपकरा पंचायत जो की पूर्व मे विधानसभा क्षेत्र था फरसाबहार ब्लाक के सबसे बडे पंचायतो मे से एक है यहां पटवारी संबधित कार्य के लिए सप्ताह के पाचो दिन लोगो की भीड़ लगी रहती है ऐसे मे पूर्व में तपकरा पटवारी को चार चार जगह का अतिरिक्त प्रभार दिये जाने से लोगो को परेशान होना पड़ रहा था तपकरा पटवारी सोमवार, बुधवार-तपकरा, शुक्रवार-जबला, गुरूवार-पुगराबहार, मंगलमय-कंदईबहार मे बैठते हैं।

### उपतहसील कार्यालय में ताला

पूर्वती सरकार के मुख्यमंत्री के द्वारा तपकरा को उपतहसील का दर्जा तथा नायब तहसीलदार कोर्ट की सौगात दी गयी थी पूर्व मे भी तपकरा मे लिंक कोर्ट का संचालन किया जा रहा था जिससे लोगो को तपकरा सर्किल के तमाम केस का निपटारा कराने के लिये फरसाबहार तक दौड़ नही लगानी पड़ती थी उनका नायब तहसीलदार कोर्ट का कार्य तपकरा मे ही हो जाता था मगर अधिकारियों की उदासीनता के कारण तपकरा नायब तहसीलदार कोर्ट पिछले एक साल से बंद है जिसके कारण एक बार फिर लोगो को फरसाबहार जाना पड़ रहा है।

# समाज सेवक राधेश्याम जिंदल ने 10वीं के स्टेट टॉपर

## सिमरन शबा के हाथों जशपुर में वितरण कराया हेलमेट

- एएसपी अनिल सोनी ने सड़क सुरक्षा के लिए किया जागरूक, जीवन झरना समिति ने किया नुक्कड़ नाटक

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह के मार्गदर्शन में बस स्टैंड जशपुर में जिला पुलिस द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी ने सड़क सुरक्षा के प्रति व्याख्यान देकर आम नागरिकों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान कुनकुरी के वरिष्ठ समाजसेवी राधेष्याम जिंदल ने सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को मदद करने वाले सड़क सुरक्षा मितानों को जागरूकता लाने के उद्देष्य से 22 नग हेलमेट छत्तीसगढ़ बोर्ड की स्टेट टॉपर रहीं सिमरन शबा के हाथों वितरित किया गया।

### नियमों के पालन पर दिया जोर

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी द्वारा उपस्थित आम नागरिकों को हेलमेट लगाकर दोपहिया वाहन चलाने, वाहन में क्षमता से अधिक सवारी न बैठने, ओव्हर स्पीड वाहन ना चलाने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने ना देने, एम्बुलेंस एवं फायर ब्रिगेड वाहन को साईड देने, घायल व्यक्ति को मदद करने, यातायात नियम एवं संकेत का पालन कराने एवं यातायात नियमों का का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के ऊपर वैधानिक कार्यवाही, हिट एंड रन के प्रकरणों में प्रावधान, घायल व्यक्ति को मदद करने वाले गुडसेमिरिटन एवं नवीन कानून के बारे में विस्तार से जानकारी दिया गया।

### नुक्कड़ सभा से जागरूकता

जीवन झरना संस्था कांसाबेल की सिस्टर एनी एवं उनकी टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम नागरिकों को यातायात नियमों एवं संकेत के बारे में जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में यातायात प्रभारी निरीक्षक रामसाय पैंकरा, उप निरीक्षक सरिता तिवारी, शशिकांत नायक डीआरएम, जशपुर के समाजसेवी राजकुमार अग्रवाल, कुनकुरी से राधेष्याम जिंदल, रूफी खान, नासिर अंसारी, शाहिद अंसारी सहित भारी संख्या में नगरवासी एवं बाजार आए ग्रामीण उपस्थित रहे।

# एके इंस्टिट्यूट ऑफ़ नर्सिंग के छात्र-छात्राओं ने स्कूल के छात्र-छात्राओं को दी गुड टच बेड टच की जानकारी



पायनियर संवाददाता ◀ मनेन्द्रगढ
www.dailypioneer.com

एके इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग कॉलेज मनेन्द्रगढ़ डॉक्टर अखिलेश कुमार ओझा के द्वारा संचालित नर्सिंग कॉलेज ए के इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग कॉलेज में अध्ययनरत बीएससी नर्सिंग, जीएनएम नर्सिंग, पोस्ट बीएससी नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग के छात्र छात्राओं द्वारा आज स्कूल हेल्थ प्रोग्राम का आयोजन किया गया। आयोजन में ग्राम डोमनापारा प्राथमिक शाला और पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस आयोजन में में गांव के सरपंच भवन सिंह, शाला के प्राचार्य निलकुसुम कुजूर, अलोरा मोरा खलखो और अन्य शिक्षक गण उपस्थित रहे। साथ ही इंस्टिट्यूट की प्राचार्या के सहयोग ने इस को सफल बनाया। महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षिका ने भी हिस्सा लिया। वही इंस्टिट्यूट के छात्र छात्राओं द्वारा गुड टच और खराब टच के बारे में स्कूल के बच्चों को जागरूक किया गया। छात्र छात्राओं के इस मनमोहक प्रस्तुति से उत्साहित हो कर गांव के सरपंच भवन सिंह और स्कूल के प्राचार्यों द्वारा प्रत्येक माह स्वास्थ संबंधी जानकारी बच्चो को दी जाए जिसके लिए उन्होंने कॉलेज की प्राचार्या से अनुग्रह किया है कि इंस्टिट्यूट के बच्चे हर महीने स्कूल आए। जिसमे महाविद्यालय की प्राचार्या ने अनुमति प्रदान की है। इस सफल आयोजन हेतु संस्था के शिक्षक गण और छात्र छात्राये प्रशंसा के पात्र हैं।

# सभी स्कूलों में शिक्षकों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करें : कलेक्टर

## अधिकारियों को निराकरण के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर जिला कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन में गांव, गरीब और आमजनों की समस्याओं से रूबरू हुए। उन्होंने दूर-दराज से आए आम लोगों की समस्याओं को सुना और निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम बलौदी के ग्रामीणों ने आवेदन देते हुए कहा कि गांव के शासकीय प्राथमिक स्कूल में शिक्षकों के अनुपस्थित रहने के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने स्कूल में शिक्षकों की व्यवस्था करने की मांग की, जिस पर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को सभी स्कूलों में शिक्षकों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में पथरिया विकासखण्ड के ग्राम किरना निवासी दिव्यांग रामायण कुमार और लोरमी विकासखण्ड के ग्राम गोरखपुर के दिव्यांग उमाशंकर पात्रे ने ट्रायसायकल दिलाने की मांग की। कलेक्टर ने मांगों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने निर्देशित किया। इसी तरह विनोबा भावे वार्ड मुंगेली की गंगा साहू ने महतारी वंदन योजना का लाभ दिलाने, ग्राम बुंदेली के अवधराम साहू ने अपनी स्वर्गीय दादी का मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने, ग्राम मोहडंडा की गौरी बाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, शिवाजी वार्ड मुंगेली की चुरेखा गोस्वामी ने प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना से लाभान्वित करने, ग्राम मुड़पार के खुशीराम ठाकुर ने अपने खेत की फौती व रिकार्ड दुरूस्त कर किसान-किताब प्रदान करने, ग्राम रंगियापारा के नारायण साहू ने शासकीय जगह से अतिक्रमण हटाने सहित अन्य आवेदकों ने अपनी मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किए।

# जनसमस्या निवारण पखवाड़ा : आमजनों की समस्याओं का हो रहा त्वरित निराकरण

## अपर कलेक्टर ने शिविर में पहुंचकर सुनी लोगों की समस्याएं

पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com



आमजनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जिले के सभी नगरीय निकायों में जनसमस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के अन्तर्गत जिले के सभी नगरीय निकायों में स्थानीय रहवासियों को नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा विभिन्न आधारभूत सेवाओं और सुविधाओं से उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है। शिविर में नल कलेक्शन, राशन कार्ड, राष्ट्रीय परिवार सहायता, वृद्धावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनुज्ञप्तियां, अनापत्ति प्रमाण पत्र, नामांतरण, स्वरोजगार आदि प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। इनके साथ ही जलापूर्ति में लीकेज, नलों में पानी न आना, नालियों व गलियों की सफाई, सार्वजनिक नलों के प्लेटफार्म से पानी बहना, कचरे की सफाई व परिवहन, टूटी-फूटी नालियों की मरम्मत, सड़कों के गडढे पाटना, स्ट्रीट लाइट्स का बंद रहना जैसी समस्याओं का भी समाधान किया जा रहा है। अपर कलेक्टर निष्ठा पांडे तिवारी नगर पालिका परिषद मुंगेली में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर पहुंचीं।

# कतरिश्वर महादेव मन्दिर प्रांगण में हास्ययोगियों द्वारा माँ के नाम वृक्षारोपण

पायनियर संवाददाता ◀ मनेन्द्रगढ
www.dailypioneer.com



ग्राम डंगौरा स्थित कतरिश्वर महादेव मन्दिर प्रांगण में किया गया. इस अवसर पर पर्यावरण को लेकर एक संगोष्ठी भी आयोजित की गई जिसमें समाज की सहभागिता पर विस्तार से चर्चा हुई. मनेन्द्रगढ़ के हास्ययोगियों ने माँ के नाम सामूहिक रूप से अनेक वृक्ष लगायें, जिनमें अच्छी प्रजाति के आम, केला, अमरूद, नाशपाती, मीठी नीम, आंवला, नींबू, नारियल तथा सेब आदि पौधे लगाये गये। पर्यावरण पर संगोष्ठी भी आयोजित की गयी। अध्यक्ष जसबीर कालरा ने अपने उद्बोधन में मानव जीवन के संरक्षण के लिये वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुये वृक्षों को जीवन का अभिन्न अंग बताया। कालरा ने कहा कि शास्त्रों में एक वृक्ष की तुलना सौ पुत्रों से की गई है। ऐसे में हम सबको पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आना चाहिए। हम सब न सिर्फ वृक्षारोपण करें वरन लगाए गए पेड़ों की देखभाल की भी जिम्मेदारी संभालें। हास्य योग समिति के उपाध्यक्ष राकेश अग्रवाल ने ग्रामीण जनों से पौधों के संरक्षण का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि ईश्वर द्वारा बनाई गई धरती की हरी-भरी गोद हमें हमारे पूर्वजों के पुण्य कार्यों के कारण मिली थी। हमारा भी दायित्व बनता है कि आने वाली पीढ़ी के लिये हम वृक्षारोपण के माध्यम से धरती माता की गोद को हरी-भरी करें। हास्य योग सेवा समिति के सचिव डा. राजपति त्रिपाठी ने कहा कि जन्म से लेकर अंतिम यात्रा तक वृक्षों का हमारे जीवन में अमिट योगदान रहेगा। इसी व्यवस्था को ध्यान में रखकर आने वाली पीढ़ी के लिये कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा जिस प्रकार हमारे माता-पिता हमारी देखभाल करते हैं, उसी तरह की देखभाल हम इन छोटे पौधों की करेंगे।

# माता और बेटी की हत्या करने वाले ग्राम भदरा निवासी आरोपी दिलहरण को किया गया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◀ लवन
www.dailypioneer.com



29.07.2024 को प्रातः थाना कसडोल में सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम भदरा में घर के अंदर एक महिला एवं उसकी पुत्री की हत्या कर दी गई है। की सूचना पर थाना कसडोल का पुलिस बल तत्काल घटनास्थल पहुंचा। साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा भी घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। घटनास्थल मृतिका के घर में संतोषी पति स्व. दिलीप साहू उम्र 40 वर्ष एवं उसकी पुत्री ममता साहू 18 वर्ष दोनों निवासी ग्राम भदरा की हत्या हुई थी तथा घर के अंदर जली हुई अवस्था में दोनों मृतकों का शव मिला। घटनास्थल का प्रारंभिक निरीक्षण पर, दोनों मृतकों के सिर में किसी घातक हथियार से गंभीर चोट होना पाया गया तथा इसके पश्चात आरोपी द्वारा मिट्टी तेल डालकर दोनों शवों को जलाने का भी प्रयास किया गया। एफएसएल रायपुर की फोरेंसिक टीम द्वारा घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया। साथ ही थाना कसडोल की पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण, जांच पंचनामा एवं ग्रामवासियों से घटना के संबंध मे पूछताछ किया गया। संपूर्ण कार्यवाही पश्चात दोनों शवों का विधिवत पोस्टमार्टम कराया गया। प्रकरण में थाना कसडोल में मर्ग क्र. 63/2024, 64/2024 एवं अपराध क्र. 300/2024 धारा 103,1,238 बीएनएस पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस टीम में शामिल निरीक्षक रितेश मिश्रा, सउनि श्रवण नेताम, मेघनाथ बंजारे, महिला प्र.आर. मंजू साहू, आरक्षक शरद साहू, मृत्युंजय महिलांगे, प्रताप बंजारे, कमलेश बर्मन, शैलेन्द्र बंजारे, शैलेन्द्र पैकरा व म. आरक्षक नेटी की टीम द्वारा दोनों मृतकों की हत्या करने वाले अज्ञात आरोपियों के संबंध में पता तलाश प्रक्रिया प्रारंभ किया गया। साथ ही साइबर सेल की टेक्निकल टीम द्वारा घटना के संबंध में महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र कर आरोपी की पहचान का प्रयास किया जा रहा था। मृतिका का घर ग्राम भदरा बीच बस्ती में है तथा घर में दोनो मृतक एवं उसका एक पुत्र निवास करते थे। घटना दिनांक 28-29.07.2024 की दरम्यान पुत्र सुनील एक शोक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ग्राम अहिल्दा थाना लवन चला गया था। इस दौरान मृतक मां और बेटी ही घर में थे। इस दौरान सूचना प्राप्त हुई कि *गांव का ही रहने वाले संदेही दिलहरण का मृतिका के घर आना-जाना है, पर वह सुबह से गांव से कहीं बाहर भाग गया है।

# नवनियुक्त अधिकारी कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ के वेतन और पेंशन को लेकर नगरीय निकाय के कर्मचारियों का चरण बद्ध आंदोलन धरना प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◀ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



नवनियुक्त अधिकारी कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार पूरे छत्तीसगढ़ के नगरीय निकाय द्वारा अपनी विभिन्न मांगों के लिए चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है इसी क्रम में जिला दुर्ग के नगरीय निकाय अधिकारी और कर्मचारी अपने दो सूत्रीय मांगों को लेकर पटेल चौक दुर्ग में धरना प्रदर्शन कर माननीय मुख्यमंत्री के नाम पर अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में वेतन संबंधी समस्या हमेशा ही बना रहा है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग रायपुर के आदेशानुसार नगरीय निकायों में कार्यरत नियमित, प्लेसमेंट कर्मचारियों को प्रत्येक माह की 7 तारीख तक वेतन भुगतान अनिवार्य रूप से किये जाने के निर्देश हैं, किन्तु वर्तमान स्थिति में छत्तीसगढ़ के अधिकांश नगरीय निकायों में 1 से 2 माह का वेतन भुगतान लंबित है। जिसके कारण निकाय के अधिकारी, कर्मचारी आर्थिक एवं मानसिक रूप से परेशान हैं, बच्चों के स्कूल का फीस भी जमा नहीं किया जा सका है, भूखे मरने की स्थिति निर्मित हो रही है । वर्तमान में शासन द्वारा विधानसभा -2023 घोषणा पत्र में शासकीय कर्मचारियों को प्रत्येक माह का वेतन भुगतान किये जाने का उल्लेख उक्त घोषणा पत्र में शामिल था। किंतु आज तक उसमें अमल नहीं किया जा सका है। उक्त समस्या के संबंध में शासन प्रशासन को नियमित रूप से अवगत कराया जा रहा है किन्तु समस्या का हल नहीं निकला । इसलिए महत्वपूर्ण दो मांग पहला नगरीय निकायों में प्रत्येक माह की 01 तारीख को वेतन भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाये एवं द्वितीय नगरीय निकायों में अन्य विभाग की भांति शीघ्र ही पुरानी पेंशन योजना लागू की जावे। उक्त मांग हेतु मुख्यमंत्री छग शासन के नाम से ज्ञापन पत्र अपर कलेक्टर को सौंपा गया। अवगत हो कि पहले चुंगीकर, दैनिक, साप्ताहिक बाजार कर, मवेशी बाजार कर की वसूली नगरीय निकाय द्वारा की जाती थी । जिससे कर्मचारियों को वेतन समय पर मिल जाया करता था, परंतु सरकार द्वारा इन सभी टैक्सों को समाप्त कर दिए जाने से नगरीय निकाय के कर्मचारियों को वेतन समय पर नहीं मिल पा रहा है । हड़ताल में अनिल शुक्ला -प्रांतीय संयोजक छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी महासंघ द्वारा समर्थन देते हुए सभा को संबोधित किया साथ ही संजय शर्मा कर्मचारी संघ संयोजक भिलाई, अनुरूप साहू जिला अध्यक्ष कर्मचारी संघ, नवनियुक्त अधिकारी कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश दुर्ग जिला महामंत्री हरिकिशन पावरीया, ने सभा को संबोधित कर कहा की मांग पूरा नहीं किए जाने की स्थिति में आवश्यक सेवाओं को बंद किए जाने में बाध्य होना पड़ेगा।

## 15 दिनों में भरी बरसात के बीच 300 से अधिक स्कूल का मरम्मत किस तरह किया जा सकता हैं

# 6 माह में बमुश्किल 600 स्कूल मरम्मत तो 15 दिन में 300 से अधिक स्कूल मरम्मत को पूर्ण के लिए कलेक्टर टारगेट

पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com


आरईएस ईई के संरक्षण से मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना का बंटाधार, विष्णुदेव साय से कार्यवाही का इंतजार


स्कूलों के मरम्मत के नाम पर सरकारी राशि में की गई जमकर धांधली, आरईएस विभाग और ठेकेदारों ने मिलकर दिया अंजाम

गुणवत्ताहीन स्कूल मरम्मत की लगातार कलई खुलने के बाद कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने बीते दिन आरईएस विभाग अधिकारियो की जमकर क्लास लगाते गुणवत्तापूर्वक मरम्मत, रंगाई - पुताई तथा अतिरिक्त कमरों के निर्माण के प्रगतिरत कार्यों को प्रतिदिन निरीक्षण करते फ़ोटोग्राफ्स गुरूफ पर शेयर करने के साथ ही कंप्लीट मरम्मत का थर्ड पार्टी से जांच कराकर 3 दिन के भीतर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का आदेश दिया है इसके अलावा अनकंप्लीट स्कूल मरम्मत कार्य को 15 अगस्त तक पूरा करने का सख्त लहजे में कहा है जिसके बाद से लगातार ठेकेदारी गलियारों में चर्चा सुनने को मिल रहा है की गुणवत्ताहीन और भ्रष्टाचार की सीमा लांघने के बाद आरईएस विभाग अधिकारियो ने स्वीकृत बमुश्किल बीते 6 माह में करीब 600 स्कूलो का जीर्णोधार कराया है आने वाले 15 दिनों में भरी बरसात के बीच 300 से अधिक स्कूल का मरम्मत किस तरह किया जा सकता हैं जबकि सबसे बड़ा रोड़ा ठेकेदारों को राशि नही मिलने और मैनपुर और देवभोग जिला मुख्यालय में विभागीय अधिकारियों की सुस्ती जैसे तमाम वस्तु स्तिथि को देख दिए तिथि पर निर्धारित स्कूलों का गुणवत्तापूर्वक मरम्मत की संभावना काफी कम है मतलब जर्जर भवन दरदरा पोताई सहित सुविधा शिक्षा के बीच बाधा न बने इसके लिए बनी मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना कमीशनखोरी का भेंट चढ़ गया है जिससे लगभग जिला से प्रदेश के अधिकारी भी अवगत हैं मगर अब तक ना गुणवत्तापूर्वक स्कूल मरम्मत हो रहा है और ना स्कूल मरम्मत में किए भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्यवाही।

### मुख्यमंत्री द्वारा जांच के आदेश शिक्षा सचिव की तलब फिर भी स्कूल मरम्मत के भ्रष्टाचार पर कार्यवाही नहीं

क़रीब पखवाड़े भर से पहले प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय ने शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी को जांच के आदेश दिया रहा जिसके बाद शिक्षा सचिव ने भी सभी कलेक्टरों को पत्र लिखकर 15 दिन में रिपोर्ट मांगी है स्कूल शिक्षा सचिव के निर्देश सचिव परदेसी ने पत्र में लिखा है कि डीएम द्वारा स्वीकृत किए गए कार्यों के औचित्य उसकी वास्तविक आवश्यकता पूर्ण अथवा प्रगतिरत कार्यों की गुणवत्ता और वास्तविक लागत की जांच की जाए यह सुनिश्चित हो कि निर्धारित निर्माण एजेंसी द्वारा ही कार्य किया जा रहा है कार्यों की गुणवत्ता की जांच विशेषज्ञ समिति कराते जांच में गड़बड़ी मिलते ही कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करते निर्धारित अवधि में रिपोर्ट लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक को देने कहा रहा और इसके मद्देनजर जिला के सभी विकासखंड पर भी जांच पड़ताल शुरू हो गई इस बीच ज़िला के 5 विकासखंड में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना अंतर्गत कई स्कूलों गुणवत्ताहीन मरम्मत कार्य को अंजाम देते भ्रष्टाचार की पुष्टि प्राथमिक तौर पर साफ़ साफ़ अधिकारी बता रहे हैं खासकर मैनपुर देवभोग गरियाबंद फिंगेश्वर में देखने को मिल रहा है।

# जनसमस्या पखवाड़ा शिविर में नागरिक आवास योजना के फार्म ले सकते है

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत शासन के निर्देशानुसार वार्डो में जनसमस्या पखवाड़ा शिविर लगाया जा रहा है। जिसमें नागरिक शिविर स्थल पर उपस्थित होकर अपनी समस्याओ का तत्काल निराकरण करा सकते है। शिविर स्थल पर ही प्रधानमंत्री आवास योजना के मोर मकान-मोर आस घटक अंतर्गत निगम के विभिन्न परियोजना स्थल पर निर्मित आवासो के आबंटन हेतु शासन के निर्धारित आवेदन पत्र का विक्रय किया जा रहा है। नागरिक शिविर स्थल पर उपस्थित होकर आवेदन फर्म प्राप्त कर सकते है। जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शिविर में नए राशन कार्ड वितरित किए जा रहे हैं। इसके साथ-साथ सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, स्वनिधि में लोन की सुविधा, पानी, बिजली, नाली समस्या, जल निकासी, लाईट नहीं जलना, आदि सभी प्रकार के आवेदन भर सकते है। अपनी समस्याओ का निराकरण भी करा सकते है। नागरिक इन सभी आवश्यकताओ को लेकर नगर निगम भिलाई के जोन कार्यालय एवं मुख्य कार्यालय में आना पड़ता है। शिविर के माध्यम से अपने वार्ड में ही अपनी समस्याओ का समाधान करवा सकते है।

# छः माह के मासूम के श्वास नली मे फंसा पेंसिल का छिलका, श्री बालाजी हॉस्पिटल में हुआ सफल आपरेशन

## बच्चे ने खेल-खेल मे पेंसिल के छिलके को निगल लिया





पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

धमतरी के नगरी की रहने वाले एक मासूम ने खेल-खेल में पेंसिल का छिलका निगल लिया। ये छिलका मासूम के स्वास नली में जाकर फंस गया। आनन-फानन में परिजनों से छिलके का कुछ हिस्सा से मासूम के मुंह से निकाल दिया था, लेकिन एक बड़ा हिस्सा वहां फंसे रह गया। इस मासूम का सफल ऑपरेशन मोवा के श्री बालाजी हॉस्पिटल में नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ डॉ दिग्विजय सिंह ने किया। डॉ दिग्विजय सिंह ने बताया कि बच्चे की स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अभिभावको ने श्री बालाजी हॉस्पिटल पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने मासूम को तत्काल भर्ती किया और सारे जाँच उपरांत बच्चे की ब्रोंकोस्कॉपी कर श्वास नली की जांच करने का निर्णय लिया गया। बच्चे को बेहोश कर ब्रोंकोस्कॉपी जांच डॉ सतीश राठी और डॉ दिग्विजय सिंह द्वारा किया गया। इस जांच में पेंसिल का छिलका दाएं तरफ की श्वास नली में फंसा हुआ दिखा, जिसे सफलतापूर्वक निकाल दिया गया। ऑपरेशन उपरांत बच्चा शिशु रोग विभाग के गहन चिकित्सा वार्ड में रखा गया है, बच्चे की श्वांस में आवाज आने की तकलीफ पूरी तरह ठीक है और बच्चा पूरी तरह स्वस्थ है। इस आपरेशन मे नाक कान गला विभाग से डॉ नंदिनी गुप्ता और डॉ सुमति गोयल का योगदान रहा। एनेस्थीसिया विभाग से डॉ मनीष नाग, डॉ हेमाली दोषी और डॉ रीमा वाधवा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। आपरेशन पूर्व जांच और शिशु गहन चिकित्सा वार्ड मे बच्चे की देखरेख शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ बद्री नारायण राव और टीम द्वारा की जा रही है।

### माता-पिता रखे मासूम का ध्यान

डॉ दिग्विजय सिंह ने बताया कि सभी माता पिता और परिवारजन इस बात का हमेशा ख्याल रखें की छोटे बच्चों का आसपास कोई भी छोटे वस्तुयें जैसे सिक्का, बैटरी, बटन, बीज, थर्मोकोल जैसी चीज ना हो। बच्चे यदि इसे खा ले या फिर श्वास नली में चला जाए तो ये बच्चे के लिए घातक हो सकता है।

# कुनकुरी के हर्राडांड़ में 18.20 एकड़ भूमि कलेक्टर ने की आबंटित

### बिजली आपूर्ति में बाधा और लो वोल्टेज की समस्या से मिलेगी मुक्ति





पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर जिले में 400 केव्ही विद्युत सब स्टेशन स्थापित करने का रास्ता साफ हो गया है। सब स्टेशन स्थापित करने के लिए कुनकुरी ब्लाक के हर्राडांड़ में 18.20 एकड़ भूमि राज्य विद्युत वितरण कंपनी को कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने आबंटित कर दिया है। विद्युत विभाग के डीई एन आर भगत ने बताया कि इस सब स्टेशन के बन जाने से जिले में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में आमूलचूल सुधार आएगा। उन्होनें बताया कि फिलहाल जिले में 132 केव्ही लाइन में बिजली की आपूर्ति बिलासपुर स्थित सब स्टेशन से होती है। दूरी अधिक होने के कारण तकनीकि समस्या आती रहती है। जिससे विद्युत आपूर्ति बाधित होती है। कई बार लो वोल्टेज की समस्या का सामना भी करना पड़ता है। उन्होनें बताया कि इस सब स्टेशन का निर्माण कार्य पूरा हो जाने से ये सारी समस्याएं बीते दिनों की बात हो जाएगी और उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। इसके साथ ही पड़ोसी राज्य झारखंड को होने वाली बिजली आपूर्ति भी सुचारू और बेहतर हो सकेगी। जिले में सब स्टेशन बन जाने से झारखंड जाने वाली ट्रांसमिशन लाइन की गुणवत्ता में सुधार आ सकेगा। जिससे वहां के उपभोक्ताओं को भी राहत मिलेगी। उल्लेखनिय है कि जिले में बुनियादी सुविधा पानी, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा और सड़क में सुधार लाने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली छत्तीसगढ़ सरकार तेजी से काम कर रही है।

### विद्युत व्यवस्था दुरस्त करने जिले में स्थापित हुए 176 नए अतिरिक्त ट्रांसफार्मर

आदिवासी बाहुल्य जशपुर जिले में विद्युत वितरण व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जिला प्रशासन तेजी से काम कर रही है। डीई भगत ने बताया कि जिले में विद्युत व्यवस्था को सुधार के लिए जिले को अतिरिक्त 274 ट्रांसफार्मर की स्वीकृति मिली हैं। इनमें से 176 ट्रांसफार्मर को लगाया जा चुका है। बिजली व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए लाइन और ट्रांसफार्मर को मेन्टेनेंस पर जोर दिया जा रहा है। खराब मौसम सहित अन्य कारणों से फाल्ट आने पर विद्युतकर्मी तत्काल इसमें सुधार के लिए पहल करते हैं। इसके लिए विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों को अर्ल्ट रखा गया है। साथ कर्मचारियों की संख्या भी बढ़ाई जा रही है।

## जनसमस्या निवारण शिविरों में मिल रहे आवेदनों को निराकृत करने बनाएं प्रभावी व्यवस्था : अरुण साव



पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने विभागीय अधिकारियों के साथ प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में 27 जुलाई से शुरू हुए जनसमस्या निवारण पखवाड़ा की समीक्षा की। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में सभी नगर निगमों के आयुक्तों तथा नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को जनसमस्या निवारण शिविरों में मिल रहे आवेदनों को निराकृत करने प्रभावी व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने नगरीय निकायों के सभी विभागों के अधिकारियों को जन अपेक्षाओं के अनुरूप काम करने को कहा। उन्होंने शहरों की समस्याओं के निदान और जन सुविधाएं विकसित करने के लिए व्यापक हित में योजना बनाने के निर्देश दिए। नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. और संचालक कुंदन कुमार भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बैठक में जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के तहत आयोजित वार्डवार शिविरों के सुचारु संचालन के निर्देश दिए।

## जनसमस्या निवारण शिविर में 104 आवेदनों का त्वरित निराकरण

### विधायक इंद्रकुमार साहू, कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, एसएसपी संतोष सिंह हुए शिविर में शामिल



पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

अभनपुर ब्लॉक के ग्राम पलौद में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें ग्रामीण अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे और उनकी समस्याओं को दर्ज करने के बाद निराकरण किया गया। शिविर में विधायक इंद्रकुमार साहू, कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह व एसएसपी संतोष सिंह शिविर में शामिल हुए और उन्होंने हितग्राहियों को मछली जाल व आइस बॉक्स का वितरण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। पलौद के जनसमस्या निवारण शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए। जहां पर विभागीय अधिकारी व कर्मचारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर आवेदन के माध्यम से प्रकरण दर्ज किया। इस दौरान 104 आवेदनों का निराकरण किया गया। इसमें 4 शिकायत के मामलों का भी निराकरण हुआ। जनसमस्या निवारण शिविर में ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, राशन कार्ड, उज्जवला गैस योजना समेत विभिन्न प्रकार आवेदन प्राप्त हुए गए। अन्य आवेदनों का निराकरण करने के लिए संबंधित विभाग को भेज दी गई है।

## विश्व आदिवासी दिवस पर सम्मानित होंगी विशिष्ट विभूतिया

**रायपुर।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर 09 अगस्त को राजधानी में जनजाति समाज की विशिष्ट विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा। जनजाति समाज की विभूतियां जिन्होंने शैक्षणिक, सामाजिक, समाज सेवा, सांस्कृतिक, पर्यावरण संरक्षण, ट्राइबल आर्ट, खेल-कूद, कृषि और चिकित्सा के क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धियां हासिल की है उन्हें सम्मानित किया जाएगा। इच्छुक व्यक्ति, अपने नाम, विशिष्ट उपलब्धि, बायोडाटा, मोबाईल नंबर, जिले आदि की विस्तृत जानकारी के साथ कलेक्टर कार्यालय के आदिवासी विकास शाखा कक्ष क्रमांक-40 में 02 अगस्त तक जमा कर सकते हैं।










सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403